ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण शुक्ल पक्ष 09 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 26 जुलाई 2023 • वर्ष-29 • अंक-280 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

'आइना' में काम करते हुए फ्रेशर जैसा ... पेज 10 पर

झारखंड के 21 जिलों में सामान्य से कम बारिश

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड को मानसून ने इस बार फिर से दगा दे दिया है। राज्य के 21 जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई है, जिससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है। राज्य से मानसून की बेरुखी का असर यह है कि 24 जुलाई तक राज्य में 434.7 एमएम की जगह मात्र 236.3 एमएम वर्षा हुई है, जो सामान्य से 46 प्रतिशत कम है। पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक वर्षा 36 एमएम बोकारो में रिकॉर्ड किया गया है जबकि अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेसि. गोड्डा का रहा है। राज्य में सामान्य से कम वर्षा होने के कारण 12.79 प्रतिशत ही धान की रोपनी हो पाई है। रांची मौसम केंद्र के प्रभारी निदेशक अभिषेक आनंद ने कहा है कि अभी मानसूनी टर्फ लाइन झारखंड के दक्षिण में ओडिशा के ऊपर से गुजर रही है। इसी वजह से झारखंड में मानसून की स्थिति अभी कमजोर है।अभिषेक आनंद ने बताया कि पश्चिमी मध्य और उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में साइक्लोनिक सकुर्लेशन बन रहा है, जो लो प्रेशर में तब्दील होगा। इसके प्रभाव से 28 जुलाई से राज्य में अच्छी मानसूनी वर्षा की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि 26 और 27 जुलाई को राज्य में कुछ स्थानों पर और 28 जुलाई को कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हो सकती है।

उन्होंने बताया कि दक्षिणी और मध्य झारखंड में हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होगी। राज्य के शेष भाग में हल्की वर्षा होने की बात कही। मौसम केंद्र के अनुसार 28 जुलाई से एक बार फिर मानसूनी गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है। मौसम केंद्र के अनुसार राज्य में 24 में से सिर्फ तीन जिले गोड्डा, सिमडेगा और साहिबगंज में सामान्य वर्षा हुई है जबकि रांची सहित बाकी के 21 जिलों में सामान्य से कम वर्षा रिकॉर्ड किया गया है। ऐसे नौ जिले हैं, जहां वर्षापात की कमी 50 प्रतिशत से भी अधिक है। इनमें चतरा (76%), धनबाद (66 %), गिरिडीह (7%), हजारीबाग (55 %), जामताड़ा (68%), कोडरमा (55%), लातेहार (58%), लोहरदगा (61 %) और सरायकेला खरसावां (52 %)। कृषि निदेशालय से प्राप्त आकंड़ों के अनुसार राज्य में जुलाई महीने में 319.4 मिमि. वर्षा की जगह मात्र 122.3 मिमि. वर्षा हुई है, जो सिर्फ 38.28 प्रतिशत है। जुलाई महीने में सामान्य से लगभग 61.72 प्रतिशत कम बारिश हुई है। जुलाई महीने में बेहद कम वर्षापात का प्रभाव खेती पर साफ दिख रहा है। राज्य में 18 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में धानरोपनी का लक्ष्य निर्धारित है, जिसमें से 24 जुलाई तक महज 02 लाख 30 हजार 143 हेक्टेयर (12.79 प्रतिशत) में ही धान का आच्छादन हुआ है।

झारखंड में नेता प्रतिपक्ष के मामले पर हाईकोर्ट में बहस

रांची। झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद रिक्त रहने से जुड़े मामले पर मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की बेंच में सुनवाई हुई। विधानसभा की ओर से अदालत में शपथ पत्र दायर कर बताया गया है कि नेता प्रतिपक्ष और किसी सदस्य के दल-बदल के मामले में निर्णय का अधिकार स्पीकर और उनके ट्रिब्यूनल का है। इस मामले में हाईकोर्ट की ओर से उन्हें निर्देशित नहीं किया जा सकता है। विधानसभा और राज्य सरकार की ओर से बहस करते हुए सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 212 (1) (2) के अनुसार विधानसभा स्पीकर का स्वतंत्र क्षेत्राधिकार है और उनके ट्रिब्यूनल की कार्यवाही में अदालत की ओर से किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। सिब्बल ने झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के मसले का जिक्र करते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी भाजपा की ओर से इस पद के लिए जिस बाबूलाल मरांडी का नाम दिया गया है, वह न तो भाजपा की ओर से विधायक का चुनाव लड़े और न ही इस पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर जीतकर विधानसभा पहुंचे। सिब्बल ने कहा कि बाबूलाल मरांडी झारखंड विकास मोर्चा की ओर से चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। बाद में झारखंड विकास मोर्चा के भाजपा में विलय की बात कही गई, लेकिन यह मर्जर विवादास्पद है। इसे लेकर विधानसभा स्पीकर के ट्रिब्यूनल में मामला चल रहा है और उनका इसपर कोई निर्णय नहीं आया है।

पलामू में मां ने बेटे की हत्या की

पहले रॉड से पीटा, फिर गला दबाया

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू के छतरपुर में एक मां ने पहले अपने सौतेले बेटे की रॉड से पिटाई की, फिर गला दबा कर हत्या कर दी। घटना के बाद मां ने बेटे के शव को गड्ढे में फेंक दिया। पुलिस ने बेटे की हत्या करने वाली सौतेली मां को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र के मनहो गांव की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दरअसल मनहो के रहने वाले लालमोहन यादव ने कुछ वर्ष पहले दूसरी शादी की थी। पहली पत्नी से दो बेटे थे, जबकि दूसरी पत्नी से दो बेटियां हैं। दूसरी पत्नी अक्सर पहली पत्नी के बेटे विवेक और उसके भाई को प्रताड़ित करते रहती थी। सोमवार की रात काजल देवी का सौतेले बेटों के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। बहस के बाद काजल देवी ने लोहे के रॉड से 12 वर्षीय विवेक की पिटाई की, इस पिटाई में विवेक गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। बाद में काजल देवी ने विवेक की गला दबाकर हत्या कर डाली। हत्या के बाद काजल देवी ने शव को घर से कुछ दूर पानी के गड्ढे में फेंक दिया था। विवेक के छोटे भाई ने मामले की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों को दी। स्थानीय ग्रामीणों ने पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया कि सौतेली मां ने ही विवेक कुमार की हत्या की है, पुलिस ने घटनास्थल से खून से सना हुआ गमछा एवं विवेक के कपड़े को बरामद किया है। हत्या की आरोपी सौतेली मां से पूछताछ जारी है।

NEWS इन ब्रीफ

पलामू डीसी बने शशि रंजन, ए.दोड्डे बने दुमका के उपायुक्त

मेदिनीनगर। झारखंड में बड़े पैमाने पर आईएएस अधिकारियों का तबादला हुआ है। एक साथ दर्जनों जिलों के उपायुक्त बदले गये हैं।खूंटी में तैनात शशि रंजन पलामू डीसी बने हैं। वही पुर्व डीसी ए दोड्डे दुमका के डीसी बने हैं। उन्होंने मंगलवार और शुक्रवार को जनता दरबार लगाकर सैकड़ों लोगों की समस्याओं को हल किया है।

सत्ता-विपक्ष की बैठक 27 को

रांची। झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से शुरू हो रहा है। इसके मद्देनजर 27 तारीख को सत्ता पक्ष और विपक्षी दल की बैठक बुलाई गयी है। इस बार मानसून सत्र में कई मुद्दों पर विपक्षी दल सरकार से जवाब मांगेगा। भाजपा इस बार कई मुद्दों को विधानसभा में उठाने की तैयारी कर रही है। बांग्लादेशियों के झारखंड में घुसपैठ का मुद्दा जोर-शोर से गुंजेगा।

हाई कोर्ट ने जेटेट परीक्षा मामले में सरकार से 18 अगस्त तक मांगा जवाब

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में झारखंड सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ की ओर से दायर जनहित याचिका मामले में राज्य सरकार के अधिवक्ता को झारखंड सरकार से इंस्ट्रक्शन लेने का निर्देश दिया। कोर्ट ने इस संदर्भ में 18 अगस्त तक राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 18 अगस्त को होगी। कोर्ट ने इस मामले में झारखंड सरकार से पूछा कि क्या वर्ष 2016 के बाद से अब तक टेट परीक्षा नहीं ली है तो ऐसे में 23 अगस्त 2010 के एनसीटीई की गाइड लाइन में प्रावधान है कि अगर राज्य सरकार टेट परीक्षा नहीं लेती है तो दूसरे राज्य या केंद्र सरकार से टेट पास अभ्यर्थियों को शिक्षक नियुक्ति में कंसीडर किया जाएगा।

एटीएस में 11 सब-इंस्पेक्टर और छह एएसआई पदस्थापित

रांची। डीजीपी के आदेश पर आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) में विभिन्न जिलों के 11 सब-इंस्पेक्टर और छह एएसआई को पदस्थापित किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना डीआईजी कार्मिक की ओर से जारी कर दी गई है। संबंधित जिले के एसपी को निर्देश दिया गया है कि इन पुलिस पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से विरमित करते हुए पुलिस मुख्यालय को अवगत कराएं। इन 11 सब-इंस्पेक्टर में अभिषेक कुमार सिंह, प्रेमलता कुमारी, रोहित कुमार कालिंदी, संदीप बाधवार, रंजीत कुमार लिंडा, विरेंद्र कुमार रविदास,अमृत प्रताप टेटे,रोशन बारा,अरविंद रविदास,मंगल हेंब्रम और समीर भगत शामिल है।

पलामू में सनकी सेना के जवान ने चार को तलवार से काटा

वार्ड डीलर की मौत, तीन गंभीर, घटना के पीछे जमीन विवाद

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पड़वा थाना क्षेत्र के कजरी पंचायत अंतर्गत गोल्हना गांव में एक बीएसएफ जवान ने पूर्व मुखिया दंपति एवं उनके परिवार पर तलवार से अचानक हमला कर दिया। इस घटना में कजरी के पूर्व मुखिया पति सत्यदेव तिवारी की मौत हो गई। जबकि उनकी पत्नी सोनमति देवी गंभीर हैं। हमले में पूर्व मुखिया की भवह रागिनी देवी पति रामाकांत तिवारी एवं सुनील तिवारी भी जख्मी हुए हैं। पूर्व मुखिया सोनमति एवं अन्य जख्मी को बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। सोनमति देवी की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद से आरोपी बीएसएफ जवान रूपेश तिवारी उर्फ उनील फरार था। लेकिन पलामू पुलिस के द्वारा उसे पकड़ लिया गया है। बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर एक से दो बजे के बीच अचानक बीएसएफ जवान रूपेश पूर्व मुखिया के घर में घुस आया और तलवार से हमला बोल दिया। सामने जो भी आया उस पर वार करता गया। पूर्व मुखिया सत्यदेव तिवारी पर कई बार वार करने के कारण वे गंभीर हो गये। इसी क्रम में उनकी पत्नी सोनमति पर भी तलवार से वार किया। सिर के अलावा शरीर के अन्य हिस्सों को बुरी तरह से जख्मी कर दिया। बीएसएफ जवान ने पूर्व मुखिया की भवह रागिनी पर भी हमला बोला और उसे भी जख्मी किया। इसी क्रम में सुनील तिवारी पर भी वार किया। बीएसएफ जवान जिस तरह से हमला कर रहा था, उससे लगता था कि उसके सिर पर खून सवार है। पूर्व मुखिया सत्यदेव के जो भी रिश्तेदार मिले, उसको उसने टारगेट किया। घटना के बाद किसी तरह आनन फानन में स्थानीय लोगों ने पूर्व मुखिया उनकी पत्नी एवं अन्य को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में लाया। हालांकि रास्ते में ही पूर्व मुखिया सत्यदेव की मौत हो गई। एमआरएमसीएच में उन्हें मृत घोषित किया गया। अस्पताल में कई घंटे तक चीख पुकार मची रही। परिजनों के रोने बिलखने से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया है। सूचना मिलने पर पड़वा पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना के पीछे जमीन विवाद बताया जा रहा है। इधर सूचना मिली है कि घटना के क्रम में आरोपी बीएसएफ जवान ने पूर्व मुखिया का घर भी जलाने का प्रयास किया।

कैबिनेट की बैठक में 29 प्रस्तावों पर लगी मुहर

पांच पूर्व मंत्रियों की संपत्ति की जांच को मिली स्वीकृति

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्य कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई। बैठक में 29 प्रस्तावों पर मुहर लगी। रघुवर सरकार में मंत्री रहे अमर कुमार बाउरी, रणधीर कुमार सिंह, नीरा यादव, लुइस मरांडी और नीलकंठ सिंह मुंडा पर आय से अधिक संपत्ति के मामले में जांच करने के निर्देश दिए गए। डालटनगंज निवासी पंकज कुमार यादव ने पूर्व सरकार के इन मंत्रियों के खिलाफ झारखंड हाई कोर्ट ने 2020 में पीआईएल दायर किया था और आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की जांच का अनुरोध किया था। पूर्व की सरकार के इन मंत्रियों के विरुद्ध धनार्जन से संबंधित जांच एसीबी द्वारा किया गया। एसीबी ने राज्य सरकार से पूर्व मंत्रियों के विरुद्ध पीई दर्ज करने की अनुमति मांगी थी, जिसके आलोक में मंत्रिपरिषद ने यह फैसला लिया है। राज्य के सरकारी सेवा में कार्यरत और सेवानिवृत्त कर्मियों को पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जायेगा। इन कर्मियों को मिलने वाले मेडिकल भत्ता के रूप में दिए जाने वाले 1000 रुपये को सरकार ने अब 500 रुपये कर दिया है। नए प्रावधानों के तहत अब सरकारी कर्मियों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

कैबिनेट के अन्य फैसले

- कैबिनेट की बैठक में झारखंड निर्यात नीति 2023 की मंजूरी दी गई। इसके तहत यह नीति पांच वर्ष तक लागू होगी और इसका मुख्य उद्देश्य झारखंड में उत्पादित सामान का कम से कम पांच फीसदी निर्यात करने का लक्ष्य रखा गया।
- झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के निदेशक मंडल में मनोनीत निदेशक की नियुक्ति की जायेगी। भारत सरकार के निर्देश के अनुसार वैसी कंपनी जो 1000 करोड़ रुपये तक का लोन ले रखी है उसमें निदेशक मनोनीत रखना आवश्यक होगा।
- संविदा पर कार्यरत महिला कर्मियों को भी 180 दिन का मातृत्व अवकाश मिलेगा।
- निजी क्षेत्र में एक पौधा लगाने पर पांच यूनिट बिजली फ्री दी जायेगी। अधिकतम पांच पौधे लगा सकते हैं और प्रत्येक वृक्ष में पांच-पांच यूनिट पांच साल तक फ्री होगी।
- कैबिनेट ने पुरानी पेंशन योजना का लाभ प्राप्त करने वाले कर्मियों के लिए एनपीएस से ओपीएस का लाभ प्राप्त करने के लिए दिशा निर्देश की मंजूरी दी है।

साइबर क्रिमिनल्स के कुरियर बॉयज गिरफ्तार, ऑटो चालक बन छिपे थे रांची में

रांची। रांची पुलिस साइबर अपराधियों के लिए कुरियर गिरोह के तीन सदस्यों को धर दबोचा है। गिरफ्तार तीनों अपराधी साइबर क्रिमिनल्स के लिए बैंकों से पैसा निकालने का काम करते थे। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में एटीएम पासबुक और मोबाइल बरामद किया है।

नालंदा से जुड़ा है गिरोह : बिहार का नालंदा जिला साइबर क्रिमिनल्स का गढ़ बनता जा रहा है। नालंदा के साइबर अपराधी अब ठगी के पैसे बैंकों से निकालने के लिए बकायदा टीम बनाकर उन्हें दूसरे शहरों में रख रहे हैं ताकि पैसा निकासी के समय कोई दिक्कत ना हो और ना ही पुलिस की नजर उन पर पड़े। रांची एसएसपी को मिली सूचना के आधार पर नक्सलियों के कुरियर के तौर पर काम करने वाले तीन अपराधियों को रांची के खेल गांव इलाके से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

संगठित आपराधिक गिरोहों के सदस्य चिन्हित

रांची। झारखंड एटीएस ने एक सप्ताह में राज्यभर में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोहों पर नकेल कसने की दिशा में बड़ी कार्रवाई की है। राज्य पुलिस मुख्यालय में मीडिया को इस संबंध में जानकारी देते हुए आईजी अभियान अमोल वी होमकर व एटीएस एसपी सुरेंद्र कुमार झा ने बताया कि जेल में बंद अमन साव, अमन सिंह, अमन श्रीवास्तव, धनबाद से विदेश भागे प्रिंस खान, रांची के लवकुश शर्मा, कालू लामा (मृत), रामगढ़ जिले के पांडेय गिरोह, जेल में बंद विकास तिवारी, जमशेदपुर के अखिलेश सिंह, पलामू के डब्लू सिंह गिरोह के सदस्यों को चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है।

खूंटी में बैंक व जरूरतमंदों के बीच सेतु का काम कर रहीं बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट सखी

खूंटी। बैंकिंग सेवा के क्षेत्र में कॉरेस्पॉन्डेंट सखी या बीसीएस महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। गांवों में बैंकों वाली दीदी के रूप में जानी जाने वाली बीसीएस बैंकों और ग्रामीणों के बीच सेतु का काम कर रही हैं। दूर-दराज के क्षेत्रों में अपनी विविध सेवाओं के साथ, वे पूरे पंचायत में घर-घर जाकर बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रही हैं। बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट सखी न सिर्फ गांव के लोगों को बैंकिंग सेवा मुहैया करा रही है, बल्कि बीमा सहित अन्य सुविधा भी उपलब्ध करा रही हैं। ये झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशनल सोसायटी (जेएसएलपीएस) के तहत हर पंचायत में कार्यरत हैं। उग्रवाद प्रभावित रनिया प्रखंड ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

सरकारी कर्मियों को मान-सम्मान देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

रांची। झारखंड मंत्रालय का माहौल मंगलवार को बदला-बदला था। एक तरफ ढोल- नगाड़े बज रहे थे तो दूसरी तरफ अबीर-गुलाल उड़ रहे थे। सरकारी कर्मियों का उमंग उत्साह और खुशी चरम पर था। आखिर हो भी क्यों ना। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में पुरानी पेंशन योजना का लाभ लेने की प्रक्रिया से संबंधित दिशा-निर्देशों से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी जो मिली थी। इस अवसर पर झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एम्प्लाइज फेडरेशन ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया और आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी कर्मियों को पूरे मान-सम्मान के साथ बेहतर माहौल में काम करने का मौका मिले, इसके लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस दिशा में उनकी जायज मांगों को पूरा करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहे हैं।

टालमटोल 66 खतरनाक कीटनाशकों पर बैन लगाने की है मांग, विलंब से सुप्रीम कोर्ट नाराज

अनुपम वर्मा कमेटी ने 66 में से 13 कीटनाशक को पूरी तरह से बैन करने के लिए कहा था

-ब्यूरो

नई दिल्ली। आदमी के स्वास्थ्य से लगायत पशु-पक्षी व पर्यावरण तक के लिए बहुत ही नुकसान दायक व खतरनाक कीटनाशकों को बैन करने के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर की है। इस मामले पर कमेटी बनाया जाता रहा है, लेकिन किसी भी कमेटी की सिफारिश को लागू नहीं हो पायी है। इसको देखकर भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ नाराज हो गए। मुख्य न्यायाधीश ने खुली अदालत में कहा कि जब तक फैसला आपके (सरकार के)मनमाफिक नहीं आ जाएगा, तब तक कमेटी पर कमेटी बनाते रहेंगे क्या? उनका कहना था कि केंद्र पहले की कमेटियों की सिफारिशों पर अमल क्यों नहीं कर रहा है। केंद्र ने पहले 27 कीटनाशकों को ड्राफ्ट नोटिफिकेशन में बैन करने के लिए शामिल किया था। लेकिन जो फाइनल ड्राफ्ट बना उसमें केवल 3 कीटनाशक ही शामिल किए गए। जबकि दिसंबर 2015 में बनी अनुपम वर्मा कमेटी ने 66 में से 13 कीटनाशक को पूरी तरह से बैन करने के लिए कहा था। कीटनाशक इंडस्ट्री ने रिपोर्ट पर आपत्ति जताई तो केंद्र ने 2017 में एसके मल्होत्रा कमेटी का गठन कर दिया। कमेटी ने 2018 में दी रिपोर्ट में कहा कि 27 कीटनाशक पर प्रतिबंध लगाए जाने की तुरंत जरूरत है। केंद्र ने इस कमेटी के फैसले पर भी अमल नहीं किया। उसने बीते साल टीपी राजेंद्रन कमेटी बना दी। पिछली सुनवाई में भारत के मुख्य न्यायाधीश ने केंद्र से पूछा था कि पिछली दो कमेटियों की रिपोर्ट को वो सर्वोच्च न्यायालय में दाखिल करे। वो बताए कि सिफारिश के बावजूद भी केवल 3 कीटनाशक क्यों बैन किए गए। आज की सुनवाई में सीजेआई के नाराज थे। उन्होंने केंद्र की तरफ से पेश वकील से कहा कि जब तक आपके मुताबिक फैसला नहीं आ जाएगा तब तक कमेटी बनाते रहेंगे। उनका सवाल था कि केंद्र ने टीपी राजेंद्रन कमेटी का गठन क्यों किया है। वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि केंद्र का रवैया टालने वाला है। हालांकि केन्द्र के वकील एडिशनल सॉलिसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी ने फैसले का बचाव करते हुए कहा कि हम कोई भी फैसला लेने से पहले सुनिश्चित कर लेना चाहते हैं कि उसमें कोई मीन मेख न निकाल सके। इसी वजह से कमेटी के बाद कमेटी बनाकर ये देखा जा रहा है कि कीटनाशक पर बैन ठीक भी है या नहीं।

झारखंड : जिनके पास है ऊंची डिग्रियां उन्हें नहीं मिल पाएंगी छोटी नौकरियां!

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में जिन लोगों के पास ऊंची डिग्रियां हैं, वे निचले स्तर की सरकारी नौकरियों के लिए अप्लाई नहीं कर पाएंगे। राज्य में जेएसएससी (झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन) की परीक्षाओं की जो मौजूदा नियमावली है, उसमें इस तरह के संशोधन का ड्राफ्ट राज्य सरकार के कार्मिक विभाग ने तैयार किया है। विभाग की दलील है कि जिन नौकरियों के लिए मैट्रिक की अर्हता निर्धारित है, उसकी परीक्षाओं के लिए मैट्रिक से ऊपर की शैक्षणिक योग्यता यानी इंटर, ग्रैजुएट, पोस्ट ग्रैजुएट भी बड़ी संख्या में आवेदन कर देते हैं। ऐसी स्थिति में मात्र मैट्रिक पास अभ्यर्थियों का हक मारा जाता है। झारखंड में सरकारी कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए परीक्षाएं आयोजित करने की जिम्मेदारी जेएसएससी की है। कार्मिक विभाग ने जेएसएससी परीक्षाओं की नियमावली में बदलाव का प्रस्ताव तैयार कर राज्य के मुख्य सचिव के पास विचारार्थ भेजा है। अगर इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिल जाती है और इसे अधिसूचित कर दिया जाता है तो फिर मैट्रिक स्तर की परीक्षाओं के लिए इंटर, स्नातक या अन्य तरह की उच्च शिक्षा प्राप्त छात्र-युवा आवेदन नहीं कर पाएंगे। राज्य में तृतीय और चतुर्थ वर्ग के पदों पर ऊंची डिग्रियों वाले सैकड़ों लोग कार्यरत हैं। पीजी, बीटेक और पीएचडी डिग्री होल्डर भी कई छोटी सरकारी नौकरियों में काबिज हैं। तीसरे-चौथे दर्जे की नौकरियों की वैकेंसी निकलने पर उच्च शिक्षा प्राप्त लोग भी बड़ी तादाद में परीक्षा में शामिल होते हैं। कई विभाग और दफ्तर ऐसे हैं, जहां मैट्रिक पास सहायक के अधीन उच्च शिक्षा की डिग्री वाले भी काम कर रहे हैं। इससे कामकाज में असहज स्थिति पैदा होती है। हालांकि यह तय माना जा रहा है कि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

मुहर्रम सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील

हुसैनाबाद। मुस्लिम धर्मावलंबियों का पर्व मुहर्रम के दौरान शांति, भाईचारा व विधि-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए देवरी ओपी परिसर में ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन पंचायत समिति सदस्य अजित कुमार सिंह ने किया। मौके पर उपस्थित जिला परिषद सदस्य राजू मेहता ने कहा कि मुहर्रम इस्लाम धर्म का पवित्र त्योहार है। मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो इस पर बैठक में लोगों ने पुलिस गश्ती करने तथा असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने सहित कई सुझाव दिए। मौके पर देवरी कला मुखिया मनोज भारती,समाजसेवी रमाशंकर चौधरी, इरफान खान, आरुज खान,पंसस राजवंश यादव, रमेश चंद्र मेहता समेत कई प्रबुद्ध गण मौजूद थे।

आपातकाल में सरकार को अच्छी पहल लेने की जरूरत

जिले में 344.7 मिलीमीटर 130 एमएम बारिश, धान की रोपनी शून्य

नवीन मेल संवाददाता

मनातू। वर्ष 2022 - 23 मे अत्यंत कम वर्षा के कारण खरीफ एवं रबी फसलों के उत्पादन पर बहुत ही बुरा असर पड़ा है। परिणाम स्वरूप झारखंड सरकार द्वारा संपूर्ण पलामू जिले को सुखाड़ क्षेत्र घोषित किया गया था यद्यपि सुखाड़ प्रबंधन के नाम पर राज्य सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। कम वर्षा के कारण जलस्तर भी नीचे चला गया। जिले वासियों एवं प्रखंड वासियों के समक्ष पेयजल की घोर समस्या उत्पन्न हो गई है। वर्ष 2022 -23 के सूखे का दंश झेल रहे पलामू के किसान अभी तक उभर नहीं पाये हैं कि वर्तमान वर्ष में मानसून ने एक बार फिर धोखा दे दिया है। धान का बिजड़ा । करने का उचित समय आद्रा नक्षत्र है। आद्रा नक्षत्र समाप्त हुए 30 दिन हो गए परंतु जिले में अभी तक धान की रोपनी नहीं हो पाई है। निजी व्यवस्था में जिन लोगों ने धान का बिछड़ा लगाया है। वह अब सूख रहे हैं। वर्षा के आंकड़े भी बताते हैं। की पलामू जिले में वर्षापात की स्थिति अत्यंत ही भयावह है। जुलाई माह में 344.7 मिलीमीटर सामान्य वर्षा पात के विरुद्ध 21 जुलाई तक मात्र 130 मिलीमीटर ही बारिश हुई है। जबकि मनातू ,तरहसी, पाटन, पड़वा भवनाथपुर, चैनपुर, लेस्लीगंज, पांकी, सतबरवा, हरिहरगंज,पिपरा तथा ऐसे प्रखंड हैं जहां 85 मिली मीटर से भी कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। वर्षापात की धारा इतनी कमजोर है कि किसान अपनी कई फसलें धान मक्का नहीं लगा पाये हैं। 51 हजार हेक्टेयर धान की खेती करने का लक्ष्य के विरुद्ध अच्छादन का प्रतिशत अभी तक शून्य है। बारिश के अभाव के कारण प्रखंड में दलहन की खेती 25 प्रतिशत तिलहन की खेती 21 प्रतिशत ही हो पाई है। केंद्र सरकार की ओर से झारखंड वासियों के लिए कोई पहल नहीं अभी तक की गई है। दूसरी तरफ जो राशन दिया जाता था वह भी महीनों से बंद कर दिया गया है। इससे असहाय लोग इस समय भुखमरी के शिकार हो रहे हैं।

दो गो तस्कर गिरफ्तार

पाटन। पाटन पुलिस ने गो वंशीय पशु लदा 407 वाहन के साथ दो पशु तस्कर को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी गुलशन कुमार ने गुप्त सूचना पर 407 पिकअप वाहन से 14 वाहन लदा पकड़ कर वाहन सहित पशु को जप्त थाना लाया तथा दो पशु तस्कर को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी गुलशन गौरव कुमार ने बताया की गो वंशीय पशु की अवैध कारोबारियों जो गो बध के लिये तस्करी में लिप्त है पाटन पुलिस विशेष चेकिंग अभियान चलाकर तस्करों को पकड़ने की अभियान चलाकर इसके पूर्व भी 42 मवेशी को जप्त कर दो गो तस्कर को जेल भेजा है। जप्त पशुओं को स्थानीय लोगों को बाउंड पर पालन पोषण करने के लिए गाय- बछड़ा दिया गया है। गो वंशीय पशु क्रूरता प्रतिशोध निवारण के तहत के तहत केश दर्ज किया गया।

दिव्यांग बच्ची के साथ युवक ने किया दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद के एक गांव में 15 वर्षीय दिव्यांग बच्ची के साथ 25 साल के युवक द्वारा घर में अकेला पाकर हैवानियत की हदें पार कर दुष्कर्म करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बच्ची की खून से लथपथ व दर्द से कराहती रही। उसके बाद भी वह रेप करने से बाज नहीं आया। बच्ची की हालत काफी नाजुक हैं। इस संबंध में बच्ची की मां ने मंगलवार को हुसैनाबाद थाना में रमेश पाल नामक आरोपी के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई हैं। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि वह मवेशी चराने गई थी,की शाम करीब चार बजे वह घर पहुंची तो आरोपी को भागते देखा और मेरी बच्ची खून से लथपथ चिल्ला रही थी। जब मैं शोर मचाई उस समय अगल बगल कोई नहीं था और आरोपी भागने में सफल रहा। जब सोमवार की शाम को घटना के बाल हुसैनाबाद थाना लेकर आ रहे थे,तो आरोपी ने रास्ते में रोककर कहा कि तुम इसकी जानकारी थाना को देगी, तो तुमको और बच्ची को जान से मार देंगें। इस डर से वह घर लौट गई। बच्ची खून से लथपथ रातभर दर्द से चिल्लाती रही। सुबह में ग्रामीणों के साथवह हुसैनाबाद थाना पहुंच कर लिखित शिकायत की। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर थाना ले आई। वहीं बच्ची को मेडिकल चेकअप के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि पोकसो एक्ट के तहत केस पंजीकृत कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

वर्षा नहीं होने के कारण अकाल की भयावह स्थिति उत्पन्न : महादेव

नावा बाजार। नावा बाजार भाजपा मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि प्रखंड क्षेत्र में वर्षा नहीं होने के कारण क्षेत्र में अकाल की भयावह स्थिति उत्पन्न हो गई है किसान महंगे दामों पर खाद बीज खरीद कर खेती-बाड़ी कर फसल बुनाई किये थे। पर वर्षा नहीं होने से खेतों में दरारे पड़ गई साथ ही बीज सूखने लगे। अकाल की स्थिति पर झारखंड सरकार के रवैये से किसान उदासीनता महसूस कर रहे है ।राज्य सरकार द्वारा अनुदानित मूल्य पर पैक्स में मिलने वाला खाद बीज भी किसानों को मुहैया नहीं कराया गया। जिससे किसान दुकान से महंगी दामों पर खरीद कर खेती प्रारंभ क्ये थे। किसानों के हित में केंद्र सरकार किसान सम्मान निधि के 14वां किस्त भुगतान कर मील का पत्थर साबित की है। क्षेत्र के मजदूर बाहर पलायन करने पर मजबूर हैं। राज्य सरकार को पलामू प्रमंडल को सूखा घोषित कर किसानों को लाभ पहुंचाने की पहल करनी चाहिए।

सतबरवा में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

सतबरवा। थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक मंगलवार को की गई। जिसकी अध्यक्षता सतबरवा बीडीओ राजकिशोर प्रसाद ने की ,जबकि संचालन थाना प्रभारी अमीत कुमार सोनी ने किया। बीडीओ राजकिशोर प्रसाद ने शांतिपूर्वक मुहर्रम मनाने का निवेदन करते हुए कहा कि वर्ष में एक बार मुहर्रम जैसा पर्व आता है। इसे शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। किसी प्रकार की परेशानी होंने पर प्रशासन से तुरंत संपर्क करें। बैठक में लोगों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी अमीत कुमार सोनी ने सभी अखाड़ेदारों से एक ,एक करके मुहर्रम के रूट चाट के बारे में जानकारी ली तथा सभी समस्याओं से रु - ब - रु हुए। सोनी ने कहा कि ईश्वर हो या अल्लाह सभी एक हैं। इसलिए एक दूसरे का मान सम्मान पूर्वक पर्व को मानना चाहिए। शांति व्यवस्था भंग करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव , भाजपा पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मोहन जोशी, समाजिक कार्यकर्ता,आशिष कुमार सिन्हा, अजय उरांव, धीरज प्रसाद, ज्योति कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, वसिम अहमद, मोहम्मद रबानी, दिनेश पासवान ,रहीश अंसारी ,मोहम्मद जलिल,मोहम्मद हदीस ,जुबैर अंसारी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

पांडू थाना परिसर में की गई शांति समिति की बैठक

पांडू। थाना परिसर में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता पांडू प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने की एवं संचालन पांडू थाना प्रभारी पवन कुमार यादव ने किया। मौके पर उपस्थित पांडू, मुसीखाप, कुंडवा, तीसीबार, मुरुमातु, नेवरी, गगनकेड़ी, आदि गांव की ताजिया कमेटी एंव अखाड़ा कमिटी से लाइसेंस एंव आवेदन जमा कराते हुए कई दिशानिर्देश दिए गये। मौके पर उपस्थित थाना प्रभारी पवन कुमार ने लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि उपद्रव फैलाने एवं सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर पांडू पुलिस की पैनी नजर बनी रहेगी। आगे उन्होंने हिदायत दी कि कोई भी कमिटी वाले तेज आवाज में बाजा नहीं बजाएंगे। बाजा बजाने का एक निश्चित समय हो। बेवजह दिनभर या देर रात तक बाजा बजाकर औरों को परेशान ना करें।

रेहला थाना में शांति समिति की बैठक

सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम जुलूस निकालने का निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। रेहला थाना परिसर में मुहर्रम पर्व को लेकर आज शांति समिति की बैठक हुई । बैठक की अध्यक्षता बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम और संचालन प्रो.नंदलाल शुक्ला ने किया ।बैठक में दोनों समुदाय के गणमान्य लोगों ने शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम पर्व को मनाने का निर्णय लिया। बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम ने कहा कि मिलजुल कर पर्व त्यौहार मनाने से उसका महत्व और बढ़ जाता है। इसलिए आपसी भाईचारे के बीच ही मुहर्रम का जुलूस निकालें । सीओ विक्रम आनंद ने मुहर्रम पर्व के दौरान अमन शांति कायम रखने में सभी से सहयोग करने का अनुरोध किया ।थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने स्पष्ट तौर पर कहा कि पहले से जो रूट तय है,उसमें किसी तरह का फेरबदल नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि को तय रूट से स-समय जुलूस निकालने और समय पर उसका मिलान करते हुए समापन करने का प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर ध्यान नहीं दे। किसी भी तरह की सूचना को पुलिस के साथ साझा करें,ताकि उसपर समय रहते कार्रवाई किया जा सके ।वैसे पुलिस असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी ।शांति भंग करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा । बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, वरीय बसपा नेता गोपाल राम, मनौअर खान, नजमुद्दीन नूरी, मजदूर नेता मनोज शुक्ला, ब्रजराज चौबे, प्रो फरीद खान, गयासुद्दीन अंसारी, रामनवमी पूजा कमेटी के अध्यक्ष आलोक शुक्ला, मनोहर पासवान, मुखिया राधाकृष्ण साव,रविंद पांडेय, पूर्व मुखिया गणेश सिंह, भाजपा मंडलाध्यक्ष अमरेश तिवारी, अधिवक्ता सुधीर चौबे, डॉ बीपी शुक्ला, दिनेश शुक्ला, ज्वाला गुप्ता, एनामुल हक गुड्डू,मजमुदीन कादरी सहित दोनो समुदाय के कई लोग मौजूद थे।

राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता में पलामू के मासूम ग्रुप को मिले आठ पुरस्कार

सैकत को बेस्ट राइटर बेस्ट डायरेक्टर व बेस्ट एक्टर का पुरस्कार

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। धनबाद में काला हीरा द्वारा आयोजित अखिल भारतीय नाट्य प्रतियोगिता में पलामू की चर्चित कला संस्था मासूम आर्ट ग्रुप को कुल आठ पुरस्कार मिले हैं । संस्था के प्रवक्ता कामरूप सिन्हा ने बताया की धनबाद में आयोजित राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता में मासूम आर्ट ग्रुप द्वारा प्रस्तुत नाटक एक अजनबी को सर्वश्रेष्ठ नाटक का प्रथम पुरस्कार मिला। जबकि दूसरे स्थान पर उत्तरप्रदेश के शाहजहापुर की टीम रही और तृतीय पुरस्कार उड़ीसा को मिला । पलामू के रहने वाले झारखंड के चर्चित रंगकर्मी सैकत चटर्जी ने अकेले इस प्रतियोगिता में तीन पुरस्कार झटक कर सनसनी फैला दी। सैकत को नाटक एक अजनबी के लेखन के लिए सर्वश्रेष्ठ लेखक का प्रथम पुरस्कार मिला, निर्देशक का प्रथम पुरस्कार भी सैकत ने ही हासिल किया जबकि एक अजनबी नाटक में भूतनाथ के चरित्र में अभिनय के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का प्रथम पुरस्कार मिला। मुनमुन चक्रवर्ती को लायला बेगम की भूमिका निभाने के लिए श्रेष्ठ अभिनेत्री का द्वितीय पुरस्कार मिला, यादव जी के भूमिका निभाने वाले कमलकांत कुमार को श्रेष्ठ सह अभिनेता का द्वितीय पुरस्कार मिला। मासूम के जितेन दास को लाइटिंग का द्वितीय व अमर भांजा को मंच सज्जा का तृतीय पुरस्कार मिला। इसके अलावा सैकत चटर्जी को रंगकर्म के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए काला हीरा राष्ट्रीय सम्मान 2023 से भी सम्मानित किया गया। मैग के प्रवक्ता ने बताया की धनबाद जाने वाले टीम में उज्ज्वल सिन्हा, कनकलत तिर्की, स्वस्तिक अंकित, गिरेंद्र यादव व सिकंदर कुमार शामिल थे।

निर्माण कार्य पूर्ण होने से पहले ही दरक गयी तोलरा खेल चेंजिंग रूम की दीवार

प्रमुख ने कार्यस्थल निरीक्षण कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की

विश्रामपुर। पलामू जिला अंतर्गत विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा ग्राम पंचायत में बन रहे खेल चेंजिंग रूम का कार्य पूर्ण होने से पहले ही उसकी सभी दीवार दरक गयी और एक तरफ की दीवार गिर भी गयी। जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है। प्रमुख रंभा कुमारी को जब इसकी सूचना ग्रामीणों से मिली तो उन्होंने स्वयं जाकर कार्यस्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उपप्रमुख सत्येंद्र नारायण सिंह,बीपीओ अरविंद सिंह सहित कई सम्बंधित लोग उपस्थित थे। घटिया निर्माण कार्य को देखने के बाद प्रमुख ने इसकी सूचना प्रखंड और जिले के सम्बंधित अधिकारियों को देते हुए जांचोपरांत दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम ने बताया कि एक लाख 52 हजार की लागत से उक्त खेल चेंजिंग रूम का निर्माण 15 वीं वित्त की राशि से कराया जा रहा था। करीब एक लाख रुपये की निकासी भी कर ली गयी है। उन्होंने कहा कि उक्त योजना कार्य की जांच की जायेगी। जो भी दोषी होंगे उनपर कार्रवाई भी होगी। किसी भी विकाश योजना की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा।

नव निर्मित प्रतिष्ठान का विधायक प्रतिनिधि ने फीता काट किया शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। मंगलवार को विश्रामपुर थाना मोड़ के समीप खुले नव निर्मित प्रतिष्ठान गरीब घर दवाई दुकान का विश्रामपुर प्रखंड विधायक प्रतिनिधी पंकज कुमार लाल ने फीता काट कर शुभारंभ किया। प्रतिनिधी श्री लाल ने आज के युवाओं से अपील करते हुए स्वरोजगार से जुड़ने की बात कही।वहीं दुकान के प्रोपराइटर राम राज ने कहा कि हमारे नव निर्मित प्रतिष्ठान में उचित मूल्य पर लोगो को दवाई दी जाएगी। वहीं क्वालिटी व क्वांटिटी में भी किसी तरह का कोई समझौता नहीं किया जाएगा।मौके पर विश्रामपुर थाना में पद स्थापित एएसआई राजकुमार चौधरी, पेंटर जिलानी, मुन्ना मेडिकल, धर्मेंद्र कुमार,र ाम राज, रितेश सिंह, माजमुदिं अंसारी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी रहीं।

झामुमो ने हिन्दू न्यास बोर्ड को सौंपा ज्ञापन

धार्मिक व पुरातात्विक स्थलों के सौंदर्यीकरण व पर्यटक स्थल बनाने की मांग

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के मोहम्मदगंज व हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक व संभावित पर्यटकों स्थलों के भ्रमण पर आये झारखंड हिन्दू न्यास बोर्ड के सदस्य को झामुमो के पलामू जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह ने ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा है कि पूर्व से घोषित पर्यटक स्थल हैदरनगर देवी धाम में प्रतिवर्ष दो बार लगने वाले नवरात्र मेला व अप्रत्याशित भक्तों व श्रद्धालुओं की भीड़ की अपेक्षा उनकी सुविधा व संसाधन नगन्य है। उन्होंने यहां सौंदर्यीकरण कर आवश्यक सुविधाएं बढ़ाने की मांग की है। वहीं इसी प्रखंड के कबरा कला को भारत सरकार व झारखंड सरकार ने पुरातात्विक स्थल घोषित किया है। इस गांव में खुदाई के दौरान कई काल खंड के पुरातत्व से संबधित अवशेष भी मिले हैं। जो करीब पांच हजार वर्ष पूर्व के बताये गये हैं। यहां आज भी कभी कभार छात्र व पुरातत्व से जुड़े लोग आकर अनुसंधान करते हैं। पर्यटक स्थल के घोषणा के दशकों बाद भी यहां पर्यटकों के लिये सुविधा नहीं बढ़ाई गई है। जबकि इस गांव में ढाई सौ वर्ष पुराना शिव मंदिर भी काफी जर्जर हो चुका है। अब तक इस गांव तक सुदृढ पहुंच पथ की व्यवस्था नहीं होने की जानकारी उन्होंने दी है। यह गांव झारखंड - बिहार के सीमा पर सोन नदी किनारे अवस्थित है। बिहार रोहतास जिले के कई गांवों से सोन के रास्ते नाव के सहारे आवागमन होता आया है। मोहम्मदगंज प्रखंड का प्रसिद्ध भीम बराज भी पर्यटक स्थल घोषित है। इसी नाम पर भीम चूल्हा के अलावे पांडवों की यहां उपस्थिति रहने से सुर्खियों में है। इन धरोहरों को बचाने के लिये विस्तारीकरण व सुंदरीकरण कार्य जरुरी बताया है। ज्ञापन देखने सुनने के बाद बोर्ड सदस्य श्री तिवारी आवश्यक पहल व कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया है। मौके पर अंचल अधिकारी राजीव नीरज, मंदिर प्रबंध समिति के सचिव रामाश्रय सिंह, कोषाध्यक्ष रविन्द्र सिंह, झामुमो के जिला सचिव सन्नु सिद्दिकी, केन्द्रीय समिति के सदस्य मनोज गुप्ता, गोपाल सिन्हा, कमाल खान, अशोक कुमार सिंह, दिनेश पासवान शामिल थे।

सर्प दंश से महिला की मौत

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के अलीनगर गांव निवासी नीतीश पासवान की 21 वर्षीया पत्नी रानी देवी की सर्पदंश से मौत हो गयी। बताया जाता हैं कि महिला मंगलवार की अहले सुबह शौच के लिए खेत की ओर गयी थी, उसी समय महिला को विषैले सांप ने डंस लिया। जिससे महिला बेहोश होकर गिर गई।आनन फानन में परिजनों ने इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया,जहां चिकित्सक ने देखने के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला का एक आठ महीने का छोटा बच्चा है, वहीं हुसैनाबाद पुलिस ने अस्पताल पहुंच कर परिजनों से बयान लेकर शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों सौप दिया।

कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू (समाज कल्याण शाखा)

Email ID - dswopalamau@gmail.com

–: निविदा सूचना :–

वित्तीय वर्ष 2023–24 में पलामू जिला अन्तर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में नामांकित 03–06 वर्ष तक के बच्चों के लिए गर्म पोशाक (स्वेटर) का क्रय/आपूर्ति अधिकतम मूल्य रु0–200.00 (दो सौ रूपये) दर पर करने हेतु इस कार्यालय के पत्रांक 1005, दिनांक 04-07.2023 के द्वारा निविदा आमंत्रित की गई थी, परंतु तकनीकी कारणों से उक्त निविदा रद्द करते हुए पुनः निविदा प्रकाशित की जा रही है।

आपूर्तिकर्ता के चयन के निमित मुहरबंद निविदा दिनांक 05.08.2023 को अपराह्न 01:00 बजे तक जिला समाज कल्याण कार्यालय, पलामू में आमंत्रित किया जाता है। निविदा से संबंधित जानकारी जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.palamu.nic.in पर अथवा जिला समाज कल्याण कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
पलामू

PR 303257 (District)23-24*D

ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल
मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची

ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस (द्वितीय आमंत्रण) अल्पकालीन

टेन्डर रेफरेन्स नं0–BCD/CE/36/ Daltonganj/2023-24 दिनांक–25-07-2023

Sl. No	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Proposed Construction of Sildag High School Class Room at Village Sildag Block, Chhatarpur, Palamu Jharkhand .	Rs. 1,07,49,506.00	06 Months
2	वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	1-08-2023	
3	वेबसाइट पर बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय	07-08-2023 up to 11:00 A.M	
4	निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची।	
5	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या	9631476651	
6	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या	9905899979	

किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
• अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
Note: UCAN Registration is mandatory for the Bidders

Advt. PR No : 300688

नोडल पदाधिकारी
ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय,
कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची

PR 303267 Building(23-24)#D

ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल
मुख्य अभियंता का कार्यालय,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची

ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस (द्वितीय आमंत्रण) अल्पकालीन

टेन्डर रेफरेन्स नं0–BCD/CE/37/Daltonganj/2023-24 दिनांक–25-07-2023

Sl.No	कार्य का नाम	प्राक्कलित राषि (रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Proposed Up-gradation of Pandit DeenDayal Upadhyay Smirti Bhawan (Auditorium) at Medininagar Palamu (Part-2)	Rs. 1,31,11,673.00	06 माह
2	वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथि	1-08-2023	
3	वेबसाइट पर बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय	07-08-2023 up to 11:00 A.M	
4	निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय , कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची।	
5	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या	9631476651	
6	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या	7759091091	

किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
• अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
Note: UCAN Registration is mandatory for the Bidders

Advt. PR No :300589

नोडल पदाधिकारी
ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल,मुख्य अभियंता का कार्यालय,
कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग,
भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची

PR303269 (Building)23-24*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन0आर0ई0पी0, चतरा।
ई–अति अल्पकालीन् पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–पुनर्निविदा सूचना संख्या– Ref No: EE/NREP/CHATRA/14/2023-24-RE-1दिनांक– 24.07.2023

1.मद का नामः DMFT योजना अन्तर्गतः–

क्र॰ सं॰	गुप संख्या	प्रखंड	पंचायत	ग्राम	योजना का नाम	परिमाण विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
01	01	सिमरिया	बन्हे	सिमरिया	सहबान मियाँ के घर लव मुर्शिद आलम के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	783484.00	15700.00	1250.00	1 माह

2. वेबसाइट में ई–पुनर्निविदा प्रकाशन की तिथि – 03.08.2023
3. ई – पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –12.08.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. (i) एन॰आर॰ई॰पी॰, चतरा एवं (ii) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 14.08.2023 पूर्वाह्न् 10.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक।
5. ई–पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 16.08.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–पुनर्निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता एन॰आर॰ई॰पी॰ चतरा
7. ई– पुनर्निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं॰ – 8789430732 (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई– पुनर्निविदा शूल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम /एकाउण्ट से ही निर्गत बैंक ड्राप्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन॰आर॰ई॰पी॰ चतरा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. Ucan Registration फोटोकॉपी Upload करना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
एन॰आर॰ई॰पी॰, चतरा।

PR 303200 NREP(23-24)D

NEWS इन ब्रीफ

मुहर्रम को लेकर शहर थाना में शांति समिति की बैठक

मेदिनीनगर। शहर थाना परिसर में थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा,व सदर एसडीओ राजेश कुमार साह की संयुक्त अध्यक्षता में मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्थानीय जनप्रति निधि सहित आमलोग उपस्थित थे। उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने कहा की हम सभी हर वर्ष मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण वातावरण में मनाते हैं। इस बार भी शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। वहीं मौके पर उपस्थित एसडीओ राजेश कुमार साह ने लोगो से अपील की कि सार्वजनिक रूप से शांति पूर्वक जुलूस निकालना है। आपसी भाईचारा से मोहर्रम को मनाना है। एक दूसरे से किसी प्रकार का भेदभाव नहीं रखनी है। मोहर्रम पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी। हर जगह पुलिस की पैनी नजर रहेगी। असामाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। हुड़दंग मचाने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उपस्थित सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग ने कहा कि मोहर्रम का त्यौहार हिंदू मुस्लिम दोनों समुदायों के लोग मिलजुल कर मनायें और आपसी भाईचारगी का परिचय दें। पर्व के दौरान यदि किसी प्रकार की दिक्कत या परेशानी हो तो पुलिस को तुरंत सूचित करें। त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

फरियादियों की लगी भीड़, डीसी ने समाधान का दिया आश्वासन

जनता दरबार का बढ़ता जा रहा है क्रेज, असहायों के लिए उम्मीद

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया.जिसमें उन्होंने लोगों की समस्याएं को बारी-बारी से सुना और निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में भूमि सीमांकन, भूमि विवाद, राशन, अवैध कब्जा, रास्ता बंद हो जाने, मुआवजा, आदि समस्याओं को लेकर लोग उपस्थित हुए। जनता दरबार में शाहपुर से आये करन कुमार ने बताया कि नगर निगम के सरकारी वाहन से उनकी बहन की दुर्घटना हो गयी है । जिसके बाद निगम के कर्मचारी ने इलाज का खर्चा उठाने की बात कही थी लेकिन अब विभाग द्वारा इलाज में खर्चा का वहन नहीं किया जा रहा है। ऑन स्पॉट इलाज हेतु 5 हजार दिये गए जो खर्च हो गये अतः उन्होंने उपायुक्त से निगम के कर्मचारी से इलाज में खर्च होने वाले पैसा दिलवाने का आग्रह किया। इसी तरह जनता दरबार में आये काजल कुमारी ने उपायुक्त को बताया कि उनके पति की हत्या गोली मारकर 1 दिसंबर 2022 को कर दी गयी थी। जिसके पश्चात वह असहाय हो गयी है। उसने उपायुक्त से बच्चों के भरण-पोषण करने व रहने के लिये आवास की मांग की। इस पर उपायुक्त ने डीडीसी को उक्त महिला को आवास की स्वीकृति हेतु निर्देशित किया।

विभिन्न मामलों को लेकर कई बीडीओ-सीओ को किया फोन : जनता दरबार में आये विभिन्न फरियादियों के मामलों के निष्पादन हेतु उपायुक्त ने सदर सीओ,छतरपुर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया, तरहसी सीओ, डीएमओ समेत विभिन्न अंचलाधिकारी समेत कई पदाधिकारियों को ऑन स्पॉट फोन कर मामलों का तेज गति से निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया। कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा नृत्य गान कर अतिथियों का स्वागत किया गया एवं उपहार स्वरूप एक एक पौधा दिया। कार्यक्रम के उपरांत डीएफओ, जिला परिषद सदस्य, जेएमएम जिला उपाध्यक्ष, कॉलेज के प्राचार्य सहित सभी लोगों एवं सभी विद्यार्थियों द्वारा कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

अंतिम धाम स्वच्छ व सुंदर रखें : प्रथम महापौर

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर । राजा हरिश्चंद्र घाट में चल रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए मंगलवार को प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि संवेदक इसका निर्माण कार्य जल्द खत्म करें । काफी विलंब हो चुका है। प्रथम महापौर ने बताया कि मैंने माननीय सांसद बीडी राम से अनुरोध कर निगम में उनके कोटे की राशि से अपने कार्यकाल में इस घाट का बाउंड्री वॉल ऊंचा करने , बरसात के दिनों में शव जलाने हेतु बाहर में बड़ा शेड निर्माण , मुख्य गेट बनाने तथा जरूरत के हिसाब से पेवर लगाने की स्वीकृति दी थी । जिसका कार्य काफी धीमी गति से संवेदक कर रहे हैं। जो दुखद है । मैं नगर आयुक्त से बात करूंगी। निरीक्षण के क्रम में घाट की देखरेख कर रही संस्था पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य भी उपस्थित थे। प्रथम महापौर ने घाट की सफाई की प्रशंसा करते हुए घाट की देख रेख कर रहे चेंबर के उपाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल, कम दर पर लकड़ी उपलब्ध करा रहे रिंकू दुबे ,कोषाध्यक्ष अनवर को बधाई दी । साथ ही निजी सहयोग से 43 लावारिस शव को जलाने के लिए भी प्रथम महापौर एवं सदस्यों ने प्रशंसा की । मौके पर चेंबर सदस्य रिंकू दुबे , राजदेव उपाध्याय ,अनवर, मनीष भिवानीया, प्रेम जयसवाल, सुनील गुप्ता तथा निगम के एसडीओ द्वेष के अलावे मुहल्ले के लोग उपस्थित थे।

बाजार व्यवसायी एकता मंच ने लिया आर-पार की लड़ाई का निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। बाजार व्यवसाई एकता मंच की आपातकालीन बैठक बुलाई गई। इस बैठक के मुख्य अतिथि हिंदू न्यास बोर्ड के चेयरमैन संजीव तिवारी उपस्थित थे। संचालन मंच के कुमार गौरव ने किया । सब्जी बाजार स्थानांतरण को लेकर मंच के द्वारा पलामू उपायुक्त, पलामू पुलिस अधीक्षक, पलामू नगर आयुक्त, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस प्रशासन सभी को कई बार ज्ञापन दिया गया। अंततः मंच के द्वारा निर्णय लिया कि अब लड़ाई आर पार की होगी और हमारी लड़ाई लोकतांत्रिक तरीके से होगी। इसलिए हिंदू न्यास बोर्ड के सम्मानित सदस्यों को बैठक में आमंत्रित किया गया । न्यास बोर्ड के संजीव तिवारी ने सभी को बताया कि वो तत्काल न्यास बोर्ड पदाधिकारी से संपर्क कर तत्काल लेटर धारा २(ट) के तहत निकलवा कर सभी अधिकारियों को देंगे कि अभी तक इस पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। जबकि नगर आयुक्त पिछले महीने ही इस पूरे एरिया को नो पार्किंग जोन घोषित कर चुके हैं व हम सभी व्यवसायियों को आश्वासन दिया कि आप चिंता नहीं करें जल्द से जल्द करवाई होगी। इस बैठक में सुनील तिवारी, मनोज गुप्ता, बबलू गुप्ता, अमित कालिया, राजकुमार गुप्ता, सतीश तिवारी, विष्णु मंदिर एवं महावीर मंदिर ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी, धीरज गुप्ता, पी के बुराल, टिंकू सिंह, प्रकाश सिन्हा, इस के बुराल, अमित शरण विवेक पांडे, अभय सिन्हा, प्रदीप बुराल,अमित कुमार, उमेश गुप्ता, सुमन, डब्बू आदि लोग साथ में थे! व्यवसाई एकता मंच ने कहां की यदि थोक सब्जी बाजार को नहीं हटाया गया तो मंच लोकतांत्रिक तरीके से अनिश्चित कालीन धरना एवं आंदोलन एवं कानून संगत तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जाएगा।

राजकीय बुनियादी विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू राजकीय बुनियादी विद्यालय पोलपोल में युवा सामाजिक कार्यकर्ता आशीष भारद्वाज ने अपने चल रहे वन एवं पर्यावरण अभियान के तहत शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ मिलकर पीपल, गुल मोहर और कई फलदार पौधों को विद्यालय परिसर में लगाया। पौधारोपण के साथ - साथ बच्चों को माँ प्रकृति और धरती माँ के प्रति कृतज्ञ बने रहने का शपथ भी दिलवायी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आशीष ने कहा की हम धरती माँ से सिर्फ.लेते हैं। कभी सोचा है कि उसने जो हमे दिया है क्या उसे हम संभाल कर रख पा रहे हैं। बदले में क्या हम माँ धरती को कुछ वापस भी करते हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम धरती माँ द्वारा प्रदत चीजों को संजो के रखें। चाहे ओ वृक्ष, जल, हवा या हमारा ये वातावरण है। पौधारोपण धरती मां और प्रकृति माँ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का तरीका है, हम इस माध्यम से माँ धरती को हमे दिये हर वस्तु के लिये धन्यवाद कर सकते हैं। पृथ्वी पर जल है तभी जीवन है और जल इसलिए है क्यूं कि यहां पेड़, पौधे और पर्यावरण है। जिसको संरक्षित करना हमारा कर्तव्य और धर्म भी है। हमें यह प्रण लेना चाहिए कि हम हर वर्ष कम से कम एक पौधा जरूर लगायें। तथा उसे संरक्षित करें।

अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। छतरपुर नगर पंचायत स्थित पांच पांडव वार्ड क्षेत्र संख्या 11 में मुख्यतः नगर पंचायत के लोगों को समर्पित सोमवार को अर्बन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का उद्घाटन कार्यपालक कामेश्वर बेदिया, अंचलाधिकारी मुदस्सर नजर मंजूरी, छतरपुर महिला थाना प्रभारी सोनी कुमारी निवर्तमान नगर अध्यक्ष मोहन जायसवाल, प्रमोद मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। इस वैलनेस सेंटर की देख रेख छतरपुर नगर पंचायत के द्वारा किया जायेगा। इसके साथ ही अतिथियों के द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता वाहन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर बेदिया ने बताया कि नगर वासियों के बेहतर स्वास्थ्य की देखभाल में यह वैलनेस सेंटर मददगार साबित होगा। इस स्वास्थ्य केंद्र में रोस्टर वाइज चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे। सोमवार मंगलवार को डॉ मोहम्मद रफीक, बुधवार को डॉ राजेश अग्रवाल, गुरुवार को डॉक्टर मनोज दास, शुक्रवार शनिवार को डॉ संतोष प्रसाद इस स्वास्थ्य केंद्र में अपने-अपने सेवा देंगे। साथ ही साथ यहां नर्स सरिता देवी और सुरक्षा गार्ड भी उपस्थित रहेंगे। निवर्तमान अध्यक्ष जायसवाल ने बताया कि इस वैलनेस सेंटर के लिए अपने कार्यकाल में भरपूर प्रयास किया गया था और उन्हीं प्रयासों का फल है कि आज सफलतापूर्वक इसका लोकार्पण किया गया। मौके पर उपस्थित नगर के पूर्व प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने कहा कि निश्चित तौर पर नगर वासियों की स्वास्थ्य के दिशा में यह बहुत अच्छी पहल है परंतु लोगों के स्वास्थ्य की देखभाल के कसौटी पर यह कितना खरा उतरता है यह तो समय ही बतायेगा।

सहज शिव शिष्यता की संस्कारशाला है शिवचर्चा : अविनाश देव

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शिव को शास्त्र ने आदि गुरु माना है,किंतु हरिन्द्रानंद जी ने शिव को जनजन के गुरु बना दिया। शिवचर्चा का मतलब ही होता है शिव द्वारा जनकल्याण के लिए किये हुए अदम्य कार्य का चर्चा करना। इसीलिए आज हम सभी पाखंड कर्मकांड अंधविश्वास भूत पिशाच से मुक्ति एवं लोककल्याण प्रेम भाईचारा समतामूलक समाज के लिए चर्चा करते हैं। देश एवं समाज को धर्म के नाम पर मानव धर्म को तारतार कर दिया है। हिंसा की आग में राष्ट्र जल रहा है। इंसानियत शर्मसार है। उक्त बातें पांकी प्रखण्ड के हुरलोंग गांव में शिवचर्चा के दौरान गुरुभाई, गुरु बहनों को हरिन्द्रानंद ने बताया। सैकड़ों गुरुभाई बहनों ने चर्चा में शामिल हुए और बड़े उत्साह से गुरु चर्चा को सुना। मौके पर एडवोकेट ओंकारनाथ तिवारी ने अपने भजन से गुरुभाई बहनों को झुमाया। सावन का महीना है शिवालय गुलजार है किंतु धरती के भगवान अन्नदाता बेहाल हैं। मौके पर कमलदेव, अमोद ,गोकुलानंद ,देवन्ति बहन,अनिता बहन,कामेश सोनी राधेश्याम, लड्डू सिंह ,साकेत सिंह इत्यादि मौजूद थे।

प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप में जिला स्कूल बना बिजेता

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के नेतृत्व में जिला स्कूल के मैदान में मेदिनीनगर सदर प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रखंड के प्लस टू जिला स्कूल, प्लस टू उच्च विद्यालय पोलपोल, गिरिवर प्लस टू मेदनीनगर, गणेश विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोखराहा खुर्द, उच्च विद्यालय चियांकी के अंडर 14 एवं अंडर-17 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरेंद्र तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज कुमार सिन्हा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। साथ में पलामू जिला ओलंपिक संघ के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी, प्रखंड साधन सेवी सत्येंद्र पाठक, साधन सेवी संजय रंजन मौजूद थे। प्रथम मैच अंडर-17 वर्ष आयु वर्ग के बालक वर्ग में प्लस टू जिला स्कूल और महात्मा गांधी प्लस टू उच्च विद्यालय पोल पोल के बीच खेला गया। इस मैच में प्लस टू जिला स्कूल ने महात्मा गांधी प्लस टू उच्च विद्यालय पोल पोल को 3 - 0 से हराया। इस प्रकार फाइनल मैच प्लस टू उच्च विद्यालय गिरिवर स्कूल और जिला स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें जिला प्लस टू स्कूल ने गिरिवर स्कूल को 2-0 से हराकर फाइनल मैच जीता। अंडर 17 वर्ष आयु वर्ग में प्लस टू जिला स्कूल, 14 वर्ष आयु में उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोखराहा खुर्द एवं अंडर-17 बालिका वर्ग में चियांकी के उच्च विद्यालय विजेता रहा। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं जिला स्कूल के प्राचार्य रोहित कुमार तिवारी द्वारा खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। सभी विजेता खिलाड़ी जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। ऑफिशियल कार्य की भूमिका में ब्राह्मण प्लस टू उच्च विद्यालय के शारीरिक शिक्षक आनंद मोहन पांडे, विनोद कुमार यादव, श्रीकांत कुमार, प्रीतम वाली शुक्ला, सुनील कुमार यादव, भरत कुमार रजक थे।

आगाज ए मुहर्रम मुहर्रम को ले रामगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

पर्व में व्यवधान पैदा करने वालों पर होगी कार्रवाई : थाना प्रभारी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। मुहर्रम पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण मनाने को लेकर रामगढ़ थाना परिसर में सोमवार को बीडीओ पार्थ नंदन की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मुहर्रम पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने पर चर्चा की गई। बीडीओ पार्थ नंदन ने पर्व को आपसी भाईचारगी के साथ मनाने की अपील की। 20 सूत्री अध्यक्ष कलीम अंसारी ने कहा कि मुहर्रम पर्व शांति व सौहार्द का प्रतीक है।उन्होंने शांति सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की।मौके पर थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी तरह के भड़काऊ गाना न बजाएं एवं सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का अफवाह ना फैलाएं। पर्व में व्यवधान पैदा करने वालों के खिलाफ सख्ती से कारवाई की जाएगी। मौके पर चैनपुर अंचल के पुलिस इस्पेक्टर तुलसीदास मुंडा, मुखिया संघ के अध्यक्ष सह रामगढ़ के मुखिया उमाशंकर प्रसाद, पंचायती राज पदाधिकारी गिरवर उरांव, कनीय अभियंता गणेश उरांव, एएसआई भूपेंद्र कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार, संजय कुमार, उप प्रमुख पति महावीर प्रसाद, मुखिया पति महेंद्र प्रसाद सोनी, डॉ फारूक अंसारी, अवध बिहारी सिंह, नागेंद्र राम, पंचायत समिति सदस्य पति विनोद राम, सकेंद्र भुइयां, इम्तियाज अंसारी, फारूक अंसारी, जमालु मियां, बकरीदू अंसारी, अजमुद्दीन अंसारी, कलाम अंसारी, जाबिर अंसारी, मनोज प्रसाद, संजय कुमार जायसवाल, शिवकुमार प्रसाद केसरी, राजेंद्र प्रसाद केसरी एवं धीरज कुमार जायसवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

हिंदू -मुस्लिम एकता की प्रतीक है शाहपुर की जनता : प्रमिला

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड के नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 31 तैइबा नगर में मुहर्रम नौजवान कमेटी के कार्यालय का उदघाटन वार्ड 31की पूर्व पार्षद सह जोन अध्यक्ष प्रमिला देवी एवं समाज सेवी सह सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय के द्वारा फीता काटकर किया गया ।कमेटी के सदर तौफीक कुरेशी,अफसर कुरैशी व छोटू द्वारा पार्षद प्रमिला देवी एवं सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे को पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया। मौके पर पार्षद प्रमिला देवी ने कहा कि शाहपुर की जनता अमन पसंद है। यहां की जनता सभी पर्व को एक दूसरे से मिलजुल कर मनाती है। चंद लोग दोनों समाज में ऐसे होते हैं जो जनता को गुमराह करते हैं, पर हमारा क्षेत्र अमन पसंद था,है और रहेगा। समाजसेवी भोला पांडे ने कहा कि सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ क्षेत्र की जनता की सेवा में हम लोग लगे रहते हैं। मौके पर एडवोकेट शमशाद अहमद,सोनू खान,दानिश कुरेशी, राज आरिफ, छोटू बाबू,सोनू खान, समीर, आमिर, ताबीर, छोटू खलीफाएवं आरिफ तालीम आदि उपस्थित थे।

भाजपा नेतृत्व ने किया पौधा वितरण

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू के जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पौधा वितरण कार्यक्रम लगातार कई दिनों से चलाया जा रहा है। पलामू जिला के विभिन्न प्रखंडों के ग्रामीण क्षेत्र में पौधारोपण के लिए लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ पौधा वितरण भी कर रहे हैं। जिनमें कई तरह के फलदार पौधा जैसे आम ,अमरूद ,आँवला ,जामुन, बेल, शरीफा इत्यादि शामिल है। इस अवसर पर श्री पांडेय ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जहां एक तरफ पेड़ों के अंधाधुंध कटाई और जंगलों का जिस रफ्तार से सफाया हो रहा है। जिस प्रकार से आज की पीढ़ी पर्यावरण को क्षति पहुंचा रही है उसकी भरपाई आज की पीढ़ी को ही करनी चाहिए। ताकि आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण मिल सके। उनका मानना है कि पेड़ों के माध्यम से पर्यावरण को स्वच्छ व सुंदर तो बना ही सकते हैं। साथ ही साथ पौधे से हमें विभिन्न प्रकार के लाभ प्राप्त होते हैं। स्वच्छ ऑक्सीजन, समय पर बारिश, उपयोगी लकड़ियां, तथा उसके फल फूल पत्ते सभी मनुष्यों के लाभ के लिए ही होते हैं । कुछ पौधे हमें फल देते हैं तो कुछ लकड़ी या और कुछ पौधों से हमें औषधियां भी प्राप्त होती है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से यह अपील भी की कि आप सभी खुद पौधे लगायें और दूसरों को भी पौधे लगाने के लिए जागरूक करें। मौके पर मंडल अध्यक्ष नवनीत प्रजापति, शक्ति विश्वकर्मा, रढ गुप्ता ,अशोक विश्वकर्मा , मनजीत उराव,लोग उपस्थित थे। लोगों ने भी श्री पांडे का भरपूर सहयोग किया और आगे से खुद पेड़ लगाने और लोगों को भी जागरूक करने का वादा भी किया।

मणिपुर घटना : केतार में निकाला प्रतिरोध मार्च

नवीन मेल संवाददाता

केतार। सोमवार को केतार बाजार में अम्बेडकर विचार मंच और आदिवासी महासभा के द्वारा मणिपुर में दो आदिवासी महिलाओं के साथ अनाचार एवं हो रही हिंसा के विरोध में केतार बाजार में प्रतिरोध मार्च निकाला गया। सब्जी बाजार से दर्जनों कार्यकर्ता केन्द्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए कपुर्री गेट पर पहुंचे और केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया।इस अवसर पर समाजसेवी अजय वर्मा ने कहा की 78 दिन पुर्व मणिपुर में दो आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर सड़क पर घुमाया गया लेकिन वहां की भाजपा सरकार और केंद्र सरकार आंख पर काली पट्टी बांध ली है। उन्होंने कहा की जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है वहां शिष्टाचार और सिस्टम पुरी तरह से फेल है। उन्होंने की इस सरकार में एक तरफ मेंक इन इंडिया और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा दिया जाता है वहीं दुसरी ओर बेटियों को नंगा किया जाता है तो कहीं उनकी इज्जत लूटी जा रही है। उन्होंने कहा की इस देश की बेटियों को फुलन देवी बनने की जरूरत है। उन्होंने कहा की दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होना चाहिए।वहीं आदिवासी महासभा के युवा नेता छोटन सिंह ने कहा की मणिपुर की घटना सोची समझी राजनीतिक साजिश है। केंद्र एवं मणिपुर की भाजपा सरकार इस घटना पर राजनीति की फसल उगा रही है। उन्होंने कहा की मणिपुर की आदिवासी महिलाओं के साथ जो अमानवीय कृत किया गया है वह वर्तमान राजनीतिक पर कला धब्बा है जिसे कभी मिटाया नहीं जा सकता है। आदिवासी महासभा और अम्बेडकर विचार मंच के लोगों ने आदिवासी महिलाओं को नंगा घुमाने वाले लोगों चिन्हित कर उन पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग किया।इस मौके पर आदिवासी महासभा के शिव कुमार सिंह, डां बीके भारती, छोटन सिंह, जसमुदिन अंसारी, रमेश राम, बिंदु राम, प्रदिप गुप्ता, कामेश्वर दास, कृष्णा राम ,ललू राम सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

मानसून की बेरुखी से प्रखंड के किसान चिंतित

नवीन मेल संवाददाता

डंडई। मानसून की बेरुखी से प्रखंड क्षेत्र के किसान काफी मायूस हैं । उन्हें पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी सुखाड़ की याद सताने लगी है ।पर्याप्त बारिश नहीं होने से खेतों में बोए गए विभिन्न प्रजाति के धान के बिछड़े सूखने लगे हैं । साथ ही खेत में लंबी लंबी दरारें भी पड़ना शुरू हो गया है । उम्मीद के अनुसार अब तक बारिश नहीं होने से किसान सिर्फ और सिर्फ भगवान को याद करने में जुट गए हैं । वे कहते हैं कि हे राम इस वर्ष भी तो रहम कर नहीं तो हम सभी बेमौत मारे जाएंगे। सावन माह का महीना समाप्त होने चला है कुछ ही दिन बाद भादो माह का महीना भी आ जाएगा । लेकिन अब तक क्षेत्र में पर्याप्त बारिश नहीं हो पाई है । सप्ताह दिन के अंदर मॉनसून में सुधार नहीं हुआ तो खेती की तैयारी हम लोगों की धरी की धरी रह जाएगी ।वहीं खेत में विभिन्न प्रजाति के डाले गए बिछड़े तैयार होने के बजाय कहीं काले तो कहीं पीले होकर खेत में ही सुख जाएंगे । क्योंकि खेत में नामी की बजाय अभी से दरारे दिखना शुरू हो गया है । किसान आफताब आलम ने कहा कि मैं अपना खेत में सब्जी के अलावा धान मक्का का भी बिचला डाला था । वही उसका अंकुरण के बाद जब उन्हें बढ़ना हुआ तब से ही बारिश का होना बिल्कुल रुप से बंद हो गया ।उन्होंने कहा कि एक तो पिछले वर्ष ही मौसम की बेरुखी से हम लोगों का बिल्कुल रूप से कमर टूट चुका है । इस वर्ष भी अगर पर्याप्त मात्रा में बारिश नहीं हुई तो हम लोगों के सामने एक विकट स्थिति उत्पन्न हो जाएगी । क्योंकि खुले बाजार से महंगे महंगे दरों पर विभिन्न प्रजाति के धान बीज की खरीदारी कर हम सभी अपने अपने खेतों में बोए हैं । नंदू यादव ने बताया कि क्या करूं और क्या ना करूं की स्थिति मेरे समक्ष उत्पन्न हो गई है । पिछले वर्ष तो मॉनसून की बेरुखी से हमसभी चिंतित थे ही लेकिन लगता है इस वर्ष भी हम लोगों की चिंता मॉनसून और बढ़ा देगी । उन्होंने कहा कि यह समय बिचड़ा तैयार होने का है लेकिन पानी के अभाव में खेत में अंकुरित हुवा धान का बिचड़ा अब वही पर सूखने लगा है ।

परमात्मा के इच्छा के बिना हम कुछ भी नहीं कर सकते : जीयर स्वामी

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान श्री श्री जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि सबसे पहले तो अनर्थ जो जीवन तथा जीवन के व्यवहार में जिस कारण से होता हो उस पर अंकुश लगायें. अहंकारमय जीवन न हो. जरूर हम करते हैं लेकिन कराने वाला उसी प्रकार से हैं जैसे किसी कठपुतली के नाच को देखा होगा.भले वह नाचते हैं लेकिन नचाने वाला कोई दूसरा है. उसी के इशारे पर कठपुतली नाचता है. ठीक उसी प्रकार हमारे आपके साथ है.हम चाहे जो कुछ भी करते हैं वह परमात्मा अपनी शक्ति के द्वारा हमलोगों को कठपुतली के समान नचाते हैं. उनकी इच्छा नही होती है नचाने के लिए तो अपने आप से तो इस दुनिया में निस्तार हो जाते हैं. किसी के योग्य नही होते हैं.ऐसा विचार कर अनर्थों को त्याग दे. कर्तव्य करें, लेकिन मैं ही करने वाला हूं, मेरे ही द्वारा होता है, ऐसा भाव नही होना चाहिए. जिसका सम्प्रदाय सत्य हो, जो ईश्वर को झूठा मानता हो, पूजा को झूठा मानता हो, अपना पैर धोकर पी रहा हो,कहता है भगवान शालिग्राम का चरणामृत मत पीजिए इन्फेक्शन हो जाएगा, और अपना पैर धोकर पीरहा है. चल रहा है नया नया धर्म.ऐसे गुरू बाकी दिन उल्टा काम करता है और गद्दी पर बैठ करके उपदेश देता है. अपना पूजा कराते हैं यह कौन सा धर्म है, वैसा गुरू नही हो सकता. इस दुनिया का इतिहास है कि महापुरूषों का भी विरोध हुआ है.

झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष पहुंचे चिनीया, ग्रामीणों से किया संवाद

पीटीजी योजना का जाना हाल

नवीन मेल संवाददाता

चिनिया। झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी दो दिवसीय दौरे पर गढ़वा पहुचे। जहाँ उन्होंने जिले के सुदूरवर्ती पिछड़ा क्षेत्र चिनिया प्रखंड के आदिवासी बहुल इलाका चपकली मे पिटीजी योजना की हकीकत स्थल पर जाकर जाना। मौके पर उन्होंने कई कोरवा परहिया जाती के लोगो से सवांद किया। मौके पर आदिवासी समुदाय के लोगो ने अपने अपने समस्याओं से आयोग के अध्यक्ष को अवगत कराया। जिसमे बताया गया की एक माह का आनाज नही मिला है आनाज घर तक पहुंचने मे देर हो जाता है। मौके पर आयोग के अध्यक्ष ने कहा की गढ़वा जिले मे कल मुखिया संवाद और अधिकारियो के साथ संवाद है उससे पहले आज हमने डाकिया योजना के बारे मे जानकारी ली की योजना का जिले मे क्या हाल है। जानकारी मिली की चिनिया प्रखंड मे कुछ तकनीकी दिक्कतों के कारण आनाज जो बंद पैकेट मे मिलना चाहिए था वह नही मिल रहा है। दूसरी की यह डाकिया योजना है आनाज को लाभुकों के घर तक आनाज देना है लेकिन यंहा नही मिल रहा है जो गंभीर विषय है । अधिकारी रिमोट एरिया का हवाला देते है। हम इस बिषय पर सरकार से पत्राचार करेंगे और कोशिश रहेगी की आनाज घर तक आदिवसी समुदाय को मिले। मौके पर जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी राज महेश्वरम, चिनिया प्रखंड अंचलाधिकारी सह खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी निसात अंजुम, प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा, झामुमो चिनिया प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव आदि मौजूद थे।

लावारिस 14 पशुओं को पुलिस ने किया जब्त

नवीन मेल संवाददाता

डंडाई। तस्कर के लिए बाहर ले जाए जा रहे 14 पशुओं को जब्त कर मंगलवार को पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा थाना में ले लाया गया है । जब्त किए गए पशुओं में गाय और बैल दोनों प्रजाति के जानवर हैं । उनमें आधे से अधिक काफी उम्र के जानवर है जिसे देखने के बाद स्पष्ट रूप से प्रतीत होता है कि उक्त सभी जानवरों को सिर्फ और सिर्फ मशीन में कटाई के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था ।थाना में लाने के बाद सभी जानवरों को घास चरने के लिए उन्हें थाना परिसर में छोड़ दिया गया है। बताया जाता है कि दिन के दोपहर में थाना क्षेत्र के लवाही गांव होते उसे पूर्व दिशा गढ़वा की ओर ले जाया जा रहा था । इसी बीच गुप्त सूचना के जानकारी पर उक्त स्थल पहुंचे पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा 14 पशुओं को वहीं से जप्त कर थाना ले लाया गया । पिछले 6 महीनों से गो तस्करों का गोरखधंधा थाना क्षेत्र में बेरोक टेक के संचालित होते आ रहा है । । कभी थाना से उत्तर के गांव जर्दे, करके व डंडाई होते तो कभी दक्षिण के गांव लवाही पचोर और जरही होते पशुओं को बाहर ले जाने का काम किया जा रहा है ।उधर मामले की भनक लगते ही बजरंग दल के कई सदस्य वहां पर इकट्ठे हो गए । थाना परिसर में घास चर रहे जानवरों के अगल-बगल उन्हें विचरण करते देखा गया ।

मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण को लेकर कार्यशाला का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उप विकास आयुक्त अरुण वॉलटर सांगा की अध्यक्षता में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023-24 से संबंधित सभी बीएलओ, सुपरवाइजर, प्रभारी, प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया।इस दौरान मतदाताओं का घर-घर जाकर सर्वेक्षण हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण उद्देश्यों एवं बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के संबंध में जानकारी देते हुए प्रपत्र 6, 7 एवं 8 सुधार करने एवं भावी नये मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही मतदान केंद्र के मतदाता सूची में अंकित शत प्रतिशत मतदाताओं का भौतिक सत्यापन, मतदान केंद्र के शत-प्रतिशत परिवारों का सत्यापन, एवं मतदान केंद्र क्षेत्र में शत-प्रतिशत पात्र मतदाताओं का मतदाता सूची में निबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। तथा इसके अलावा मृत मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से डिलीट करने के लिए जानकारी दी गई। उप विकास आयुक्त ने सभी को लगन से कार्य को पूर्ण करने का निर्देश। मौके पर प्रभारी उपनिर्वाचन पदाधिकारी शहजाद परवेज, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीएलओ सुपरवाइजर, निर्वाचन शाखा को कर्मी गण एवं अन्य उपस्थित थे।

डीडीसी में डोर टू डोर जाकर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम का लिया जायजा

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023-24 के तहत उप विकास आयुक्त अरुण वाल्टर सांगा ने मंगलवार को सिमडेगा सदर प्रखण्ड का दौरा किया। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने सिमडेगा-70 विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर-163 में गोतरा नवाटोली गांव का भ्रमण कर मतदाताओं के डोर टू डोर जाकर पन्ना वेरिफिकेशन किये। उप विकास आयुक्त ने निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार नये मतदाता हेतु फॉर्म-6 , डिलीशन हेतु फॉर्म-7 एवं आवश्यक त्रुटियों की सुधार हेतु फॉर्म- 8 का संबंधित आवेदकों के घर-घर जाकर पन्ना वेरिफिकेशन का कार्य का निरीक्षण किया तथा उन्होंने मताधिकार के महत्व को समझाते हुए लोगों को माताधिकार के प्रति जागरूक किया। उन्होंने संबंधित बुथ क्षेत्र के बी.एल.ओ. द्वारा मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत किये जा रहे पन्ना वेरिफिकेशन, मृत व्यक्ति का नाम डिलीशन, नाम सुधार व अन्य कार्यों की भी जानकारी ली। तथा संबंधित क्षेत्रों के पांच घरों का डोर टु डोर जा कर पाये गये त्रुटियों को ससमय निराकरण करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त द्वारा नितिश कुमार महतो के पत्नी उर्मिला कुमारी का मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु मौके पर ही फॉर्म-6 भरवाया गया। साथ ही पवन महतो ने मतदाता सूची में अपना नाम सुधार हेतु उप विकास आयुक्त से सुधार के लिए प्रकिया की जानकारी मांगने पर उप विकास आयुक्त ने वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से या प्रपत्र 8 के भरकर आवश्यक सुधार करने की बातें बताया।

20 सूत्री कार्यान्वयन समिति की हुई बैठक

कोलेबिरा। जिला के कोलेबिरा प्रखंड के अन्तर्गत 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी और 20 सूत्री अध्यक्ष लूथर सुरीन की अध्यक्षता में हुई। जिसमें विभिन्न विभागों के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा को लेकर चर्चा की गई जिसके बाद निर्णय लिया गया कि उक्त बिंदुओं पर 20 सूत्री के सदस्य निगरानी करेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, खराब पडे चापानलों के मरम्मति कार्य, सर्व शिक्षा अभियान, विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे ग्रामीण इलाकों में खर्च, 15वें वित्त आयोग से पंचायतों में चल रहे कार्यक्रम, जनवितरण प्रणाली में होगी गई इस मौके पर अंचल अधिकारी हरीश कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार प्रखण्ड प्रमुख दूतामी हेमरोम सांसद प्रतिनिधि चिंतामणि कुमार, विधायक प्रतिनिधि श्यामलाल प्रसाद, फिरोज अली आदि मौजूद थे।

कुरडेग से कांवरिया का जत्था देवघर हुए रवाना

कुरडेग। कुरडेग से कांवरिया का जत्था मंगलवार को भारी संख्या रवाना हुए, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुरडेग कांवरिया संघ के द्वारा देवघर बाबा धाम के लिए रवाना हुए। संघ के अशोक गुप्ता उमेश जायसवाल सहित अन्य सदस्य की अगुवाई में उमा महेश्वर महावीर मंदिर मंदिर परिसर से पूजा अर्चना कर सभी वाहन से रवाना हुए। कांवरिया संघ सुल्तानगंज से पैदल यात्रा 105 किलोमीटर की यात्रा कर बाबा बैजनाथ धाम में जल अर्पण करेंगे,यात्रा में भी तोरपा के सुमित कुमार, रायगढ़ के शशि कुमार,दीपक जायसवाल, दुर्योधन जायसवाल, संजीत जायसवाल, मंटू जायसवाल,चंदन गुप्ता,तपकरा के जुगल जायसवाल, बागबाहर से सुरेश जायसवाल, रोहित गुप्ता, सुरेश गुप्ता,रामप्रवेश जायसवाल ,बलराम गुप्ता, बिष्णु गुप्ता,सहित अन्य धर्म प्रेमी बंधु शामिल है।

बानो रेंज में एक लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य

बानो। वन विभाग बानो द्वारा इस वर्ष बानो रेंज के बिभिन्नं जगहों पर कुल एक लाख पेड़ लगाने का निर्णय लिया है। इस सम्बंध में बानो रेंजर अभय कुमार ने बताया कि पौधों को लगाने के लिये जगह निर्धारित कर ली गई है। ग्राम सिम्हातु में छः हजार ,रामजोल में एक हजार ,रामजड़ी आदि जगहों पर पेड़ लगाए जायँगे । प्रखण्ड के सड़क किनारे भी पेड़ लगाए जायँगे ।प्रभारी बनपाल विवेक वर्मा ने बताया कि बानो वन विभाग परिसर में नर्सरी लगाया गया है।कुछ पौधे दूसरे नर्सरी से लाकर लज्ञाये जाएंगे ।प्रखण्ड के बिभिन्नं जगहों पर पौधों को पहुँचा ने का कार्य आरम्भ कर दी गई है।

व्यवस्था

विधायक भूषण बाड़ा ने किया दो विद्यालय भवन का उद्घाटन

शिक्षा से क्षेत्र का विकास संभव : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। विधायक भूषण बाड़ा सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के आरसी मध्य विद्यालय सुंदरपुर में विधायक मद से निर्मित दो कमरा भवन का उद्घाटन फीता काटकर किया। मौके विधायक ने कहा कि छात्रों की संख्या के अनुसार स्कूल में कमरा की संख्या कम थी। इस कारण छात्रों को पढ़ाई करने में कई परेशानी होती थी। लेकिन अब दो अतिरिक्त कमरा का निर्माण कर दिया गया है। इससे छात्रों की परेशानी दूर होंगी। साथ ही बच्चों को पढ़ाई का बेहतर माहौल मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमे पता है कि शिक्षा से क्षेत्र का विकास सम्भव है। इसी को ध्यान रखते हुए शिक्षा व्यवस्था को लगातार मजबूत किया जा रहा है। शिक्षक बहाली के बाद विद्यालय भवन, शौचालय, पेयजल आदि को दुरुस्त किया जा रहा है। बच्चे मन लगाकर पूरी ईमानदारी के साथ पढ़ाई करें। आपको किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा की पढ़ाई में कोई चीज बाधा न बने इसको ध्यान में रखकर कार्य किया जा रहा है। विधायक ने छात्रों को अपील करते हुए कहा कि कोई भी चीज को पढ़ाई में बाधा नहीं बनना है। मौके पर पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, सिस्टर मीरा, सिस्टर मैरी, सिस्टर प्रफुलित, प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता, सचिव फादर लॉरेंस कुजूर, प्रधानाध्यापक फादर किशोर बाड़ा, वरीय सह विधायक प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, 20 सूत्री अध्यक्ष विनय लकड़ा, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, युवा अध्यक्ष रोहित एक्का, निमरोध एक्का, जेम्स लकड़ा,पूर्व जिप सदस्य प्रदीप सोरेंग, मारवाड़ी सिंह, पूनम लकड़ा, तैराश एक्का, मुखिया ज्योति लकड़ा, राजू टेटे, संजय नागर्ची, सोनू नायक, जेवियर डुंगडुंग, संजीत बा, जगतपाल साहू, भुनेश्वर राम, भूषण मिंज, सिस्टर ज्योति किरण, सिस्टर जेनी, फादर सिरिल, पुष्पा बेग, जशीनता किंडो, पंचायत समिति मरियम डुंगडुंग, पंचायत समिति रूनम केरकेट्टा, अनूप लकड़ा, पैकाश किंडो, अनुज सोरेंग, सुशीला तिर्की, उर्मिला केरकेट्टा आदि उपस्थित थे।

रंगोली से विद्यार्थियों ने किया कारगिल के शहीदों को याद

रोजगार परक है राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: गौरव पुष्कर

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्रीय संचार ब्यूरो डाल्टनगंज, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गांधी इंटर कॉलेज, लातेहार में रंगोली पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस मौके पर छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य दशरथ साहू ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से विद्यार्थियों में रचनात्मकता बढ़ती है साथ ही विद्यार्थियों की प्रतिभा में भी निखार आता है। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी डाल्टनगंज गौरव कुमार पुष्कर ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन छात्र-छात्राओं में राष्ट्रीय एकता और अखंडता का विकास हो और उनमें देशभक्ति की भावना जागे, इसलिए किया जाता है। नई शिक्षा नीति 2020 के 3 साल पूरे होने के मौके पर पुष्कर ने कहा कि नई शिक्षा नीति रोजगार परक है इसे इस तरह से बनाया गया है की छात्र-छात्राओं कॉलेज से निकलने के बाद रोजगार के अवसर प्राप्त हों। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार एवं कॉलेज की शिक्षिकाएं भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान शहीदों को याद करते हुए प्राचार्य एवं शिक्षिकाओं ने सेल्फी बूथ में तस्वीर भी खिंचाई।

विशेष जागरूकता कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण आज

कारगिल विजय दिवस के मौके पर गांधी इंटर कॉलेज में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 26 जुलाई को किया जाएगा। इस दौरान रंगोली, पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिताओं के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा तथा उन्हें गणमान्य अतिथियों के द्वारा प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा.

विद्यार्थियों ने ली स्वच्छता की शपथ

केंद्रीय संचार ब्यूरो डाल्टनगंज के द्वारा गांधी इंटर कॉलेज परिसर में स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम चलाया गया. इसके तहत विद्यालय एवं आसपास के परिसर से सिंगल यूज प्लास्टिक को इकट्ठा किया गया. इस दौरान क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को स्वच्छता शपथ भी दिलाई.

प्रखंड परिसर में साप्ताहिक जनता दरबार का किया गया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर प्रखंड परिसर में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय द्वारा किया गया जिसमें जिप सदस्य सन्तोषी शेखर , कन्हाई सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी भी मौजूद रहे . जनता दरबार के दौरान जहां बीडीओ द्वारा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों की समस्या को बारी बारी से सुनने का काम किया . वहीं उन समस्याओं के निपटारा करने को लेकर संबंधित विभाग को दिशानिर्देश दिया गया .जनता दरबार मे आधे दर्जन से अधिक पेंशन की स्वीकृति प्रदान की गई वही अंचल से जुड़े

मामलों का निपटारा करने को लेकर प्रभारी अंचल निरीक्षक को जाँच करनें का निर्देश दिया गया. पंचायत में जनता दरबार को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रखंड के सभी पंचायत के पंचायत सेवक, मुखिया और रोजगार सेवकों को भी अपने अपने पंचायत क्षेत्र में जनता दरबार का आयोजन कर समस्याओं का निपटारा अधिक से अधिक करने का निर्देश दिया ताकि ग्रामीणों को समस्या को लेकर प्रखंड कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े . जनता दरबार में पेयजल स्वच्छता विभाग के प्रतिनिधि को जिला परिषद सदस्य के द्वारा सरकार के द्वारा चलाई जा रही महत्वकांक्षी जल नल योजना में मोरवाई पंचायत में अनियमितता की जाने की बात कही साथ ही छेचा पंचायत के अमाही औ? चपरी में फिर से बोरिंग करवा कर लाभुकों को जल नल योजना का लाभ देने का निर्देश दिया गया . मौके पर प्रखंड सहायक सुषमा कुमारी, अंचल सहायक पूनम कुमारी, मनरेगा प्रभारी बीपीओ त्रिवेणी राम समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे

मणिपुर में महिलाओं के साथ दरिंदगी पर आदिवासियों में उबाल

केंद्र सरकार ने मणिपुर को जलने के लिए छोड़ दिया : अयुब खान

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा
मणिपुर में पिछले तीन माह से जारी हिंसा और दो आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने व उनके साथ दरिंदगी और घिनौनी हरकत करने के खिलाफ रांची सहित पूरे झारखंड के आदिवासियों में जबरदस्त गुस्सा है, मणिपुर घटना के विरोध में चंदवा प्रखंड अंतर्गत कामता पंचायत के चटुवाग में झारखंड राज्य किसान सभा (एआईकेएस) के बैनर तले प्रधानमंत्री मोदी का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन के दौरान मोदी सरकार मुदार्बाद, मणिपुर की भाजपा सरकार शर्म करो, मणिपुर सरकार को बर्खास्त करो, मुख्यमंत्री एन विरेन सिहं इस्तीफा दो,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा झूठा है, केन्द्र सरकार शर्म

करो जैसे नारे लगाए ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए पंचायत समिति सदस्य और झारखंड राज्य किसान सभा के लातेहार जिला अध्यक्ष अयुब खान ने कहा कि मणिपुर में जिस तरह से आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र करके उन्हें पूरे इलाके में घुमाया है। उनकी इज्जत के साथ खिलवाड़ किया गया है यह काफी निंदनीय है। भाजपा सरकार का पिछले तीन महीनो से चुप्पी साधे रहना, मणिपुर को जलने देना उनके चाल और चरित्र को दशार्ता है। केन्द्र सरकार मणिपुर के मुख्यमंत्री एन विरेन सिंह की सरकार को अभी के अभी हटाए और वहां शांति व्यवस्था कायम करे, मणिपुर की पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाया जाए अपराधियों को फांसी से भी कठोर सजा देने की मांग की गई है। कार्यक्रम में अनिल मुंडा, बुधराम बारला, बेने मुंडा, दसवा परहैया, सनीका मुंडा, एतवा मुंडा, बोने मुंडा, गबरेल बरजो, जगवा परहैया, दुखन परहैया, गेंदा मुंडा समेत कई लोग शामिल थे।

आंगनबाड़ी केंद्रों का बीस सूत्री समिति ने किया औचक निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता। टंडवा
मंगलवार को टंडवा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति द्वारा की गई। इस दौरान किसुनपुर आंगनबाड़ी केंद्र में 25 नामांकित बच्चों में महज 8 बच्चे मौजूद थे, जबकि इसी बगल में स्थित उम विद्यालय में नामांकित 130 बच्चों को 8वीं कक्षा तक महज दो शिक्षक के भरोसे संचालन होता मिला। साथ ही विद्यालय प्रांगण के बीचों बीच 11 हजार वोल्ट का ओवरहेड विद्युत तार को देखकर उपाध्यक्ष नीरज तिवारी ने चिंता व्यक्त करते हुए समुचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। नव सृजित प्राथमिक विद्यालय उड़सू में सिर्फ 5 बच्चे मौजूद पाए गए .जबकि उपस्थित पंजी में दो दिनों का हाजिरी नहीं बना था। वहीं टंडवा के तेली टोला में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाया गया। दूसरी तरफ गाडीलौंग आंगनबाड़ी केंद्र खुला तो था पर वहां एक भी बच्चे मौजूद नहीं थे। इस बावत जानकारी देते हुए 20 सूत्री उपाध्यक्ष ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में प्राथमिक शिक्षा की नींव रखी जाती है। छात्रों की उपस्थिति पंजी व पोषाहार वितरण मेंअनियमितता बरतने की शिकायतें लगातार मिल रही है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण टीम में मोहन राणा, जियाउल हक, राजेन्द्र यादव समेत अन्य शामिल थे।

संक्षिप्त

चोरी का अरोप लगाकर नाबालिग को किया अधमरा, स्थिति गंभीर

इटखोरी(चतरा)। इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत पितीज कलाली चौक के समीप एक नाबालिग किशोर को चोरी के इल्जाम में कुछ लोगों द्वारा मार कर अधमरा कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। नाबालिग रिम्मस रांची में भर्ती है व स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं थाना में पीडित परविार के परिजनों द्वारा आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई है। दिए गए आवेदन में बताया गया है कि 23 जुलाई के दोपहर 4 बजे 16 वर्षीय नाबालिग किशोर को पकड़ कर एसडीवी पब्लिक स्कूल के सामने लेजाकर मारपीट किया गया, जब लोगों की भीड़ वहां पहुंचने लगी तो सभी बेहोषी के हालत में छोड़ कर भाग गए। ग्रामीणों द्वारा जब परिजनों को सूचना मिली तो किशोर को बेहोशी हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटखोरी ले गए, जहां प्राथमिक उपचार कर हजारीबाग भेज दिया गया। लेकिन स्थिति के गंभीरता को देखते हुए हजारीबाग से भी रिम्मस रेफर कर दिया गया। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि सरोज दांगी पिता रामजीत दांगी, सरजू दांगी श्यामसुंदर दांगी पिता भुनेश्वर दांगी, उमेश दांगी पिता प्रयाग दांगी, नरेश दांगी उर्फ मल्लू दांगी पिता स्वर्गीय प्रयाग दांगी सभी पितीज गांव ने सुनियोजित तरीके से चोरी का अरोप लगाकर किशोर की बेरहमी से पीटाई की है और अधमारा छोड़कर भाग गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकी इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नही हुई है।

मानसिक तनाव में आकर युवक ने की आत्महत्या

लातेहार। सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बानपुर स्थित पाठक लॉज में सोमवार शाम 8 बजे एक नाबालिग युवक फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। युवक की पहचान अमित कुमार रवि पिता तुलसीराम (17)वर्ष के रूप में की गई है। वह रामगढ़ का रहने वाला था। कुछ महीनों पहले ही वह बानपुर स्थित पाठक लॉज में रहकर पॉलिटेक्निक में मैकेनिकल ब्रांच सेकेंडरी समेस्ट्री की तैयारी कर रहा था । मानसिक तनाव में आकर बीते शाम को आत्महत्या कर ली । सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । थाना प्रभारी ने कहा कि यह हत्या है या आत्महत्या हर पहलुओं पर पुलिस जांच में जुट गई हैं। इधर, पॉलिटेक्निक के छात्रों ने बताया कि कुछ लड़के गरीब परिवार से आते हैं। ऐसे लड़कों के लिए होस्टल का किराया से लेकर खाने पीने का सामान के लिए भी जुगाड़ कर पाना मुश्किल होता है अगर पॉलिटेक्निक कॉलेज का हॉस्टल दे दिया जाता तो वैसे लड़के को कम से कम सहारा तो होता। जबकि पॉलिटेक्निक का हॉस्टल खाली पड़ा हुआ है।

बाबा गणिनाथ जयंती समारोह को धूमधाम से मनाने का लिया निर्णय

लातेहार। प्रखंड कमेटी के द्वारा मद्धेशिया वैश्य महासभा लातेहार (हलवाई समाज) की बैठक की गई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 09.09. 2023 दिन शनिवार को बाबा गणिनाथ जयंती समारोह लातेहार जिले के नगर भवन (पंडित दीनदयाल उपाध्याय)में मनाया जाएगा। बैठक में राजेश कुमार गुप्ता प्रखंड अध्यक्ष, विवेक कुमार गुप्ता (प्रदेश महामंत्री), अजय प्रसाद (प्रखंड महामंत्री), विजय प्रसाद, पप्पू कुमार गुप्ता ,मनोज प्रसाद, रामजन्म कुमार, संदीप प्रसाद, पिंटू कुमार गुप्ता, विश्वनाथ प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, सुनील कुमार, केश्वर प्रसाद, नंदू साव आदि स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

रेलवे की इमरजेंसी लाइट के साथ दो चोर को आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

बरवाडीह। बरवाडीह आरपीएफ पोस्ट द्वारा रेलवे ट्रेन इमरजेंसी लाइट चोरी करने की मामले को लेकर आरपीएफ इंस्पेक्टर ओम प्रकाश ठाकुर को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सब इंस्पेक्टर आलोक आनंद के नेतृत्व में पलामू जिले के चैनपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत अबसाने गांव में छापेमारी अभियान चलाकर हरिओम चौधरी पिता लाल बहादुर चौधरी के घर में जाँच करते हुए रेलवे से चोरी की गई दो इमरजेंसी लाइट बरामद किया गया। जहां आरपीएफ द्वारा पूछताछ क्रम में बताया गया कि डाल्टेनगंज से घर आने के क्रम में ट्रेन से लाइट को खोला गया था। जहां इस चोरी में विशाल कुमार और नवनीत चौधरी किया करता था। कोई उनकी निशानदेही पर दो अन्य घरों में छापेमारी करने का काम किया गया जहां से भी लाइट बरामद की गई . आरपीएफ के द्वारा पूरे मामले में गिरफ्तार किए गए तीनों अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए तीनो को डाल्टेनगंज रेल न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए जेल भेज दिया। इस अभियान में सहायक अवर निरीक्षक ओमप्रकाश यादव और आरपीएफ के जवान शामिल थे।

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए विंदेश्वरी ततमा ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए वनाधिकार अधिनियम के तहत अनापत्ति प्रमाण पत्र के प्रस्ताव तथा सामुदायिक वन पट्टा के प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया।

जिला स्तरीय वनाधिकार समिति के द्वारा विमर्श के उपरांत डीवीसी नार्थ कर्णपुरा (पिपरवार) सब स्टेशन से पूर्व मध्य रेल धनबाद के टीसीएस बालूमाथ तक 132 केवी ट्रांसमिशन लाईन हेतु, मगध रेलवे साईडिंग हेतु, आईआरबी -04 के स्थापना हेतु मौजा लटदाग में भूमि अपयोजन हेतु, ग्राम रामसेली सुग्गाबांध में कम्युनिटी सेंटर निर्माण हेतु, ग्राम गसिगड़ा में कम्युनिटी सेंटर हेतु वनाधिकार अधिनियम के तहत अनापत्ति पर निर्गत करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। इसके अलावा मनिका प्रखंड अंतर्गत ग्राम-अगरडीहा मंधनिया में सरना स्थल हेतु समेत चंदवा प्रखंड अंतर्गत लुकईया गंझुटोला एवं ग्राम काली डुमारो में सामुदायिक वन पट्टा निर्गत करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। बैठक में उप निदेशक पीटीआर दक्षिणी कुमार आशीष, वन प्रमंडल पदाधिकारी लातेहार रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक आईटीडीए विन्देश्वरी ततमा, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

संत जेवियर्स कॉलेज में मनाया गया संत अन्ना का स्थापना दिवस

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़
संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ में संत अन्ना का स्थापना दिवस धूम धाम से मनाया। ज्ञात हो कि सात साल पहले अन्ना समाज के प्रोविंशियल सुप्रियर सिस्टर कुसुमा एवं सहायक प्रोविंशियल सिस्टर प्रदीपा की अगुवाई में कॉलेज एवं छात्रावास में कार्य आरंभ किया गया था। संत अन्ना समाज ने छात्रावास एवं कॉलेज के सफल संचालन के लिए विशाखापट्टनम से सिस्टर कैसलीन, सिस्टर निर्मला और सिस्टर मरियाना को भेजा था। इन सिस्टरों के व्यवस्थित तथा अनुशासित प्रयास से कॉलेज व छात्रावास को खड़ा किया गया। कार्यक्रम का शुरूआत प्राचार्य डॉ फादर एमके जोश ने सभी सिस्टरों का स्वागत कर किया। इस अवसर पर छात्रावास के छात्राओं के द्वारा रंगा- रंग कार्यक्रम पेश किया गया।

फादर समीर ने कहा कि देश में हमारी धर्म बहने शिक्षा समाज सेवा के क्षेत्र मे अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं।सिस्टर कैशलीन ने कहा कि धर्म बहनें अपने जीवन को प्रभु के चरणों में त्याग कर सभी धर्मविश्वासियों को प्रभु यीशु के दिखाए सच्चे मार्ग पर चलने का संदेश देती हैं। इस कार्यक्रम में छात्रावास अधीक्षक सिस्टर लीजा, सिस्टर कैशलीन एवं सिस्टर चन्द्रोदया ने सभी को धन्यवाद दिया। मौके पर महाविद्यालय के फादर डॉ. समीर और फादर राजीप तिर्की भी उपस्थित थे। प्राचार्य महोदय ने सभी को संत अन्ना पर्व की शुभकामनाएं दी साथ ही सिस्टरो के कार्यों एवं प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो. शेफाली प्रकाश ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिस्टर कैसलिन, सि. चंद्रोदया, सि. प्रतिमा, प्राध्यापिका डॉ प्यारी कुजूर प्रो रोस एलिस, अंजना एक्का, रीमा रेणु कन्डुलना प्रो रश्मि सुमन टोप्पो प्रो शशि शेखर और सुरभी सिन्हा उपस्थित थे।

जिप सदस्य के प्रयास से तुरवा में लगा ट्रांसफार्मर

चंदवा। प्रखंड के हुटाप पंचायत के तुरुवा गांव में नया ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों में हर्ष है। चंदवा पूर्वी जिप सदस्य प्रतिमा देवी ने फीता काटकर नये ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र कि समस्याओ को निरंतर दूर करने का प्रयास करती रहूंगी। ग्रामीण हमे समस्याओं से अवगत कराये। कई महीनों से तुरुवा गांव का ट्रांसफार्मर जला हुआ था। विभाग को ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत कि थी। मौके पर रोहित यादव,राजकिशोर साव,राधे साव,दिगंबर साव,फागु गंझु,नारायण गंझु,रमेश साव, पार्वती देवी,जनक देवी,किरण देवी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

कार्यक्रम बीएसडीएवी पब्लिक स्कूल में ग्रीन डे सेलिब्रेशन का आयोजन

हरा रंग हमारी समृद्धि का प्रतीक है: प्राचार्य

लातेहार। प्रतिनिधि
जलता स्थित भोला शरण डीएवी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को ग्रीन डे का आयोजन किया गया। इसको लेकर चित्रकला शिक्षक विश्वनाथ साहा ने हरे - भरे कृत्रिम पेड़ पौधे, हरे गुब्बारे, हरी स्माइली से विद्यालय प्रांगण, कार्यक्रम स्थल और मंच को सजाया। विद्यालय के कक्षा एल के जी से तीन के सैकड़ों बच्चे हरे रंग के परिधान में सुसज्जित नजर आ रहे थे। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात कार्यक्रम संयोजक विद्यालय के संगीत शिक्षक सूरज कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम के महत्त्व से लोगों को

परिचय कराया । उन्होंने कहा कि ग्रीन डे सेलिब्रेशन पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यालय के नन्हें-मुन्ने सितारे एलकेजी और यूकेजी के बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक कविता और रोल प्ले मॉडल प्रदर्शन हुआ जिसमें बच्चे तोता, पेड़, पृथ्वी ,अंगूर, अमरूद, करेला , भिंडी आदि हरे फल और सब्जियाँ बनकर उसके बारे में बताया। कक्षा एक और दो के बच्चों ने सामूहिक नृत्य ' ना काटो मुझे दुखता है'.....प्रस्तुत कर वृक्षों की करुणा को दशार्या और तालियाँ बटोरीं। वहीं कक्षा तीन के विद्यार्थी आयुष और प्रखर ने ' अगर पेड़ भी चलते होते' सस्वर कविता वाचन प्रस्तुत किया। बच्चों ने हिंदी नाटक ' हरी साग सब्जी' और 'वृक्ष सुरक्षा' को प्रस्तुत किया, और वृक्षों की देखभाल के बारे में बतलाया। बच्चों ने वेजिटेबल सेलर का रोल प्ले कर विभिन्न हरी साग - सब्जियों के क्रय- विक्रय और उपयोगिता को भी समझाया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने बच्चों को बतलाया कि हरा रंग हमारी समृद्धि, हरियाली और उर्वरता का प्रतीक है । विद्यालय के शिक्षक सुशील कुमार दुबे ने बच्चों को कहा कि हमें पेड़-पौधे अवश्य लगाने चाहिए। शिक्षिका शकुंतला पाल ने बच्चों को जीवन में हरे रंग के महत्व को बताया। शिक्षिका रुक्मणी ने बच्चों को ग्रीन वेजिटेबल्स और फ्रूट्स के बारे में बताया। प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने विद्यालय उपवन में चांदनी, कोटोंन,महगुनी, कलांचू ,कामिनी जैसे पौधों का पौधरोपण किया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन देते हुए विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अरुण कुमार पांडेय ने कहा कि प्रकृति की रक्षा जरूरी है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक रवि प्रकाश तिवारी,बसंत कुमार, आशिफ, कुंदन, अजीत कुमार सहित सैकड़ों विद्यार्थी और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

केंद्रीय संचार ब्यूरो ने सिसई में विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया आयोजन

विजय दिवस के उपलक्ष्य में होंगे कई कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता। गुमला

केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विजय दिवस, प्रधानमंत्री व्यय वंदना योजना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं केंद्र सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सिसई में छात्राओं द्वारा कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को नमन किया गया। कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध

हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर उपस्थित वार्डन शोभा मुक्ता कुल्लू, शिक्षक-शिक्षिकाओं, केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला के कर्मचारियों एवं उपस्थित सभी अतिथिगण एवं छात्राओं द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में झारखंड के अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को भी याद किया गया। साथ ही छात्राओं के बीच रंगोली एवं चित्रांकन प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जिस में छात्राओं ने कारगिल विजय दिवस पर मनमोहक रंगोलियां एवं चित्रांकन की प्रस्तुति दी।

प्रतिभागियों में से दस विजेताओं को चुना जाएगा और सभी विजेता प्रतिभागियों को 26 जुलाई को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सिसई के प्रांगण में होने वाले मुख्य कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। ज्ञात हो कि विजय दिवस के उपलक्ष्य पर 26 जुलाई को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सिसई में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन की मुख्य अतिथि सिसई की ज़िला परिषद् अध्यक्ष किरण माला बाड़ा होंगी। इस अवसर पर देश भक्ति तथा लोकगीत के आयोजन के साथ-साथ अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी उपस्थित जनमानस के लिए आयोजित किए जायेंगे।

विधायक भूषण बाड़ा ने मुख्यमंत्री को बतायी जिले की समस्या

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा

विधायक भूषण बाड़ा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर जिले की समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर विधायक ने बताया कि सिमडेगा कॉलेज में सीएम के आदेश के बाद भी इंटर में नामांकन नहीं होने की जानकारी दी। इससे छात्रों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने सिमडेगा कॉलेज में इंटर में नामांकन शुरू कराने की मांग की। वहीं विधायक ने जिले में व्याप्त चिकित्सकों की कमी से भी अवगत कराया। साथ ही कहा कि चिकित्सकों की कमी के कारण कई मरीज बेहतर इलाज के आभाव में जान गवां रहे हैं। कई बार तो मरीज इलाज के लिए बाहर जाने को विवश हैं। विधायक ने सदर अस्पताल में मौजूद अल्ट्रासाउंड की सुविधा बंद होने की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अल्ट्रासाउंड सुविधा कुछ दिन सुचारु रहने के बाद पुनः बंद कर दिया जाता है। इस कारण गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानी होती है। विधायक ने मानसून की स्थिति से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कम बारिश के कारण खेती कार्य प्रभावित हो रही है। पिछले साल भी बारिश की यही स्थिति थी। इसके बावजूद जिले को सुखाड़ घोषित नहीं किया गया। इससे किसानों को काफी निराशा हाथ लगी। विधायक ने जिले में व्याप्त अधिकारियों की कमी से भी अवगत कराया। साथ ही अधिकारियों का पदस्थापन कराने की मांग की।

मौके पर विधायक ने पलायन की समस्या से भी अवगत कराया। साथ ही पलायन पर अंकुश लगाने के लिए कठोर कानून बनाने की मांग की। विधायक ने हर घर जल नल योजना में किये गए अनियमित्ता की भी जानकारी दी।

संक्षिप्त

बिजली करंट लगने से किसान का बैल मरा

भंडरा/लोहरदगा। भंडरा थाना क्षेत्र के कच्चमची गांव के किसान सनी उरांव का बैल बिजली के करंट से मर गया। सनी उरांव अपनी गाय एवं बेलों को चराने के लिए खेत में ले गया था। उसी जगह से सिंचाई हेतु किसान बिजली का तार खींचकर ले गए थे। किसानों द्वारा सिंचाई के लिए खींचे गए तार के संपर्क में आने के बाद बैल को करंट लगने से मृत्यु हो गई ।बैल के मरने से किसान के समक्ष खेतो की जुताई कुड़ाई करने के लिए समस्या हो गई। किसान के द्वारा बैल की मृत्यु के बाद उत्पन्न समस्या की भरपाई के लिए मुआवजा की मांग की गई है।

हुसैनी मोहर्रम कमेटी का अध्यक्ष बने जुल्फान अंसारी

भंडरा/लोहरदगा। भंडरा में हुसैनी मोहर्रम कमेटी का गठन स्थानीय लोगों के द्वारा की गई है। हुसैनी मोहर्रम कमेटी के द्वारा 30 जुलाई को भंडरा मेला टाड़ में मोहर्रम मेला का आयोजन किया गया है। इस कमेटी का अध्यक्ष जुल्फान अंसारी, सचिव अब्दुल कुदुष, उपाध्यक्ष इसराइल अंसारी, उपसचिव अयूब अंसारी, कोषाध्यक्ष सिकंदर खान , सदस्य एनुल अंसारी, तालिब अंसारी, शमशेर अंसारी, शाहिद अंसारी को बनाया गया है।

मालवाहक पिकअप की चोरी, अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के अरू चौक के समीप 20 दिन से खड़ी मालवाहक पिकअप जे एच 01 सी एस 4113 को अज्ञात चोरों द्वारा देर रात चुरा लिया गया। घटना की सूचना वाहन मालिक आशीष कुमार गिरी को अहले सुबह होते ही सेन्हा थाना में सूचना देते हुए अज्ञात चोर के विरुद्ध आवेदन देते प्राथमिकी दर्ज कराया। पिकअप मालिक द्वारा बताया जाता है। काम नही मिलने के कारण माल वाहक पिकअप गाड़ी 20 दिन से घर के समीप खड़ा था। जिसमे जीपीएस भी लगा हुआ था। जिसे चोरों ने काट कर पिकअप चुरा ले भागा। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि अज्ञात चोरों द्वारा चोरी घटना को अंजाम देने की सूचना आवेदन के माध्यम से वाहन मालिक के द्वारा प्राप्त हुआ है। जिसके आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर अज्ञात चोर के विरुद्ध पुलिस द्वारा कारवाई आरम्भ कर दिया गया।

स्मृति चिन्ह भेंट कर उपायुक्त व डीडीसी को सीआरपीएफ ने सम्मानित किया

लोहरदगा। सीआरपीएफ 158 बटालियन के कमांडेंट राहुल कुमार, एवं अन्य अधिकारियों ने जिले के उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्णा, एवं डीडीसी समीरा एस को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उपायुक्त कार्यालय में शिष्टाचार भेंट के दौरान 158 बटालियन सी.आर.पी.एफ. परिवार की तरफ से शुभकामनाओं के साथ उन्हें एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार ने बताया कि भूमि अभिलेखों का पूर्ण डिजिटलीकरण करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2023 के दौरान लोहरदगा जिले को भूमि सम्मान से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति महोदया द्रौपदी मुर्मू द्वारा डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्णा, उपायुक्त लोहरदगा एवं समीरा एस. उप विकास आयुक्त लोहरदगा को भूमि सम्मान पुरस्कार प्रदान किया गया। जिसकी वजह से लोहरदगा जिले का नाम राष्ट्रीय पटल पर उजागर हुआ है।

प्रखंड कार्यालय सिमडेगा में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित हुई समीक्षा बैठक

सिमडेगा : सदर प्रखंड कार्यालय सिमडेगा में प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार रजक की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई. जिसमे स्वास्थ्य विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया गया जिसमे मुख्य रूप से सांप काटने से संबन्धित दवा की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता एवम इसके जागरूकता हेतु व्यपक प्रचार प्रसार करने को कहा गया एवं मिशन इंद्रधनुष के तहत छूटे हुवे बच्चो का टीकाकरण करना सत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करेंगे शत प्रतिशत बच्चो को चिन्हित कर भर्ती करने को कहा गया,स्वास्थ्य उप केंद्र का साफ सफाई के साथ साथ जीवन रक्षा द्वावों के साथ साथ अन्य जरूरी द्ववो की उपलब्ध कराना सभी पीएचसी सीएचसी मेंएमपीडब्ल्यू, एएनएम की उपस्थिति सुनिश्चित किनारा. विएचएसेंडी में गर्भवती महिलाओ का सही से जांच करने, बच्चो का टीकाकरण एवम पोसाहार का सही से वितरण करने को कहा गया, जन्म -मृत्यु प्रमाण -पत्र स्वास्थ्य विभाग को ससम निर्गत करने को कहा गया। बैठक में प्रभारी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखण्ड कार्यकर्म पदाधिकारी महिला पर्यवेक्षिका एवम अन्य कर्मी उपस्थित थे।

उपायुक्त ने एमसीए और टास्क फोर्स को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

एनजीटी के आदेशों का उल्लंघन करनेवालों पर कार्रवाई करें: डीसी

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अगुवाई में खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में सहायक खनन पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा जुलाई माह में अवैध तरीके बालू उठाव व परिवहन को लेकर की गई कार्रवाई की जानकारी दी गई। संबंधित थाना प्रभारियों को निदेश दिया गया कि एनजीटी के आदेशों का उल्लंघन करनेवालों पर कार्रवाई करें, छापेमारी व कार्रवाई की संख्या बढ़ाएं। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, डीएसपी मुख्यालय, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

केकरांग पुलिस पीकेट में एक माह के भीतर जलापूर्ति करें:

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में एससीए की बैठक आयोजित हुई। बैठक में एससीए अंतर्गत पूर्ण, लंबित, अवार्ड मनी से ली गई योजनाओं की स्थिति आदि की समीक्षा की गई।

बैठक में केकरांग में पुलिस पिकेट में पेयजल की उपलब्धता हेतु ली गई योजना एक माह के अंदर पूर्ण करने का निदेश पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा को दिया गया। किस्को में पेयजल की अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही वन विभाग लातेहार से सम्बंधित एनओसी लेने के लिए डीसी व डीएफओ लातेहार को पत्राचार

किये जाने का निदेश दिया गया। उत्क्रमित उच्च विद्यालय भंडरा, राजकीय मध्य विद्यालय पावरगंज, बुनियादी विद्यालय हनहट, उत्क्रमित उर्दू विद्यालय गराडीह में पेयजल की उपलब्धता हेतु स्थल जांच कर हल निकालने का निदेश दिया गया। बैठक में अवार्ड मनी से ली गयी योजनाओं व उसके अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में डीएफओ अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, डीपीओ अरुण सिंह समेत अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

यूनिफाईड कमाण्ड की बैठक में अधिकारियों को मिला निर्देश:

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को यूनिफाईड कमाण्ड की बैठक हुई। बैठक में आरईओ, लोहरदगा के कार्यपालक अभियंता को ओनेगड़ा में पुल निर्माण, नारी-धुवामोड़ से सांगोडीह पथ को बंद करने हेतु राज्य स्तर पर प्रस्ताव भेजे जाने का निदेश दिया गया। एलडब्ल्यूई प्रोजेक्ट अंतर्गत मोबाईल टावर अधिष्ठापन के स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्र में बिजली की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में सीआरपीएफ कमाण्डेंट राहुल कुमार, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, डीएसपी मुख्यालय परमेश्वर प्रसाद, एसडीपीओ समेत सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

रेस परियोजना के तहत ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

कोलेबिरा: लीड्स द्वारा संचालित रेस परियोजना के तहत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन कोलेबिरा प्रखंड के पंचायत सभागार कोलेबिरा में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ रेस परियोजना के डीपीएम नरेंद्र मिश्रा के द्वारा परियोजना के बारे में विस्तृत पूर्वक जानकारी दी गई।स्वच्छ उर्जा कोऑर्डिनेटर मनीष कुमार सिंह ने क्लीन एनर्जी के ऊपर हो रहे कार्यों का विस्तृत जानकारी दी गई । उन्होंने बताया कि यह परियोजना चार वर्ष से सिमडेगा जिले के कोलेबिरा प्रखंड 11 पंचायत के गांव में संचालित हो रही है। जिसमें ग्राम स्तर पर स्वच्छ ऊर्जा समिति बनाकर लोगों को ऊर्जा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं परियोजना में कोलेबिरा प्रखंड के अंदर क्लीन एनर्जी के ऊपर किए जा रहे कार्यों व उपलब्धियों की चर्चा की। साथ ही उन्होंने रेस परियोजना के तहत अबतक लगभग 500 से अधिक युवाओं को स्किल प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जो पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जुड़ अपने हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं।

गांवों में भी सेवा कार्य करेगा मारवाड़ी युवा मंच: जय प्रकाश

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के पदाधिकारियों के द्वारा झारखंड प्रांत के सभी शाखाओं की सांगठनिक दौरे की शुरूआत की गई। झारखंड प्रांत के प्रांतीय संयोजक जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि झारखंड में वर्तमान में 77 शाखाओं के द्वारा जन मानस के उत्कृष्ट सेवा कार्य किए जा रहे हैं।प्रांतीय पदाधिकारियों का एक मंडल सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, चंदवा, लातेहार, चतरा, डालटेनगंज की मंच शाखाओं का भ्रमण किया जहां सभी पदाधिकारियों का पूरे गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विभिन्न जिलों के कार्यकारिणी बैठक में मंच शाखा के कार्यों की विस्तृत

जानकारी ली और सेवा कार्य का विस्तार कैसे हो इसपर मंथन किया। मंच की सभी शाखाओं के द्वारा एंबुलेंस, शव वाहिनी,स्थाई प्याऊ संचालन, ऑक्सीजन सिलेंडर वितरण, स्वास्थ्य सेवाएं, प्रकृति संरक्षण, रक्तदान, सहित अन्य सेवा कार्य लगातार किए जा रहे हैं। झारखंड प्रांत की नई कार्यकारिणी ने एक नए प्रकल्प पर कार्य करने का आग्रह सभी शाखाओं से किया है जिसमें बताया गया कि मंच के माध्यम से किसी अति पिछड़े ग्रामीण क्षेत्र पर अपनी सेवाएं दी जाए। लोहरदगा की बैठक में युवा भवन निर्माण की बात रखी गई। प्रांतीय उपाध्यक्ष विक्रम शर्मा ने शाखा विस्तार पर विशेष जोर दिया। सहायक मंत्री सुमित अग्रवाल ने डाल्टनगंज में होने वाले बैठक में ज्यादा से ज्यादा लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा।

बीडीओ ने आवासीय विद्यालय के शिक्षक पद के लिए अभ्यार्थियों का लिया इंटरव्यू

नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर

प्रखंड मुख्यालय के झारखंड आवासीय विद्यालय के अर्थशास्त्र शिक्षक नियुक्ति को लेकर अभ्यर्थियों से चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. शिशिर कुमार सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में कुल 4 अभ्यर्थियों का बारी-बारी से इंटरव्यू लिया। इस इंटरव्यू में मुख्य रूप से बीडीओ शिशिर कुमार सिंह, सीओ गौतम कुमार, परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज के सहायक प्रोफेसर अमित कुमार के द्वरा सभी अभ्यार्थियों से अर्थशास्त्र विषय पर सवाल जवाब किया गया। जिसके बाद इंटरव्यू में अच्छा प्रदर्शन करने वाली तेजी बरला को सर्वसम्मति से

अर्थशास्त्र के शिक्षक पद पर नियुक्त किया गया। मौके पर बीडीओ ने बताया कि झारखंड आवासीय विद्यालय में अर्थशास्त्र के शिक्षक की कमी थी जिसके कारण वहां बच्चों के पठन-पाठन में बाधित हो रही थी। जिसके बाद स्कूल के वार्डन द्वारा निकाले गए विज्ञापन के आधार पर मंगलवार को 4 अभ्यर्थियों का इंटरव्यू लिया गया। जिसमें 1 अभ्यर्थी का चयन किया गया है जो घंटा आधारित मानदेय पर झारखंड आवासीय विद्यालय में अर्थशास्त्र के शिक्षक के पद पर अपना योगदान देंगे।

संदेश — उपायुक्त ने जागरूकता रथ को किया रवाना, कहा अंधविश्वास से दूर रहें

डायन बिसाही जैसी कुरीतियों के प्रति जागरूक करेगा रथ

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

जिला से डायन प्रथा उन्मूलन हेतु उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने समाहरणालय परिसर से एक जागरूकता रथ को रवाना किया। यह जागरूकता रथ अगले दस दिनों तक सभी प्रखंडों के सभी पंचायतों में जाकर जागरूकता फैलाएगा और डायन प्रथा से संबंधित किसी भी अपराध के लिए सजा संबंधी प्रावधानों को भी लोगों को बताएगा। इस रथ के साथ एक नुक्कड़ नाटक दल भी रवाना हुआ है जो ग्रामीणों को स्थानीय लोगों को वहां के स्थानीय भाषा में उनको

नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से उनको डायन प्रथा जैसी सामाजिक कुरीति से अवगत कराएगा। मौके पर उपायुक्त ने डायन बिसाही और भूत प्रेत को अंधविश्वास बताया। कहा कि विज्ञान इतना आगे बढ़ चुका है। बावजूद इसके सुदूरवर्ती इलाके के लोग आज भी डायन बिसाही और भूत प्रेत को मानते हैं। इसी के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से रथ रवाना किया जा रहा है। डीएसडब्ल्यूओ पूजा कुमारी ने बताया कि गांव गांव में रथ के माध्यम से लोगो मे अंधविश्वास के विरुद्ध जागरूकता लायी जाएगी। डायन बिसाही जैसे मामलों में पड़ कर लोग ओझा गुणी के चक्कर में आकर अपना जीवन खराब कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि डायन बिसाही का आरोप लगाकर किसी को प्रताड़ित करना संगीन अपराध है। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पूजा कुमारी समेत सभी महिला पर्यवेक्षक व आंगनबाड़ी वर्कर उपस्थित थे।

NEWS इन ब्रीफ

चीनी कंपनी के 8200 करोड़ के निवेश प्रस्ताव को ठुकराया

नई दिल्ली। भारत सरकार ने चीन की इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) निमार्ता कंपनी बीवाईडी के एक अरब डॉलर (करीब 8,200 करोड़ रुपए) के निवेश से ई-वाहन संयंत्र लगाने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। कंपनी ने अपनी भारतीय भागीदार मेघा इंजीनियरिंग एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि. (एमईआईएल) के साथ मिलकर तेलंगाना में ई-वाहन उत्पादन संयंत्र लगाने का प्रस्ताव दिया था। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय को यह प्रस्ताव भेजा गया था। इस प्रस्ताव को जरूरी पड़ताल एवं मंजूरी के लिए भारी उद्योग मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के पास भी भेजा गया था।

रॉयल एनफील्ड की की बिक्री दो लाख इकाई के पार

नई दिल्ली। मोटरसाइकिल विनिमार्ता रॉयल एनफील्ड ने मंगलवार को कहा कि उसकी हंटर 350 मॉडल ने पेशकश के एक साल से भी कम समय में दो लाख इकाई की कुल बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। रॉयल एनफील्ड ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने अगस्त 2022 में हंटर 350 मॉडल पेश किया था। इस मॉडल ने फरवरी 2023 में एक लाख इकाई की बिक्री का आंकड़ा छू लिया और इसके केवल पांच महीनों में अगली एक लाख इकाई की बिक्री दर्ज की। रॉयल एनफील्ड के सीईओ बी गोविंदराजन ने कहा, "हमें गर्व है कि पेशकश के एक साल से भी कम समय में हंटर ने दुनिया भर में दो लाख से अधिक सवारियों को जोड़ लिया है। सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी हंटर 350 की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है।" कंपनी ने कहा कि भारत में हंटर 350 ने महानगरों के अलावा टियर-दो और टियर-तीन बाजारों में भी तेजी से मौजूदगी दर्ज कराई है।

टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस को आईपीओ लाने के लिए सेबी की मंजूरी मिली

नई दिल्ली। टीवीएस समूह की कंपनी टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस को प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल गई है। आईपीओ के मसौदा प्रस्ताव के अनुसार निर्गम में 750 करोड़ रुपए तक के ताजा इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा प्रवर्तक और मौजूदा शेयरधारक दो करोड़ से अधिक इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) करेंगे। ओएफएस में शेयर बेचने वालों में ओमेगा टीसी होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड, टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड, महोगनी सिंगापुर कंपनी पीटीई लिमिटेड और टीवीएस मोटर कंपनी लिमिटेड शामिल है। कंपनी ने अप्रैल में आईपीओ के लिए दस्तावेज जमा किए थे और उसे भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से 18 जुलाई को मंजूरी मिली।

स्काईबॉल की नई स्मार्टवॉच लॉन्च, दमदार हैं फीचर्स

नई दिल्ली। स्काईबॉल ने इस साल स्मार्टवॉच के 5 स्मार्ट मॉडल लॉन्च किये हैं। एमोलेड डिस्प्ले सपोर्ट के साथ इनमें स्काईफिट एलिवेट और स्काईफिट रिगोर मॉडल शामिल हैं। इनकी कीमत 1,999 से 4,999 रुपये के बीच हैं, जो पॉकेट फ्रेंडली हैं। कंपनी दिवाली से पहले तीन नए मॉडल लॉन्च करेगी जो उनमें शामिल होंगे और कंपनी के अनुसार कंज्यूमर को बेस्ट इन क्लास एक्सपीरिएंस मिलेगा। स्काईबॉल ने स्मार्टवॉच कैटेगरी में हाल ही में एंट्री की है। इसमें कटिंग एज टेक्नोलॉजी और शानदार क्वालिटी ऑफर की जाती है। स्कॉईबॉल का स्मार्टवॉच कैटेगरी को लेकर एक प्लान बनाया गया है, जिसके मुताबिक दिवाली से पहले तीन नए मॉडल को लॉन्च किया जाएगा। हालांकि कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक ब्रांड स्काईबॉल का फोकस हमेशा होम ऑडियो के साथ स्मार्ट एसेसरीज पर रहा है। कंपनी का इस साल करीब एक लाख यूनिट स्मार्टवॉच बेचने का बिक्री का लक्ष्य है। इसमें करीब 40 फीसद कारोबार स्मार्टवॉच सेगमेंट से आएगा। कंपनी के अनुसार पहले साल टर्नओवर करीब

एथनॉल के लिए नहीं मिल रहा चावल

देश का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम लड़खड़ा सकता है

एजेंसी। नई दिल्ली

एथनॉल बनाने के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदामों से चावल मिलना बंद होने की खबर है। एथनॉल बनाने वाली डिस्टिलरियों ने यह शिकायत करते हुए बताया कि पिछले एक हफ्ते से उन्हें चावल नहीं मिल रहा है। इससे ईंधन में एथनॉल मिलाने का देश का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम लड़खड़ा सकता है। चावल की आपूर्ति रुकने से देश में करीब 100 डिस्टिलरियों का एथनॉल उत्पादन प्रभावित हो सकता है। इन डिस्टिलरियों में एथनॉल बनाने के लिए चावल का इस्तेमाल होता है, जो एफसीआई से ही आता है। वे चावल

को स्टार्च में बदलती हैं, जिससे एथनॉल तैयार किया जाता है। उद्योग भागीदारों ने बताया कि कुछ डिस्टिलरी दो तरह का कच्चा माल इस्तेमाल करती हैं। चीनी के सीजन में गन्ने से एथनॉल बनाया जाता है और साल के बाकी महीनों में अनाज का इस्तेमाल होता है। मगर उन पर भी असर पड़ सकता है। सूत्रों के मुताबिक एफसीआई ने अधिकारिक तौर पर इस निर्णय के पीछे का कारण नहीं बताया मगर माना यही जा रहा है कि अनाज की बढ़ती कीमतों और 2023-24 फसल वर्ष में कम बारिश और उसके बाद बाढ़ के कारण धान की उपज कम रहने की आशंका में ही ऐसा किया गया है। पिछले सप्ताह निर्यात पर प्रतिबंध भी इन्हीं दो कारणों से लगाया गया है। संपर्क करने पर एफसीआई के आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि उन्हें ऐसे किसी निर्देश की जानकारी नहीं है। इन मामलों को देखने वाले एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस मुद्दे पर मीडिया से बात करने का अधिकार उन्हें नहीं दिया गया है। एफसीआई एथनॉल उत्पादकों को 20 रुपए प्रति किलोग्राम के भाव पर चावल बेचता है, जो खुले बाजार में बिक्री के 31 रुपए प्रति किलो के भाव से काफी कम है। एथनॉल मिलाने के लिए एफसीआई से सलाना करीब 15 लाख टन चावल की जरूरत होती है।

डीजीसीए की तरफ से स्पाइसजेट को मिली बड़ी राहत

नई दिल्ली। विमानन नियामक डीजीसीए ने स्पाइसजेट को अपनी बढ़ी हुई निगरानी व्यवस्था से हटा दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना कर रही एयरलाइन को हाल ही में बढ़ी हुई निगरानी में रखा गया था। डीजीसीए के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अपर्याप्त रख-रखाव और पिछले साल मानसून के दौरान हुई घटनाओं के मद्देनजर स्पाइसजेट को बढ़ी हुई निगरानी में रखा गया था।

GOVT.OF. JHARKHAND OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Gumla
Email id- eemechgumla@gmail.com

Very Short E-Quotation No. 08/2023-24 (Second call)

Rates through e-quotations are invited for "Material" category for Supplying installation and commissioning of VT pump set having discharge 44000gph and Head 120meters and its accessories at urban water supply (Nagfeni raw water) scheme Gumla . Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plant replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in . Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 28.07.2023 at 3.30 hrs. to 07.08.2023 at 3.00 hrs. The quotation will be opened on 07.08.2023 at 3.30pm Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Gumla.

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division,
Gumla

PR 303217 Water Resource(23-24)D

कार्यालय नगर परिषद्, चतरा

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–05/2023–24

1. कार्यालय का नाम :–नगर परिषद्, चतरा।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम :–कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, चतरा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–04.08.2023 को कार्यालय अवधि तक।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 05.08.2023 को 3:00 बजे अपराहन् तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–05.08.2023 को 3:30 बजे अपराहन्।
6. निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय नगर परिषद्, चतरा।
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि भी घट–बढ़ सकती है।

क्र0	योजना का नाम	वार्ड नं0	परिमाण विपत्र की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	कार्य समाप्ति का समय
01	Construction of Cemented Bench in Naiki Talab, Ward No.-16 under Nagar Parishad, Chatra.	16	1,96,016.00	1,000.00	3,950.00	1 माह

नोट:– नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा

PR303204 (Urban Development)23-24*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, चतरा

ई-अति अल्पकालीन् पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–पुनर्निविदा सूचना संख्या– Ref No: EE/NREP/CHATRA/12/2022-23-RE-1 दिनांक– 24.07.2023

1. मद का नाम: DMFT योजना अन्तर्गत :–

क्र॰ सं॰	ग्रुप संख्या	प्रखंड	पंचायत	ग्राम	योजना का नाम	परिमाण विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
01	03	प्रतापपुर	घोरीघाट	जोलहते तरीया	ग्राम जोलहततरीया मेन रोड से मस्जिद तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	2745899	55000	5000	3 माह
02	10	प्रतापपुर	रामपुर	रामपुर	समीम आलम के घर से स्कूल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	421318	8500	750	1 माह
03	13	प्रतापपुर	रामपुर	कसमार	आर0ई0ओ0 रोड से पेरिमिया अकादमी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	468065	9400	750	1 माह
04	16	प्रतापपुर	रामपुर	रामपुर	रीता देवी के घर से सचिवालय तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1875689	37600	5000	3 माह

2. वेबसाइट में ई–पुनर्निविदा प्रकाशन की तिथि – 03.08.2023
3. ई – पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –.12.08.2023 के अपराहन 5:00 बजे तक
4. (i) एन.आर.ई.पी., चतरा एवं (ii) अधिक्षण अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल हजारीबाग (iii) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 14.08.2023 पूर्वाहन् 10.00 बजे से अपराहन 03.00 बजे तक।
5. ई–पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 16.08.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–पुनर्निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता एन.आर.ई.पी. चतरा
7. ई– पुनर्निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं. – 9572666229 (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई– पुनर्निविदा शूल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउण्ट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन.आर.ई.पी. चतरा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. Ucan Registration फोटोकॉपी Upload करना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता
एन.आर.ई.पी., चतरा

PR 303194 NREP (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन0आर0ई0पी0, चतरा।

ई–अति अल्पकालीन् पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–पुनर्निविदा सूचना संख्या– Ref No: EE/NREP/CHATRA/16/2023-RE-1 दिनांक–24.07.2023

1.मद का नाम: DMFT योजना अन्तर्गत:–

क्र॰ सं॰	ग्रुप संख्या	प्रखंड	पंचायत	ग्राम	योजना का नाम	परिमाण विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
01	01	टण्डवा	टण्डवा	टण्डवा	नीम चौक महवीर स्थान से बरगाछ तक पी0सी0सी0 एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण।	1793000	35900	5000	3 माह
02	03	टण्डवा	टण्डवा	टण्डवा	अशेसर कान्दु के घर से अजय गुप्ता (जतिन स्टोर) तक पी0सी0सी0 एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण।	2495400	50000	5000	3 माह

2. वेबसाइट में ई–पुनर्निविदा प्रकाशन की तिथि – 03.08.2023
3. ई – पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –12.08.2023 के अपराहन 5:00 बजे तक
4. (i) एन.आर.ई.पी., चतरा एवं (ii) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 14.08.2023 पूर्वाहन् 10.00 बजे से अपराहन 03.00 बजे तक।
5. ई–पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 16.08.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–पुनर्निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता एन.आर.ई.पी. चतरा
7. ई– पुनर्निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं. – 6201015432 (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई– पुनर्निविदा शूल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउण्ट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन.आर.ई.पी. चतरा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. Ucan Registration फोटोकॉपी Upload करना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
एन.आर.ई.पी., चतरा।

PR 303190 NREP(23-24)D

कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू (अनु०जनजाति, अनु०जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)

Email- dwopalamu2020@gmail.com

आवश्यक सूचना

आदिवासी कल्याण आयुक्त, झारखण्ड रांची के निदेशानुसार वित्तीय वर्ष 2023–24 से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत राज्य के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वरोजगार एवं उद्यमिता विकास को बढ़ावा देने हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय एवं दिव्यांग वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों को ऋण–सह–अनुदान उपलब्ध कराने हेतु मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना (CMEGP) का ऑनलाईन पोर्टल तैयार किया गया है। इच्छुक आवेदक के द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का आवेदन वेबसाईट cmegp.jharkhand.gov.in पर किया जायेगा।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
पलामू।

PR.NO.303198 District(23-24):D

Deputy Commissioner-cum-District Magistrate, Palamu

(District Development Section)

OFFICE ADDRESS - New Collectorate Building, Block – C, Medininagar, Palamu

Tender Reference No: Date:

"Tender for supply of Sewing Machine Under MLALADS funds for SHG's, Under Panki Assembly Constituency, Palamu"

Sl.	Information	Details
1	Name of the work	Tender for supply of Sewing Machines Under MLALADS funds for SHG's, Under Panki Assembly Constituency Palamu
2	Period of Work	30 Days
3	Date of Publication of Bid onwebsite	25.07.2023
4	Tender Cost/ Document Fee	Rs 5,000/- (In the form of DD) in favour of Deputy Development Commissioner, Palamu
5	Earnest Money Deposit (EMD)	Rs. 1,00,000/- in the form of DD (Valid for at least 6 months from the last date of submission of the bid) duly pledged infavour of Deputy Development Commissioner, Palamu
6	Last date and time of receipt of Bid	Date : 05.08.2023 Time :01.00 PM
7	Date and time of opening of Bid	Date : 05.08.2023 Time: 03.00 PM
8	Bid submission Place	New Collectorate Building, Block – C, Medininagar, Palamu
9	Bid Opening Place	New Collectorate Building, Block – C, Medininagar, Palamu

Deputy Development Commissioner
Palamu

PR 303263 Palamu (23-24)_D

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग) जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू।

Email – dddopalamu@gmail.com

-:आवश्यक सूचना:-

वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य योजनान्तर्गत **मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना** के तहत निम्नलिखित गव्य विकास कार्यक्रमों को अनुदानित/लाभुक अंशदान पर संचालन हेतु इच्छुक ग्रामीण कृषकों/दुधारू मवेशी पालकों द्वारा **दिनांक–10.08.2023 के अपराहन 05.00 बजे तक** संबंधित पंचायत के ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ पूर्ण विवरणी सहित विहित प्रपत्र में भरकर ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की छायाप्रति के साथ संलग्न कर जिला अन्तर्गत संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने हेतु आमंत्रित किया जाता है :–

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम

-: 02 दुधारू गाय/भैंस की योजना:-

चरण	कुल ईकाई लागत	सरकारी अनुदान राशि: 75 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला को छोड़कर)	सरकारी अनुदान राशि: 90 प्रतिशतसिर्फ दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला के लिए	लाभुक अंशदान: 25 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला को छोड़कर)	लाभुक अंशदान: 10 प्रतिशतसिर्फ दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला के लिए
प्रथम चरण (01 गाय/भैंस)	1,35,050/-	51,113/-	61,335/-	17,037/-	6,815/-
द्वितीयचरण (01 गाय/भैंस)		50,175/-	60,210/-	16,725/-	6,690/-

-: 05 दुधारू गाय/भैंस की योजना:-

चरण	कुल ईकाई लागत	सरकारी अनुदान राशि: 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए)	सरकारी अनुदान राशि: 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए	लाभुक अंशदान: 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए)	लाभुक अंशदान: 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए
प्रथम चरण (03 गाय/भैंस)	3,37,625/-	1,52,869/-	1,01,913/-	50,956/-	1,01,912/-
द्वितीयचरण (02 गाय/भैंस)		1,00,350/-	66,900/-	33,450/-	66,900/-

-: 10 दुधारू गाय/भैंस की योजना:-

चरण	कुल ईकाई लागत	सरकारी अनुदान राशि: 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए)	सरकारी अनुदान राशि: 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए	लाभुक अंशदान: 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए)	लाभुक अंशदान: 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए
प्रथम चरण (05 गाय/भैंस)	6,75,250/-	2,55,563/-	1,70,375/-	85,187/-	1,70,375/-
द्वितीय चरण (05 गाय/भैंस)		2,50,875/-	1,70,375/-	83,625/-	1,70,375/-

–: पशुआहार एवं चारा विकास योजना :–

योजना का नाम	कुल ईकाई लागत	सरकारी अनुदान राशि: 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए)	सरकारी अनुदान राशि: 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए	लाभुक अंशदान: 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए)	लाभुक अंशदान: 25 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए
हस्तचालित चैफ कटर	8,000/-	7,200/-	6,000/-	800/-	2,000/-
विद्युतचालित चैफ कटर	20,000/-	18,000/-	15,000/-	2,000/-	5,000/-

अहर्त्ता :–ग्रामीण क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्य/लघु उद्यमियों के सदस्यों के लिए हस्तचालित चैफ कटर के लिए न्यूनतम 05 दुधारू गाय तथा विद्युत चालित चैफ कटर के लिए न्यूनतम 10 दुधारू गाय के होने की अनिवार्यता होगी।

–: प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता योजना :–

कार्यक्रम का नाम	कुल ईकाई लागत	सरकारी अनुदान राशि: 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए)	सरकारी अनुदान राशि: 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए	लाभुक अंशदान: 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए)	लाभुक अंशदान: 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए
मिल्कींग मशीन	1,20,000/-	1,08,000/-	90,000/-	12,000/-	30,000/-
वर्मी कम्पोस्ट यूनिट	25,000/-	22,500/-	18,750/-	2,500/-	6,250/-
पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट	1,00,000/-	90,000/-	75,000/-	10,000/-	25,000/-
काउ मैट (6.5'×4')	5,200/-	4,680/-	3,900/-	520/-	1,300/-
डीप बोरिंग(Boring-4" dia,depth upto 400 ft with PVC casing upto a depth of 40' or as per site. Installation of submersible pump of 1.5 HP including 200' PVC pipe, cap & starter.)	1,00,000/-	90,000/-	75,000/-	10,000/-	25,000/-

अहर्त्ता :–ग्रामीण क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्य/लघु उद्यमियों के पास कम से कम 05 (पाँच) दुधारू गाय के साथ–साथ बुनियादी सुविधा उपलब्ध हो।

–: तकनीकी इनपुट सामग्रियों का वितरण :–

सामग्रियों का नाम	कुल ईकाई लागत	सरकारी अनुदान राशि: 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए)	सरकारी अनुदान राशि: 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए	लाभुक अंशदान: 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए)	लाभुक अंशदान: 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए
संतुलित पशुआहार	24 रू०प्रति किलोग्राम	21.6	18	2.4	6
एरिया स्पेसिफिक मिनरल/अच्छे विशिष्टियों के अन्य मिनरल मिक्चर	120 रू० प्रति किलोग्राम	108	90	12	30
शीतवर्द्धक सप्लीमेण्ट	60 रू० प्रति किलोग्राम	54	45	6	15

अहर्त्ता :–तकनीकी इनपुट सामग्री अन्तर्गत पशुआहार/मिनरल मिक्सचर/फीड सप्लीमेण्ट का लाभ लेने हेतु वैसे दुग्ध उत्पादक जिनके पास अधिकतम 10 अथवा उससे कम दुधारू पशु उपलब्ध हो।

नियम एवं शर्तें :–

- इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति द्वारा अनुशंसित लाभुकों की सूची पर संबंधित प्रखण्ड स्तरीय समिति की अनुशंसा उपरान्त उपायुक्त, पलामू की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा अंतिम रूप से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
- वैसे लाभुक जिन्हें विगत 05 वर्षों में समान योजनाओं का लाभ राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा दिया गया हो, इस योजना का लाभ के पात्र नहीं होंगे।
- जिनके परिवार का एक भी सदस्य संस्थागत भूमि धारक/पूर्व अथवा वर्तमान संवैधानिक पद धारक/केन्द्र एवं राज्य सरकार/लोक उपक्रम/सरकारी स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मी (मल्टी टॉस्किंग स्टाफ/वर्ग IV/समूह 'घ' के कर्मी को छोड़कर) रू०– 10000/– अथवा उससे अधिक मासिक पेंशनधारी/पिछले मूल्यांकन वर्ष में आयकर का भुगतान किया हो/पेशेवर संस्थाओं से निबंधित पेशेवर यथा चिकित्सक, अभियन्ता, वकील, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट एवं आर्किटेक्ट वर्ग के होने की स्थिति में इस योजना के पात्र नहीं होंगे।
- 02/05/10 दुधारू गाय/भैंस की योजना अन्तर्गत दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम का कार्यान्वयन अनुदान–सह–लाभुक अंशदान पर किया जायगा।
- दुधारू मवेशी वितरण योजना का क्रियान्वयन के क्रम में दुधारू मवेशी का क्रय 6 माह के अन्तराल पर दो चरणों में किया जायेगा।
- दुधारू पशु वितरण कार्यक्रम अन्तर्गत पशु शेड का निर्माण मनरेगा अंतर्गत उपलब्ध निधि के अभिसरण से किया जायेगा। पूर्व से मनरेगा अन्तर्गत निर्मित शेड के संबंध में लाभुक के सहमति पत्र के साथ संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा विस्तृत सूची जिला पशुपालन पदाधिकारी/जिला गव्य विकास पदाधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा।
- लाभुक द्वारा दुधारू पशुओं का क्रय गव्य विकास निदेशालय द्वारा निबंधित/सूचीबद्ध विक्रेताओं से किया जायेगा।
- हस्त चालित/विद्युत चालित चारा काटने की मशीन की योजना का लाभ सरकार द्वारा निर्धारित ईकाई दर अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर, दोनों में जो कम होगा, उसके आधार पर क्रय उपरांत अनुदान राशि का भुगतान लाभुकों को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जायेगा।
- चारा काटने की मशीन की योजना के लिए लाभुकों को हरा चारा उत्पादन किया जाना अनिवार्य होगा।
- प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता की योजना अन्तर्गत स्वीकृत अनुदान राशि का भुगतान विभाग द्वारा निर्धारित दर अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर दोनों में से जो कम होगा, के आधार पर क्रय उपरांत लाभुकों का दावा विपत्र के आधार पर अनुदान राशि का भुगतान किया जायेगा।
- वर्मी कम्पोस्ट यूनिट एवं बोरिंग आदि हेतु सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृत प्राप्त प्राक्कलित राशि अथवा योजना के अनुमानित लागत दोनों में से जो कम हो के, आधार पर कार्य उपरांत अनुदान की राशि लाभुकों को उनके दावा विपत्र के आधार पर दिया जायेगा।
- चारा काटने की मशीन, मिल्कींग मशीन, खोवा/पनीर मेकिंग यूनिट तथा काउ मैट आदि की विशिष्टियाँ/गुणवत्ता विभाग द्वारा निर्धारित की जायेगी।
- लाभुकों को अनुदान राशि का भुगतान बैंक खातों में DBT के माध्यम से झारखण्ड कोषागार संहिता 2016 के आलोक में किया जायेगा।
- लाभुक अंशदान के मामले में (02/05/10 गाय/भैंस) के चयनित लाभुकों का Escrow Account/Dedicated Account संबंधित जिला गव्य विकास पदाधिकारी द्वारा खोला जायेगा एवं अनुदान राशि Escrow Account/Dedicated Account में ही हस्तांतरित की जायेगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरान्त लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account/Dedicated Account में 01 (एक) माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा उनके स्थान पर प्रतीक्षा सूची से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
- आवेदन पत्र के साथ स्थानीय और जाति/दिव्यांगता/आपदा प्रभावित/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकता की घोषणा संबंधित मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद का सदस्य इत्यादि के द्वारा उक्त घोषणा कराना अनिवार्य है।
- प्रत्येक आवेदन के साथ पंचायत के **ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति के बैठक में ली गई प्रस्ताव एवं अनुशंसित सूची** की छाया प्रति संलग्न करना अतिआवश्यक है, जिसमें **मुखिया का हस्ताक्षर व मुहर** नितान्त आवश्यक है।
- अपूर्ण एवं विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

नोट :–विशेष जानकारी के लिए संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय एवं जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू, डालटेनगंज से किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क किया जा सकता है एवं स्वंय आकर निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
पलामू।

PR 303171 (Palamu) 23-24 (D)

याचिका की सुनवाई व मरांडी

भाजपा हाईकमान ने बाबूलाल को प्रदेश की कमान सौंप दी है। भाजपा का मिशन 2024 में पार्टी को जीत दिलाने का पूरा दारोमदार बाबूलाल मरांडी के कंधों पर आ गया है। मरांडी को यह जिम्मेदारी सौंपने से पहले शीर्ष नेतृत्व ने हर पहलू पर गौर किया। लेकिन तकनीकी दृष्टकोण से विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति सहित नेता प्रतिपक्ष मामले को लेकर दाखिल विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में झारखंड विधानसभा की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को कहा गया कि नेता प्रतिपक्ष के लिए बीजेपी ने नाम नहीं दिया है। इस पर भाजपा की ओर से कहा गया पहले ही नेता प्रतिपक्ष के नेता के लिए बाबूलाल मरांडी का नाम दिया जा चुका है। इस पर कपिल सिब्बल की ओर से कहा गया की बाबूलाल मरांडी जेवीएम पार्टी से जीत कर आये थे, भाजपा के साथ उनके मर्जर के मामले में अभी तक विधानसभा स्पीकर का कोई निर्णय नहीं आया है। नेता प्रतिपक्ष के लिए ऐसे व्यक्ति का नाम दिया जाना चाहिए जो बीजेपी की सिंबल से लड़ा हो और जीता हो। ऐसे में कयासों के बादल मंडराने लगे हैं। बात चाहे कानून सम्मत जो हो,लेकिय बीजेपी ने बहुत सोच समझकर यह जवाबदेही मरांडी को दी है। इस लिए सिब्बल के बयानों को कानून की धाराओं में जरूर गुत्था जाये,लेकिन यह तय है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सामने मरांडी ही ऐसे नेता हैं जो राज्य में आदिवासी के बड़े चेहरे हैं। जो हेमंत सोरेन को टक्कर दे सकते हैं । जिसके ऊपर भ्रष्टाचार के कोई दाग नहीं लगे हैं। जिसके पास अनुभव है। बहरहाल राजनीतिक पंडितों की मानें तो इसकी पृष्ठभूमि काफी पहले ही तैयार हो गई थी। 2019 के विधानसभा की हार के बाद से ही सूबे में किसी बड़े आदिवासी चेहरे को लेकर भाजपा नेतृत्व खोजबीन में जुट गया था। ऐसी शख्सियत को ढूंढ रहा था जो आदिवासियों का चहेता तो हो ही ओबीसी और अन्य लोगों की नजर में भी स्वीकार्य हो, पिछले विधानसभा चुनाव प्रभारी ओम माथुर ने भरसक प्रयास किया था कि बाबूलाल चुनाव से पहले ही भाजपा में शामिल हो जायें लेकिन उनकी यह कोशिश सफल नहीं हो पायी। आखिरकार चुनाव के बाद उन्होंने बाबूलाल को भाजपा में शामिल करवा लिया। बताया जाता है कि बाबूलाल मरांडी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काफी करीबी हैं और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की पृष्ठभूमि से आने के कारण संघ के भी चहेते हैं। भले ही वह 14 सालों तक झारखंड विकास मोर्चा के बैनर तले काम करते रहे लेकिन उनका जुड़ाव पुराने भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं से बना रहा। 2006 के बाद हर विधानसभा चुनाव में ऐसी बात जरूर राजनीतिक हलकों में आती रही कि बाबूलाल फिर से भाजपा में शामिल हो सकते हैं। बाबूलाल का भाजपा छोड़ने के पीछे कारण चाहे जो भी रहा हो अभी पार्टी को ऐसे चेहरे की आवश्यकता थी जो सत्ताधारी पार्टी जेएमएम के सबसे बड़े चेहरे और राज्य में सत्ता का चेहरा हेमंत सोरेन को टक्कर दे सके। इन सबके बीच बड़ी दिलचस्प बात यह है कि बाबूलाल ने हेमंत सोरेन के पिता शिबू सोरेन को उनके राजनीतिक गढ़ में टक्कर दी थी। 1991 में बाबूलाल ने दुमका सीट से शिबू सोरेन के खिलाफ चुनाव लड़ा था, हालांकि वो चुनाव हार गए थे लेकिन 1998 में उन्होंने शिबू सोरेन को शिकस्त दी। लगभग दो दशक के बाद एक बार फिर बाबूलाल के सामने शिबू सोरेन के राजनीतिक उत्तराधिकारी हेमंत सोरेन हैं।

नेता प्रतिपक्ष के लिए ऐसे व्यक्ति का नाम दिया जाना चाहिए जो बीजेपी की सिंबल से लड़ा हो और जीता हो। ऐसे में कयासों के बादल मंडराने लगे हैं। बात चाहे कानून सम्मत जो हो,लेकिय बीजेपी ने बहुत सोच समझकर यह जवाबदेही मरांडी को दी है।

कारगिल विजय दिवस पर नायकों को नमन

देश 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस की 24वीं वर्षगांठ मना रहा है। दरअसल भारतीय सेना ने 26 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध में पाकिस्तानी फौज को बुरी तरह धूल चटा दी थी। भारत-पाकिस्तान के बीच जम्मू-कश्मीर के कारगिल जिले में हुआ यह युद्ध 60 दिन तक चला था और पाकिस्तान फौज की करारी शिकस्त के बाद 26 जुलाई 1999 को समाप्त हुआ था। पाकिस्तान पर भारत की इस जीत को याद करते हुए 26 जुलाई को 'कारगिल विजय दिवस' के रूप में मनाया जाता है। पाकिस्तानी सैनिकों और भाड़े के आतंकवादियों को मारकर या खदेड़कर कारगिल की चोटियों पर कब्जा करने के लिए चलाए गए ह्यऑपरेशन विजयह्ण के तहत तमाम बाधाओं को पार करते हुए हमारे वीर जांबाजों ने उन्हें कारगिल से खदेड़कर दुर्गम चोटियों पर जीत का परचम लहराया था लेकिन देश को इसकी बहुत भारी कीमत भी चुकानी पड़ी थी। दरअसल इस युद्ध में भारत को विजय दिलाने में भारतीय सेना के सैकड़ों जवान शहीद हुए थे। कारगिल युद्ध में न केवल भारतीय सेना के 527 सैनिक शहीद हुए थे बल्कि दो महीने तक चले उस युद्ध के दौरान 453 आम नागरिक भी मारे गए थे। इसीलिए भारतीय सेना की उस विजय के बाद सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 26 जुलाई को भारतीय सेना के शौर्य दिवस के रूप में कारगिल विजय दिवस मनाए जाने का फैसला लिया गया। सही मायने में कारगिल विजय दिवस भारतीय सैनिकों के साहस और बलिदान को स्मरण करने तथा उनके बलिदान को सम्मान देने का दिन है और 26 जुलाई का दिन विशेष रूप से देश के इन्हीं वीर सपूतों को समर्पित है। देश के जन-जन तक कारगिल युद्ध के इन्हीं नायकों के शौर्य और पराक्रम की गाथा पहुंचाने के लिए ही यह दिवस मनाया जाता है।

1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद पहली बार कारगिल युद्ध हुआ था, जब दोनों देश सीधे तौर पर सैन्य संघर्ष में शामिल हुए थे। कारगिल युद्ध भारतीय सीमा क्षेत्र में पाकिस्तानी सैनिकों और कश्मीरी आतंकवादियों की घुसपैठ का ही परिणाम था। उस भीषण युद्ध में वायु शक्ति, तोपखाने और पैदल सेना के संचालन का व्यापक उपयोग किया गया था। युद्ध की खास बात यह थी कि वह युद्ध काफी ऊंचाई पर लड़ा गया, जिसमें कुछ सैन्य चौकियां तो 18 हजार फुट से भी ज्यादा ऊंचाई पर स्थित थी। ऐसे में भारतीय सैनिकों के लिए वह लड़ाई बेहद चुनौतीपूर्ण थी लेकिन हमारे जांबाजों ने देश की आन-बान और शान के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर न केवल पाकिस्तान को उसकी असली औकात दिखाई बल्कि 700 से भी ज्यादा पाकिस्तानी सैनिकों को मौत के घाट भी उतारा। दुश्मन को रणनीतिक स्थानों से हटाने के लिए महत्वपूर्ण हवाई हमले करते हुए भारतीय वायुसेना ने उस युद्ध के दौरान बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारतीय सेना ने युद्ध के दौरान टोलोलिंग, टाइगर हिल, प्वाइंट 4875 सहित अन्य रणनीतिक चोटियों पर फिर से कब्जा कर लिया था।

भारत-पाकिस्तान के बीच जम्मू-कश्मीर के कारगिल जिले में हुआ यह युद्ध 60 दिन तक चला था और पाकिस्तान फौज की करारी शिकस्त के बाद 26 जुलाई 1999 को समाप्त हुआ था।

इन दिनों

भारतीय सेना को 3 मई 1999 को कारगिल में स्थानीय चरवाहों द्वारा पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों के बारे में सतर्क किया गया था और उसके दो ही दिन बाद 5 मई 1999 को पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सेना के कम से कम पांच जवानों को मार डाला था। उसके बाद 10 मई 1999 को भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन विजय' की शुरूआत की गई। उस दौरान कारगिल में कारगिल युद्ध की शुरूआत 26 मई 1999 को भारतीय सेना के हवाई हमले के साथ हुई थी। दरअसल पाकिस्तानी सेना ने भारतीय सेना के गोला-बारूद भंडार को निशाना बनाया। 26 मई को भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सैनिकों पर हवाई हमला किया। 27 मई को भारतीय वायुसेना का एक मिग-27 गिर गया, जिसमें चार क्रू सदस्यों की मौत हो गई लेकिन विमान से बाहर निकलने वाले पायलट को पाकिस्तानी सैनिकों ने युद्धबंदी के रूप में पकड़ लिया। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 31 मई 1999 को घोषणा की कि कारगिल में युद्ध जैसी स्थिति है, जिसके बाद अमेरिका, फ्रांस सहित कुछ देशों ने अगले ही दिन भारत के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया। भारतीय सेना ने 5 जून 1999 को कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज जारी किए, जिनसे पूरी दुनिया के समक्ष पाकिस्तान की करतूत का खुलासा हुआ। भारतीय सेना ने 9 जून 1999 को कारगिल के बटालिक सेक्टर में दो महत्वपूर्ण ठिकानों पर कब्जा कर लिया। अगले ही दिन पाकिस्तान ने जाट रेजिमेंट के 6 सैनिकों के शव क्षत-विक्षत हालत में भारत को लौटाए। 13 जून 1999 को भारत ने युद्ध की दिशा बदलते हुए महत्वपूर्ण टोलोलिंग चोटी पर भी कब्जा कर लिया और प्रधानमंत्री वाजपेयी ने कारगिल का दौरा किया। तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने 15 जून 1999 को पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से पाकिस्तानी सैनिकों को पीछे हटाने का आग्रह किया लेकिन पाकिस्तान ने उस अपील को अनसुना कर दिया। 11 घंटे के भीषण संघर्ष के बाद भारतीय सेना ने 20 जून 1999 को टाइगर हिल के पास प्वाइंट 5060 और प्वाइंट 5100 पर भी पुनः कब्जा कर लिया। बिल क्लिंटन ने 5 जुलाई 1999 को नवाज शरीफ से मुलाकात की, इसके बाद पाकिस्तान ने कारगिल से पाकिस्तानी सैनिकों को हटाने की घोषणा की। 11 जुलाई 1999 को पाकिस्तानी सैनिकों ने पीछे हटना शुरू किया और भारतीय सेना ने बटालिक की प्रमुख चोटियों पर कब्जा कर लिया। भारतीय सेना ने 14 जुलाई 1999 को 'ऑपरेशन विजय' की सफलता की घोषणा की और 26 जुलाई 1999 को वीर 527 सैनिकों की शहादत के बाद कारगिल युद्ध समाप्त हुआ। बहुत अधिक ऊंचाई पर लड़े गए इस भीषण युद्ध के दौरान अपनी बहादुरी और साहसिक कार्यों के लिए कई सैन्य अधिकारी राष्ट्रीय नायक बन गए, जिनमें 13 जेएके राइफल्स के कैप्टन विक्रम बत्रा, 18 ग्रेनेडियर्स के ग्रेनेडियर योगेन्द्र सिंह यादव, 1/11 गोरखा राइफल्स के लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे, 18 ग्रेनेडियर्स के लेफ्टिनेंट बलवान सिंह, एएससी, 2 राज आरआईएफ के कैप्टन एन केंगुरुसे प्रमुख रूप से शामिल हैं।

योगेश कुमार गोयल

बोधि वृक्ष

आइये सुने कथा शिव पुराण की

मनुष्य को चाहिये कि वह भक्ति, ज्ञान, और वैराग्य से सम्पन्न हो बड़े आदर से इनका श्रवण करें। बारह संहिताओं से युक्त यह दिव्य शिवपुराण परब्रह्म परमात्मा के समान विराजमान है और सबसे उत्कृष्ट गति प्रदान करने वाला है।

विघ्नेश्वर संहिता

इस संहिता में शिवरात्रि व्रत, पंचकृत्य, ओंकार का महत्त्व, शिवलिंग की पूजा और दान के महत्त्व पर प्रकाश डाला गया है। शिव की भस्म और रुद्राक्ष का महत्त्व भी बताया गया है। रुद्राक्ष जितना छोटा होता है, उतना ही अधिक फलदायक होता है। खंडित रुद्राक्ष, कीड़ों द्वारा खाया हुआ रुद्राक्ष या गोलाई रहित रुद्राक्ष कभी धारण नहीं करना चाहिए। सर्वोत्तम रुद्राक्ष वह है जिसमें स्वयं ही छेद होता है।

सभी वर्ण के मनुष्यों को प्रातःकाल की भोर वेला में उठकर सूर्य की ओर मुख करके देवताओं अर्थात शिव का ध्यान करना चाहिए। अर्जित धन के तीन भाग करके एक भाग धन वृद्धि में, एक भाग उपभोग में और एक भाग धर्म-कर्म में व्यय करना चाहिए। इसके अलावा क्रोध कभी नहीं करना चाहिए और न ही क्रोध उत्पन्न करने वाले वचन बोलने चाहिए।

रुद्र संहिता

रुद्र संहिता में शिव का जीवन-चरित्र वर्णित है। इसमें नारद मोह की कथा, सती का दक्ष-यज्ञ में देह त्याग, पार्वती विवाह, मदन दहन, कार्तिकेय और गणेश पुत्रों का जन्म, पृथ्वी परिक्रमा की कथा, शंखचूड़ से युद्ध और उसके संहार आदि की कथा का विस्तार से उल्लेख है। शिव पूजा के प्रसंग में कहा गया है कि दूध, दही, मधु, घृत और गन्ने के रस (पंचामृत) से स्नान कराके चम्पक, पाटल, कनेर, मल्लिका तथा कमल के पुष्प चढ़ाएं। फिर धूप, दीप, नैवेद्य और ताम्बूल अर्पित करें। इससे शिवजी प्रसन्न हो जाते हैं।

(क्रमशः)

सबसे बड़ा सवाल, एआई क्या बला... जिससे गैरी कास्परोव खा चुके हैं मात

आजकल जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में एआई का उपयोग किये जाने की चर्चा हो रही है। इसलिए स्वाभाविक रूप से हम सभी के मन में प्रश्न उठता है कि ये एआई या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या कृत्रिम बुद्धि वास्तव में है क्या और बुद्धि कृत्रिम कैसे हो सकती है? हिंदी के कृत्रिम शब्द का अर्थ है बनावटी यानी जो मूल नहीं है नकल है। यही अर्थ आंग्ल भाषा के शब्द आर्टिफिशियल का भी है। अतः स्पष्ट है कि कृत्रिम रूप से विकसित की गई बौद्धिक क्षमता ही कृत्रिम बुद्धि अथवा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है, जिसे संक्षेप में एआई कहते हैं। एआई के माध्यम से कंप्यूटर सिस्टम या रोबोटिक सिस्टम तैयार किया जाता है, जिसे उन्हीं तर्कों के आधार पर चलाने का प्रयास किया जाता है जिनके आधार पर मानव मस्तिष्क काम करता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का आरम्भ 1950 के दशक में हुआ था। इसका जनक जॉन मैकार्थी को माना जाता है। उनके अनुसार एआई बुद्धिमान मशीनों, विशेष रूप से बुद्धिमान कंप्यूटर प्रोग्राम बनाने का विज्ञान और अभियांत्रिकी है। अर्थात यह मशीनों में विकसित और मशीनों द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली अथवा मशीनों द्वारा प्रदर्शित की जाने वाली बुद्धि है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित रोबोट या फिर मनुष्य की तरह बौद्धिक रूप से सोचने वाला सॉफ्टवेयर बनाने का एक तरीका है जो यह अध्ययन करता है कि मानव मस्तिष्क कैसे सोचता है और समस्या को हल करते समय कैसे सीखता है, कैसे निर्णय लेता है और कैसे काम करता है? आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वाले सिस्टम ने 1997 में शतरंज के सार्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक गैरी कास्परोव को खेल में हरा दिया था। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर विशेषज्ञ 'टेक्नोलॉजिकल सिंगुलैरिटी' यानी तकनीकी एकलता जैसी स्थिति बनने का संकेत करते हैं। इसका तात्पर्य है भविष्य में ऐसी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की रचना की जाएगी, जो मनुष्यों के मस्तिष्क से अधिक तीक्ष्ण होगी और यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता समस्याओं के समाधान बहुत तीव्रता से कर सकेगी, जो कि मनुष्य की क्षमता से परे है। अनुमान है कि 2045 तक मशीनें स्वयं सीखने और स्वयं को सुधारने में सक्षम हो जाएंगी और इतनी तेज गति से सोचने, समझने और काम करने लगेंगी कि मानव विकास का पथ हमेशा के लिये बदल जाएगा। भारत में केंद्र में भाजपा की सरकार आने के बाद एआई के कार्य को गति मिली। वर्ष 2018-19 के बजट भाषण के दौरान तत्कालीन वित्तमंत्री अरुण जेटली ने यह उल्लेख किया था कि नीति आयोग जल्दी ही राष्ट्रीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता कार्यक्रम (एनएआईपी) की रूपरेखा तैयार करेगा। राष्ट्रीय स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने के लिये नीति आयोग के उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। वर्तमान बजट में सरकार ने फिफ्थ जनरेशन टेक्नोलॉजी स्टार्टअप के लिये 480 मिलियन डॉलर का प्रावधान किया है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग इंटरनेट ऑफ थिंग्स, थ्री-डी प्रिंटिंग और ब्लॉक चेन शामिल हैं। इसके अलावा सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग, बिग डेटा इंटेलिजेंस, रियल टाइम डाटा और क्वांटम कम्युनिकेशन के क्षेत्र में शोध, प्रशिक्षण, मानव संसाधन और कौशल विकास को बढ़ावा देने के योजना बना रही है। पिछले वर्ष अक्टूबर में केंद्र ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग करने के लिये सात सूत्री रणनीति तैयार की थी।

मीनाक्षी दीक्षित

हिंदी के कृत्रिम शब्द का अर्थ है बनावटी यानी जो मूल नहीं है नकल है। यही अर्थ आंग्ल भाषा के शब्द आर्टिफिशियल का भी है। अतः स्पष्ट है कि कृत्रिम रूप से विकसित की गई बौद्धिक क्षमता ही कृत्रिम बुद्धि अथवा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है।

बदलाव

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से



हंगामें व गतिरोध के बीच गरिमा खोते संसदीय मंच

भारत की संसदीय प्रणाली दुनिया में लोकप्रिय एवं आदर्श है, बावजूद इसके सत्ता की आकांक्षा एवं राजनीतिक मतभेदों के चलते लगातार संसदीय प्रणाली को धुंधलाने की घटनाएं होते रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। अब संसद की कार्रवाई को बाधित करना एवं संसदीय गतिरोध आमबात हो गयी है। न केवल संसद बल्कि राज्यों की विधानसभाओं में समुचित रूप से विधायी कार्य न हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। संसद एवं विधानसभाएं ऐसे मंच हैं जहां विरोधी पक्ष के सांसद एवं विधायक आलोचना एवं विरोध प्रकट करने के लिये स्वतंत्र होते हैं, लेकिन विरोध प्रकट करने का असंसदीय एवं आक्रामक तरीका, सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच तकरार और इन स्थितियों से उत्पन्न संसदीय गतिरोध लोकतंत्र की गरिमा को धुंधलाने वाले हैं। अपने विरोध को विराट बनाने के लिये सार्थक बहस की बजाय शोर-शराबा और नारेबाजी की स्थितियां कैसे लोकतांत्रिक कही जा सकती है? दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की विधायिकाओं में जो दृश्य देखने को मिल रहे हैं, वे सचमुच चिंताजनक हैं। हालत यह है कि हंगामे व शोर-शराबों के दौर में न संसद का सत्र चल पा रहा है और न ही राज्यों की विधानसभाएं। संसद से लेकर राज्यों की विधानसभाओं तक तस्वीर एक जैसी सामने आ रही है। राज्यसभा के सभापति ने आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को अमर्यादित आचरण के आरोप में पूरे सत्र के लिए, तो राजस्थान में भी तीन दिन पहले तक मंत्री रहे राजेन्द्र गुढ़ा और विपक्षी दल भाजपा के विधायक मदन दिलावर को शेष सत्र के लिए निलम्बित कर दिया गया। संसद में हुड़दंग मचाने, अभद्रता प्रदर्शित करने एवं हिंसक घटनाओं को बल देने के परिदृश्य बार-बार उपस्थित होते रहना भारतीय लोकतंत्र की गरिमा से खिलवाड़ ही माना जायेगा। सफल लोकतंत्र के लिए सत्ता पक्ष के साथ ही मजबूत विपक्ष की भी जरूरत होती है। लेकिन पक्ष एवं विपक्ष दोनों ही लोकतंत्र को दूषित करने में लगे हैं। यह देखना दुखद, दयनीय और शर्मनाक है कि मणिपुर को लेकर देश-दुनिया में तो चर्चा हो रही है, लेकिन भारत की संसद में नहीं। यह चर्चा न हो पाने के लिए जिम्मेदार है क्षुद्र राजनीति और एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने की प्रवृत्ति। संसद के तीन दिन बर्बाद हो गए, लेकिन मणिपुर पर चर्चा शुरू नहीं हो सकी। विपक्ष गृहमंत्री से पहले प्रधानमंत्री का वक्तव्य चाहता है। यह जिद चर्चा से बचने का बहाना ही अधिक जान पड़ती है, क्योंकि एक तो प्रधानमंत्री मणिपुर की घटना पर पहले ही बोल चुके हैं और दूसरे, सत्तापक्ष की ओर से यह नहीं कहा गया कि वह आगे इस विषय पर कुछ नहीं कहने वाले। लेकिन विपक्ष ने ठान लिया है कि वही होना चाहिए, जो उसकी ओर से कहा जा रहा है। जबकि सत्तापक्ष की ओर से बार-बार यह कहा जा रहा है कि मणिपुर सहित अन्य जरूरी मुद्दों पर यदि चर्चा के लिए समय कम पड़ा और उसे बढ़ाने की आवश्यकता पड़ी तो यह काम किया जा सकता है, इससे यही प्रतीत होता है कि विपक्ष संसद में ऐसा माहौल बना देना चाहता है कि आम जनता को लगे कि सरकार मणिपुर पर चर्चा करने से बच रही है। शायद इसीलिए विपक्षी नेता संसद परिसर में प्रदर्शन करने और दोनों सदनों में नारेबाजी को अतिरिक्त प्राथमिकता दे रहे हैं। लगभग ऐसी ही स्थितियां मध्यप्रदेश और राजस्थान की विधानसभाओं में देखने को मिल रही है।

ललित गर्ग

संसद की कार्रवाई को बाधित करना एवं संसदीय गतिरोध आमबात हो गयी है। न केवल संसद बल्कि राज्यों की विधानसभाओं में समुचित रूप से विधायी कार्य न हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

न्यायपालिका

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

नीट यूजी की काउंसलिंग में एडमिशन से पहले इनसे रहें सतर्क

इस साल नीट की परीक्षा 20 लाख 38 हजार छात्रों ने दी है। जिनमें से कुल 11 लाख 45 हजार छात्रों ने नीट क्वालिफाई किया है। सरकारी और प्राइवेट दोनों ही मेडिकल कॉलेजों में काउंसलिंग के माध्यम से एडमिशन लिया जाएगा। इस साल नीट की परीक्षा 20 लाख 38 हजार छात्रों ने दी है। जिनमें से कुल 11 लाख 45 हजार छात्रों ने नीट क्वालिफाई किया है। वहीं मध्यप्रदेश से 1,02,161 छात्र इस परीक्षा में बैठे थे और 49, 924 छात्रों ने इसे क्वालिफाई किया है। अब यदि इन छात्रों की काउंसलिंग अच्छी हुई तो इनकी च्वॉइस के अनुसार कॉलेज मिलने की संभावना है। बता दें कि साल 2022 में 55,561 छात्रों ने नीट की परीक्षा दी थी। इनमें में साल 2022 में महज 27,134 बच्चे क्वालिफाई हुए थे। उस तरह से इस साल क्वालिफाई छात्रों की संख्या ज्यादा है।

काउंसलिंग के द्वारा एडमिशन

सरकारी और प्राइवेट दोनों ही मेडिकल कॉलेजों में काउंसलिंग के माध्यम से एडमिशन लिया जाएगा। यदि कोई बिना काउंसलिंग के एडमिशन दिलवाने का दावा करता है, तो स्टूडेंट्स को ऐसे झांसे में आने से बचना चाहिए। बता दें कि काउंसलिंग के दो राउंड्स होते हैं। सबसे पहले छात्रों को ऑल इंडिया काउंसलिंग के लिए अप्लाई करना होता है। वहीं पहले राउंड में जो सीटें खाली रह जाती है, उनके लिए दूसरी लिस्ट निकलती है।

बता दें कि ऑल इंडिया फर्स्ट राउंड के बाद स्टेट का फर्स्ट राउंड होता है। इसी तरह से सेकेंड राउंड भी होता है। जिन छात्रों को फर्स्ट राउंड में अच्छा कॉलेज नहीं मिल पाता है। वह अपग्रेडेशन के लिए सेकेंड राउंड में अप्लाई कर सकते हैं।

एमबीबीएस सीटें

सरकारी कॉलेज- 60 हजार सीटें
प्राइवेट कॉलेज- 60 हजार सीटें
टोटल सीट- 1 लाख 20 हजार
इसके अलावा स्टेट कॉलेजों की 100 सीटों में 85 सीटें राज्य के लिए और बाकी बची 15 सीटें ऑल इंडिया कोटे की होती हैं। दोनों के काउंसलिंग की प्रक्रिया अलग-अलग है।

विदेश में मेडिकल पढ़ाई

कुछ एजेंट छात्रों को विदेश में एमबीबीएस की पढ़ाई का झांसा देते हैं। ऐसे में छात्रों को इन एजेंट से बचकर रहना चाहिए। क्योंकि विदेश से मेडिकल की पढ़ाई करके वापस देश आने के बाद प्रैक्टिकल में ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। इसके साथ ही कम से कम में फीस 20-25 लाख सालाना होने के साथ पूरी पढ़ाई के लिए 1 करोड़ तक का खर्च आता है। वहीं देश में वापस आने पर पीजी में एडमिशन लेने में परेशानी होती है। इसके अलावा प्रैक्टिस के लिए भी स्क्रीनिंग टेस्ट पास करने के बाद लाइसेंस मिलता है। साथ ही रूस और ईस्टर्न यूरोपियन देशों कजाकिस्तान, यूक्रेन में तो और भी ज्यादा संकट है।

जुलाई में होगी नीट काउंसलिंग

मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन लेने के लिए नीट यूजी की काउंसलिंग जुलाई में होगी। जिसके लिए आपको ऑफिशियल वेबसाइट mcc.nic.in पर रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसकी काउंसलिंग दो लेवल पर की जाएगी। इससे ऑल इंडिया कोटा की 15 फीसदी सीटों, डीम्ड विश्वविद्यालयों और एएफएमसी की सीटों में दाखिला मिलेगा।

जानिए क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स

सरकारी संस्थानों में जहां शुल्क कम है, तो वहीं प्राइवेट कॉलेजों में फीस ज्यादा है। वहीं कई स्टूडेंट्स अगले साल नंबर लाने की उम्मीद में और सरकारी कॉलेज के लिए अपनी सीट छोड़ दें। या फिर छात्र प्राइवेट कॉलेज के झांसे में आ जाते हैं। ऐसे में धोखाधड़ी से बचने के लिए नीट गाइडलाइन का पालन करना जरूरी है। अगर आपको नीट में दो प्रयासों के बारे बाद भी सरकारी कॉलेज नहीं मिल रही या रैंक नहीं मिल रही। तो आगे साल ड्राप करने का कोई फायदा नहीं है। इसके अलावा नीट यूजी 2023 के एग्जाम में एमएनसी ने आयुसीमा और टाई ब्रेकिंग नियमों में बदलाव किए गए हैं। छात्रों की उम्र 31 जनवरी को या उससे पहले 17 साल की होनी चाहिए।

- अनन्या मिश्रा

रिज्यूम बनाते समय इन बातों का रखें खास ख्याल, एआई की मदद से बनाएं अट्रैक्टिव सीवी

पढ़ाई पूरी होने के बाद हर व्यक्ति अच्छी जॉब पाना चाहता है। ऐसे में सीवी का अट्रैक्टिव और क्रिएटिव होना जरूरी होता है। बता दें कि आप एआई सीवी मेकर से एक अट्रैक्टिव और क्रिएटिव सीवी बना सकते हैं। पढ़ाई पूरी होने के बाद हर कोई यही चाहता है कि उसे अच्छी नौकरी मिल जाए। लेकिन नौकरी पाने के लिए उन्हें अपना सीवी या रिज्यूम बनाना होता है। क्योंकि रिज्यूम या सीवी के आधार पर इंटरव्यू वाली कंपनी आपकी शैक्षणिक योग्यता और अन्य जानकारियां प्राप्त कर पाते हैं। इसलिए आपको अपना रिज्यूम ऐसा बनाना चाहिए। जिसको देखने के बाद इंटरव्यू लेने वाले पर आपका अच्छा प्रभाव पड़े। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनकी मदद से आप अपना रिज्यूम बेहतर बना सकते हैं। जॉब पाने में सबसे ज्यादा अहम रोल सीवी का होता है। कंपनी का एचआर डिपार्टमेंट सीवी को देखकर ही उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करता है। ऐसे में आपकी सीवी का बेस्ट होना जरूरी होता है। ताकि एचआर पर अच्छा इंप्रेशन पड़ सके। क्योंकि आपकी सीवी से ही आपके बारे में पता चलता है साथ ही यह आपका पहला प्रभाव भी छोड़ता है। इसलिए सीवी को अट्रैक्टिव और क्रिएटिव होना चाहिए। रिक्रूटर को आपकी सीवी से आपके अनुभव और क्वालिफिकेशन के बारे में पता चलता है। ऐसे में अगर आप भी अपनी सीवी को अट्रैक्टिव और क्रिएटिव बनाना चाहते हैं। तो सबसे पहले अपनी सारी डिटेल्स को चैट जीटीपी में लिखकर कंटेट बना लें। इसके बाद उसी सेव किए गए कंटेट की मदद से आप एआई सीवी मेकर से एक अट्रैक्टिव और क्रिएटिव सीवी बना सकते हैं।

इन बातों का रखें ध्यान

- वर्क एक्सपीरियंस पर करें फोकस।
- इंडस्ट्री की नॉलेज के बारे में बताएं।
- ग्रोथ को हाइलाइट करें।
- अच्छे शब्दों का इस्तेमाल करें।

एक सतत भविष्य के लिए भूजल संरक्षण

अटल भूजल योजना का उद्देश्य 'भूजल' जैसे बहुमूल्य संसाधन की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए भूजल संरक्षण के प्रति समाज के निचले स्तर से लेकर उच्च स्तर के दृष्टिकोण को जागरूक करते हुए व सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से भूजल प्रबंधन में सुधार करना है। भूजल, शुद्ध-मीठे पानी का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। यह घरेलू, कृषि और औद्योषिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि, अनियंत्रित निष्कर्णण, अति दोहन और संदूषण इसकी स्थिरता के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। केंद्र सरकार ने टिकाऊ भूजल प्रबंधन के महत्व को ध्यान में रखते हुए 5 वर्षों की अवधि के लिए 1 अप्रैल, 2020 को 6000 करोड़ रुपये (भारत सरकार की ओर से 3000 करोड़ रुपये और 3000 करोड़ रुपये विश्व बैंक की ओर से) के कुल परिव्यय के साथ अटल भूजल योजना (अटल जल) प्रारंभ की।

यह योजना 7 राज्यों- हरियाणा, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के 80 जिलों, 229 प्रशासनिक ब्लॉकों और 8220 जल संकटग्रस्त ग्राम पंचायतों में क्रियान्वित हो रही है।

अटल भूजल योजना का उद्देश्य 'भूजल' जैसे बहुमूल्य संसाधन की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए भूजल संरक्षण के प्रति समाज के निचले स्तर से लेकर उच्च स्तर के दृष्टिकोण को जागरूक करते हुए व सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से भूजल प्रबंधन में सुधार करना है। यह योजना समुदाय को स्थायी भूजल प्रबंधन के लिए व्यवहार परिवर्तन को विकसित करने के उद्देश्य के साथ निर्णय लेने में सक्षम बनाती है। अटल भूजल योजना ने देश में भूजल प्रबंधन संबंधित सरकारी नीति में मुख्य रूप से जल आपूर्ति को बढ़ावा देने के मद्देनजर विभिन्न उपयोगों के लिए पानी की मांग को कम करने और सक्रिय सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक आदर्श बदलाव की शुरूआत की। इस योजना में शामिल 'भूजल प्रबंधन', जल संरक्षण सुनिश्चित करने, परिस्थितिक तंत्र के संतुलन और इस विकासशील राष्ट्र की तेजी से बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए आवश्यक हैं भारत सरकार इसके माध्यम से जल संकट में कमी लाना, पारिस्थितिकी तंत्र और आजीविका के साधनों को संरक्षित करना चाहती है। यह योजना वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए 'भूजल' जैसे महत्वपूर्ण संसाधन को संरक्षित करने से जुड़ी सामूहिक गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डालती है।

सूडोकु नवताल- 6772

सरल

	7	9	4	2		6		3
	6		8		7		2	
4	1				3	5	8	
	9	8	3					
7		4		5		8		1
					9	7	3	
	8	5	7				4	6
	2		9		1		5	
3		1		6	8	9	7	

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6771 का हल

8	9	5	1	3	7	2	4	6
7	3	2	6	5	4	1	8	9
1	6	4	8	9	2	7	5	3
5	7	3	4	2	9	6	1	8
4	2	8	5	6	1	3	9	7
6	1	9	3	7	8	5	2	4
3	5	1	9	4	6	8	7	2
2	4	6	7	8	5	9	3	1
9	8	7	2	1	3	4	6	5

दैनिक पंचांग

26 जुलाई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	कर्क में	सिंह	07.08 बजे से
चंद्र	तुला में	कन्या	09.20 बजे से
मंगल	सिंह में	तुला	11.31 बजे से
बुध	सिंह में	वृश्चिक	13.46 ब.से
गुरु	मेष में	धनु	16.02 बजे से
शुक्र	सिंह में	मकर	18.07 बजे से
शनि	कुंभ में	कुंभ	19.53 बजे से
राहु	मेष में	मीन	21.26 बजे से
केतु	तुला में	मेष	22.57 बजे से
		वृष	00.37 बजे से
		मिथुन	02.35 बजे से
		कर्क	04.48 बजे से

राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक

बुधवार 2023 वर्ष का 207 वां दिन
दिशाशूल उत्तर **ऋतु** वर्षा।
विक्रम संवत् 2080 **शक संवत्** 1945
मास श्रावण **पक्ष** शुक्ल
तिथि अष्टमी 15.53 बजे को समाप्त।
नक्षत्र स्वाती 01.10 बजे रात्र को समाप्त। **योग** साध्य 14.39 बजे को समाप्त। **करण** बव 15.53 बजे तदनन्तर बालव 03.57 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 08.2 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 19° 32'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871686
जूलियन दिन 2460151.5
कलियुग संवत् 5123
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2549
हिजरी सन् 1444
महीना मोहर्रम
तारीख 07
विशेष मासिक दुर्गाष्टमी।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
लाभ	05.54 से	07.22 बजे तक	उद्वेग	05.41 से	07.12 बजे तक
अमृत	07.22 से	08.51 बजे तक	शुभ	07.12 से	08.44 बजे तक
काल	08.15 से	10.19 बजे तक	अमृत	08.44 से	10.16 बजे तक
शुभ	10.19 से	11.47 बजे तक	चर	10.16 से	11.47 बजे तक
रोग	11.47 से	01.16 बजे तक	रोग	11.47 से	01.19 बजे तक
उद्वेग	01.16 से	02.44 बजे तक	काल	01.19 से	02.51 बजे तक
चर	02.44 से	04.12 बजे तक	लाभ	02.51 से	04.23 बजे तक
लाभ	04.12 से	05.41 बजे तक	उद्वेग	04.23 से	05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

शब्द पहेली - 7834

1	2		3	■	4		5	■
6		■		■		■	7	8
	■	9		10		■	■	
11			■		■	12		
■	■	13		■	14		■	■
15			■	16	■	17		18
	■	■	19		20		■	
21	22	■				■	23	
■	24			■	25			

बाएँ से दाएँ

1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

ऊपर से नीचे

1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा-3
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बटन, स्विच-2

शब्द पहेली -7833 का हल

■	र	ह	म	त	■	म	■
■	ह	■	द	■	प	न	ध	ट
स	ब	ल	■	वी	रा	न	■	क
■	र	की	ब	■	था	■	ना	रा
स	■	र	ज	त	प	ट	■	व
र	वि	■	ब	■	न	ह	र	■
ह	■	म	जा	क	■	नी	वा	ला
द	फ	ना	ना	■	सा	■	य	■
■	■	ही	■	ग	फ	ल	त	■

आज का राशिफल

मेष राशि : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा।

वृष राशि : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

मिथुन राशि : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

कर्क राशि : राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

सिंह राशि : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

कन्या राशि : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

तुला राशि : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

वृश्चिक राशि : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

धनु राशि : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

मकर राशि : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी।

कुंभ राशि : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

मीन राशि : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

बारामूला में लश्कर के दो सहयोगी आतंकी गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू एवं कश्मीर पुलिस ने सुरक्षा बलों के साथ मिलकर क्रेरी बारामूला के चक टापर इलाके में प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े दो आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से हथियार, गोला-बारूद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा, ग्राम चक टपर क्रीरी में आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में विशेष जानकारी पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सेना (29 आरआर) के साथ मिलकर बस स्टॉप चक टपर क्रीरी में एमवीसीपी स्थापित किया। चेकिंग के दौरान, संयुक्त दल ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका और गिरफ्तार किया, जिन्होंने चौकी को देखकर मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया।

देशभर में लगेंगे राम मंदिर उद्घाटन के पोस्टर और होर्डिंग

अयोध्या। अयोध्या में राम मंदिर में राम लला की मूर्ति के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए बड़े पैमाने पर प्रचार की योजना बनाई गई है। समारोह के बारे में लोगों को सूचित करने वाले पोस्टर और होर्डिंग पूरे देश में लगाए जाएंगे। यह समारोह जनवरी 2024 में आयोजित होने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक राम मंदिर निर्माण समिति राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में परियोजनाओं पर चर्चा करने के लिए बैठक कर रही है। समिति ने बताया कि कार्यों को 31 दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

ओडिशा में सांप के काटने से तीन बच्चों की मौत

भुवनेश्वर। ओडिशा में सांप काटने की दो अलग-अलग घटनाओं में तीन बच्चों की मौत हो गई और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस के अनुसार, देवगढ़ जिले में हुई पहली घटना में दो भाइयों, गौरांग (14) और सौभाग्य (8) की सोमवार रात अपने घर में सोते समय सांप के काटने से मौत हो गई। परिजन उन्हें तुरंत देवगढ़ अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दूसरी घटना मयूरभंज जिले के शरता पुलिस सीमा के तहत कतुरिया गांव में हुई।

अदालत ने हरियाणा के विधायक गोपाल कांडा को किया बरी

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को सिरसा विधायक और हरियाणा लोकहित पार्टी के नेता गोपाल कांडा को एयर होस्टेस गीतिका शर्मा को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में बरी कर दिया, जो 5 अगस्त 2012 को अपने दिल्ली आवास पर मृत पाई गई थीं। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विकास ढुल ने कांडा को मामले से बरी कर दिया। अदालत ने उनकी एमडीएलआर कंपनी की वरिष्ठ प्रबंधक अरुणा चड्ढा को भी बरी कर दिया। कांडा की एमएलडीआर एयरलाइंस में एयर होस्टेस के रूप में काम करने वाली शर्मा को सुसाइड नोट लिखने के एक दिन बाद मृत पाया गया था।

'अटल-आडवाणी की विरासत है एनडीए'

एजेंसी। नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री ने एनडीए को अटल बिहारी वाजपेयी और लाल कृष्ण आडवाणी की विरासत बताते हुए पार्टी सांसदों से एनडीए के 25 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाने और इसे बढ़ाने में जोर-शोर से जुट जाने का आह्वान किया है। भाजपा संसदीय दल की बैठक के बारे में बताते हुए केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बताया कि एनडीए के 25 वर्ष पूरे होने पर सांसदों से जश्न मनाने का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए अटल-आडवाणी की विरासत है, इसके 25वें साल को सेलिब्रेट करना है। देश भर में लोगों से मुलाकात करना है, उनके साथ बैठना है, आईडिया एक्सचेंज करना ही। पूरे उत्साह और विश्वास के साथ एनडीए के 25 वर्ष को सेलिब्रेट करना है। उन्होंने बैठक में एनडीए को आगे बढ़ाने के लिए काम करने का भी आह्वान किया। जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक में कहा कि विपक्ष के व्यवहार से पता लगता है कि उन्होंने कई वर्षों तक विपक्ष में रहना ही डिसाइड कर लिया है। उन्होंने बताया कि विपक्ष हताश हो रहा है और हमें और सतर्क रहने की जरूरत है। पीएम ने बैठक में कहा कि यह भोर का समय है, चेतना का समय है। भारत 10 वें नंबर की अर्थव्यवस्था से 5वें नंबर पर आ गया है और सरकार के तीसरे टर्म में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएगी। पीएम ने 2047 में भारत को एक विकसित देश बनाने के सपने के साथ ही सभी को एकजुट होकर प्रयास करने को भी कहा। प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त को लेकर इस बार भी हर घर तिरंगा अभियान को लेकर देश की हर विधनसभा में कार्यक्रम करने की बात कहते हुए सभी सांसदों से भी इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपेक्षा की है। वहीं भाजपा संसदीय दल की बैठक में विपक्षी दलों पर तीखा निशाना साधते हुए पीएम ने उनके 'इंडिया' नाम को लेकर भी तीखा निशाना साधा।

लोकसभा अध्यक्ष ने बुलाई बैठक, रही बेनतीजा

सत्ता पक्ष-विपक्ष अपने-अपने रूख पर अड़े

एजेंसी। नई दिल्ली

मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर लोकसभा में जारी गतिरोध मंगलवार को भी जारी रहा और इस मुद्दे पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की ओर से बुलाई गई बैठक में सत्ता पक्ष और विपक्ष अपने-अपने रूख पर अड़े रहे। संसद का मानसून सत्र शुरू होने के बाद से ही विपक्षी दलों के सदस्य मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान और फिर चर्चा कराने की मांग कर रहे हैं।

वहीं सरकार का कहना है कि इस मुद्दे पर वह चर्चा को तैयार है जिसका जवाब गृह मंत्री अमित शाह देंगे। इसके कारण संसद के दोनों सदनों में कामकाज बाधित है। सूत्रों ने बताया कि मानसून सत्र शुरू होने के बाद से ही निचले सदन में इस मुद्दे पर गतिरोध को देखते हुए लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने मंगलवार को अपने कक्ष में सभी दलों की बैठक बुलाई। सूत्रों के अनुसार, बिरला ने सभी नेताओं से इस विषय पर पुनः अपनी पार्टी में चर्चा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर एक बार फिर बैठक की जाएगी। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी, विधि मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के अलावा लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, तृणमूल कांग्रेस नेता सुदीप बंदोपाध्याय, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले और अपना दल से अनुप्रिया पटेल उपस्थित थीं। इसके अलावा इसमें जनता दल (यूनाइटेड) के ललन सिंह, द्रमुक के टी आर बालू, नेशनल कॉन्फ्रेंस से फारूक अब्दुल्ला, लोक जनशक्ति पार्टी से पशुपतिनाथ पारस, एआईएमआईएम से असदुद्दीन ओवैसी, तेलुगू देशम पार्टी से नामा नागेश्वर राव, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी से सी पी आर नटराजन, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) से ईटी बशीर मोहम्मद तथा तेलंगाना राष्ट्र समिति से श्रीनिवास रेड्डी मौजूद रहे। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा, सदन के सामने देश हित से जुड़े कई विधेयक और मुद्दे चर्चा के लिए लंबित हैं।

विपक्ष संवेदनशील होता तो हम मणिपुर पर चर्चा कर रहे होते : पीयूष गोयल

राज्यसभा में नेता सदन पीयूष गोयल ने मंगलवार को एक बार फिर आरोप लगाया कि विपक्ष मणिपुर जैसे संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा से भाग रहा है। गोयल ने कहा कि मणिपुर मुद्दे पर विपक्ष अगर जरा सा भी संवेदनशील होता तो हम इस समय इसपर चर्चा कर रहे होते। पीयूष गोयल ने कहा कि विपक्ष पिछले तीन दिनों से सदन में चर्चा से भाग रहा है। पूरा देश देख रहा है कि कैसे विपक्ष सदन को चलने नहीं दे रहा है। विपक्षी दल इधर-उधर की बातें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है और विपक्ष को चर्चा करनी चाहिए। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि विपक्ष के कई सदस्य नियम 267 के तहत चर्चा चाहते हैं। प्रधानमंत्री को यहां चर्चा में आना चाहिए और सदन में अपनी बात रखनी चाहिए। राज्यसभा में सुबह मणिपुर के मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के चलते कार्यवाही 12 बजे तक और इसके बाद दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

जीवन भर 'युवा शक्ति' को 'राष्ट्रशक्ति' बनाने में जुटे रहे मदनदास : शाह

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को महाराष्ट्र के पुणे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक मदनदास देवी के अंतिम दर्शन किए और उनको श्रद्धांजलि अर्पित की।इसके पहले, गृहमंत्री शाह ने ट्वीट कर कहा कि मदनदास देवी ने युवा शक्ति को राष्ट्रशक्ति बनाने में अपना जीवन समर्पित कर दिया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को उन्होंने एक वटवृक्ष की तरह सींचा और उसके विस्तार में अहम योगदान दिया। मदनदास का ऐसा व्यक्तित्व था कि वे जिससे भी मिलते थे, उसके जीवन में अपने उच्च सिद्धांतों से एक अमिट छाप छोड़ देते थे। श्री गुरुजी के आदर्शों पर चलकर उन्होंने युवाशक्ति को राष्ट्रशक्ति बनाने में अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके निधन से करोड़ों कार्यकर्ता शोकाकुल हैं। देश और विचारधारा के लिए जीने वाले ऐसे निष्ठावान स्वयंसेवक को कोटि-कोटि नमन। मदनदास का कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित एक अस्पताल में सोमवार को निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को पुणे के वैकुंठ घाट पर किया गया।

राष्ट्रपति मुर्मू ने की बॉम्बे और आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट में मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति ने न्यायमूर्ति देवेन्द्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति धीरज सिंह ठाकुर को बॉम्बे हाईकोर्ट और आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। कानून और न्याय मंत्रालय द्वारा सोमवार देर रात जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि भारत के संविधान द्वारा शक्ति का प्रयोग करते हुए दिनांक 24.07.2023 को भारत के राष्ट्रपति ने भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श के बाद, उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के रूप में नियुक्त करने में प्रसन्नता हो रही है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति देवेन्द्र कुमार उपाध्याय को बॉम्बे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया। वहीं बॉम्बे उच्च न्यायालय (पीएचसीः जम्मू-कश्मीर और लद्दाख) के न्यायाधीश न्यायमूर्ति धीरज सिंह ठाकुर को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। 6 जुलाई को भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने सात उच्च न्यायालयों के लिए मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिश की थी।इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति उपाध्याय को बॉम्बे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए सिफारिश की गई थी। न्यायमूर्ति रमेश डी. धानुका की सेवानिवृत्ति के बाद बॉम्बे उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश की जगह खाली थी।

इसरो ने पृथ्वी की पांचवी कक्षा में किया स्थापित

चंद्रयान-3 चंद्रमा के नजदीक

एजेंसी। नई दिल्ली

चंद्रयान-3 मंगलवार को चंद्रमा की ओर एक कदम और आगे बढ़ गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को एक बार फिर कक्षा बदलने की प्रक्रिया (अर्थबाउंड-फायरिंग-2) सफलतापूर्वक पूरा कर चंद्रयान-3 को पृथ्वी की पांचवीं कक्षा और आखिरी कक्षा में भेज दिया है। इसरो अब एक अगस्त को मध्यरात्रि 12-01 बजे के बीच चंद्रयान-3 को चंद्रमा की कक्षा में भेजेगा। मंगलवार को इसरो ने ट्वीट करके कहा कि चंद्रयान-3 पृथ्वी की पांचवीं कक्षा (पृथ्वी-बाउंड पेरिगी फायरिंग) में बेंगलुरु से सफलतापूर्वक निष्पादित की गई है। 25 जुलाई को दोपहर 2 से 3 बजे के बीच चंद्रयान-3 की कक्षा को सफलतापूर्वक बदला गया। उल्लेखनीय है कि 14 जुलाई को इसरो ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से अपने चंद्र अन्वेषण कार्यक्रम के तीसरे संस्करण को सफलतापूर्वक लॉन्च किया।

अब एंड्रॉयड फोन पर भी चैटजीपीटी कर सकते हैं एक्सेस

आरएनएम। नई दिल्ली

चैटबॉट चैटजीपीटी के एंड्रॉयड ऐप को अगले हफ्ते लॉन्च किया जाएगा। इस तरह अब आप अपने एंड्रॉयड फोन पर भी चैटजीपीटी को एक्सेस कर पाएंगे। मई 2023 में चैटजीपीटी के आईओएस ऐप को लॉन्च किया जा चुका है और अब यह ऐप एंड्रॉयड मोबाइल डिवाइस के लिए रिलीज होने वाला है। चलिए जानते हैं चैटजीपीटी ऐप के लिए प्री-रजिस्टर करने का तरीका- ओपेन एआई के चैटजीपीटी टूल को नवंबर 2022 में लॉन्च किया गया था। और लॉन्च होने के साथ ही इंटरनेट की दुनिया में इसने अपनी धाक जमा ली। लॉन्च होने के दो महीने के भीतर ही 100 मिलियन से ज्यादा यूजर्स ने इस एआई चैटबॉट को डाउनलोड कर लिया। ओपेन एआई ने उन यूजर्स को प्री-रजिस्टर करने का मौका दिया है जो प्ले स्टोर पर चैटजीपीटी के एंड्रॉयड ऐप को उपलब्ध कराए जाने के तुरंत बाद डाउनलोड करना चाहते हैं। गूगल प्ले स्टोर पर चैटजीपीटी के विवरण में लिखा है, यह ऑफिशियल ऐप फ्री है, ऐप सभी डिवाइस में यूजर हिस्ट्री सिंक करता है और ओपन एआई के नए बेहतर मॉडल को आपके लिए ऑफर करता है।

आप अपने एंड्रॉयड स्मार्ट फोन प्ले स्टोर पर जाकर चैटजीपीटी सर्च कर सकते हैं। इसके बाद इंस्टॉल बटन पर टैप करें और फिर चैटजीपीटी को प्री-ऑर्डर करें।

ऐप भारत में डाउनलोड के लिए उपलब्ध होने पर आपको एक नोटिफिकेशन मिलेगा कि ऐप ऑटोमैटिकली डाउनलोड हो जाएगा। इस प्रक्रिया को पूरी करने के लिए ओके प्रेस करें। अगर आप चाहते हैं कि आपके एंड्रॉयड फोन चैटजीपीटी ऑटोमैटिकली डाउनलोड ना हो तो अनरजिस्टर पर टैप कर दें। आपको बता दें कि चैटजीपीटी एंड्रॉयड ऐप के साथ यूजर्स के लिए चैटबॉट को इस्तेमाल करना आसान हो जाएगा। ऐंड्रॉयड ऐप रिलीज किए जाने के बाद एंड्रॉयड यूजर्स को चैटजीपीटी एक्सेस करने के लिए ब्राउजर को इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बता दें कि चैटजीपीटी के कई फंक्शन ऐसे हैं जिससे हमारे कई सारे काम आसानी से हो सकते हैं। आप एग्जाम में आने वाले कठिन सवालों के जवाब से लेकर ईमेल लिखवाने, कॉन्टेंट एडिट करने जैसे कई काम इस एआई टूल से कर सकते हैं।

पीएम मोदी 27-28 जुलाई को राजस्थान, गुजरात का करेंगे दौरा

सेमीकॉन इंडिया का करेंगे उद्घाटन

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 और 28 जुलाई को राजस्थान और गुजरात का दौरा करेंगे तथा इस दौरान एक लाख पीएम किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) राष्ट्र को समर्पित करेंगे और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के तहत लगभग 17,000 करोड़ रुपये की 14 वीं किस्त भी जारी करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक अपने इस दौरे के दौरान मोदी राजस्थान में पांच नए चिकित्सा महाविद्यालयों और छह एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन करेंगे तथा अपने गृह राज्य गुजरात के राजकोट में एक नए अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के साथ ही 860 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री 27 जुलाई को सुबह लगभग 11:15 बजे राजस्थान के सीकर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके बाद वह गुजरात के राजकोट पहुंचेंगे, जहां दोपहर करीब सवा तीन बजे प्रधानमंत्री राजकोट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का अवलोकन करेंगे। शाम करीब सवा चार बजे प्रधानमंत्री राजकोट के रेसकोर्स मैदान में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

अगले दिन सुबह सुबह लगभग 10:30 बजे वह गांधीनगर में महात्मा मंदिर में सेमीकॉन इंडिया 2023 का उद्घाटन करेंगे। पीएमओ ने कहा कि अपनी यात्रा के पहले दिन राजस्थान के सीकर में प्रधानमंत्री किसानों को लाभान्वित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के तहत एक लाख पीएम किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

'आइना' में काम करते हुए फ्रेशर जैसा महसूस कर रही हूं : ऋचा चड्ढा

'गैंग्स ऑफ वासेपुर', 'इनसाइड एज', 'मसान', 'सेक्शन 375' और 'फुकरे' फ्रेंचाइजी के लिए मशहूर एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा इस साल 'आइना' के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। एक्ट्रेस ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और इसमें वह 'क्रॉनिकल्स ऑफ नार्निया' फेम विलियम मोसले के साथ मुख्य किरदार निभाती नजर आएंगी। फिल्म वास्तविक जीवन की घटनाओं पर आधारित है। फिलहाल, फिल्म की शूटिंग यूके में चल रही है और लंदन शेड्यूल के बाद इसे भारत में अलग-अलग लोकेशन पर शूट किया जाएगा।फिल्म के बारे में बात करते हुए ऋचा ने कहा, ''मैंने इंटरनेशनल प्रोजेक्ट्स के लिए कुछ स्क्रिप्ट पढ़ी थीं लेकिन कुछ भी अच्छी नहीं लग रही थी। जब आइना मेरे पास आई, तो मुझे पता था कि यह वही है और अब, जैसा कि आखिरकार हो रहा है, मैं बेहद रोमांचित हूं।

हीर और रांझा की प्रेम कहानी बताती है 'हीरिये' म्यूजिक एल्बम



संगीतकार और गायिका जसलीन रॉयल ने अपना नया गाना 'हीरिये' रिलीज किया है और यह एक ऐसा गाना है जो दर्शकों को शांति का अहसास दिलाएगा। इस गाने को सुपरस्टार गायक अरिजीत सिंह ने गाया है, और गाने के संगीत वीडियो में मलयालम स्टार दुलकर सलमान और जसलीन हैं। संगीत वीडियो की शुरूआत जसलीन द्वारा रांझा के चरित्र के साथ हीर-रांझा की क्लासिक कहानी से होती है। जैसे ही वह किताब पढ़ने में व्यस्त हो जाती है, किताब में दुलकर का 'रांझा' किरदार वास्तविकता और भ्रम की सीमाओं को पार कर जाता है और वीडियो में जसलीन के चरित्र के जीवन में घोड़े पर सवार होकर एक आश्चर्यजनक प्रवेश करता है।

पूजा भट्ट ने किया खुलासा, आखिर क्यों 'बिग बॉस ओटीटी 2' में आई?

एक्ट्रेस-फिल्ममेकर पूजा भट्ट ने 'बिग बॉस ओटीटी 2' के अपकमिंग एपिसोड में घर के सदस्यों को बताया कि वह शो में क्यों आई हैं। 'बिग बॉस ओटीटी 2' के को-कंटेस्टेंट के साथ बातचीत में पूजा ने बॉलीवुड में अपनी यात्रा के बारे में बात की और कहा कि वह अभी भी नई चीजों को आजमाने में ठीक महसूस करती हैं। पूजा भट्ट ने कहा कि उन्होंने अपनी लाइफ में जो कुछ भी किया है, उसके बारे में सोचकर उन्हें कुछ भी बुरा नहीं लगता है।पूजा ने कहा, मुझे अपने किए गए कामों का कोई पछतावा नहीं है, मुझे लगता है कि कम से कम कोशिश करना जरूरी है, इससे या तो आप कुछ खोते हैं या सब कुछ पा लेते हैं। शो के बारे में उन्होंने कहा, रहम यह नहीं छिपा सकते कि हम क्या हैं और कौन हैं। दर्शक सब कुछ समझते हैं। हममें से कोई एक ही जीतेगा, कोशिश करना और अपना बेस्ट देना जरुरी है। आने वाले एपिसोड में पूजा को नॉमिनेशन टास्क के लिए भी विशेषाधिकार मिलेगा क्योंकि फिलहाल वह घर की कैप्टन हैं। पूजा को यह तय करने का अधिकार है कि किसे नोमिनेट करना है। पूजा भारतीय फिल्म निमार्ता, महेश भट्ट की बेटी और आलिया भट्ट की सौतेली बहन हैं। उन्होंने 1989 में महेश भट्ट की फिल्म 'डैडी' में अपनी पहली प्रमुख भूमिका निभाई। उन्हें सफलता रोमांस-कॉमेडी 'दिल है कि मानता नहीं' से मिली। आखिरी बार वह बड़े पर्दे पर 'सड़क 2' में नजर आई थीं।

छात्राओं के साथ छेड़छाड़ मामले में नाराज ग्रामीणों ने थाने का किया घेराव

आक्रोशित लोगों ने आरोपी शिक्षक के गिरफ्तारी की मांग की

नवीन मेल संवाददाता। रांची

पिठौरिया थाना क्षेत्र के एक स्कूल में छात्राओं के साथ छेड़छाड़ को लेकर ग्रामीण आक्रोशित हैं। केंद्रीय सरना समिति के बैनर तले मंगलवार को छात्राओं के परिजन और सैकड़ों ग्रामीणों ने आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी के लिए थाना का घेराव किया। इस दौरान ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की। सैकड़ों ग्रामीण पारंपरिक हरवे हथियार के साथ थाना पहुंचे। बाद में शिक्षक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पिठौरिया थाना से लेकर निश्चल मेमोरियल हाई स्कूल जहां पर घटना घटी तक जुलूस की शक्ल में शिक्षक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पहुंचे। मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर राजकुमार यादव ने ग्रामीणों को बहुत समझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़े थे। बाद में प्रशासन के तरफ से बताया गया कि आरोपित शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए। पंचायत के मुखिया राजकिशोर मुंडा ने कहा कि गांव की तीन बच्चियां निश्चल मेमोरियल हाई स्कूल में पढ़ने जाती हैं। वहां के शिक्षक रनथु मिश्रा उर्फ जगन्नाथ मिश्रा कई महीनों से बच्चियों के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करता था। इस तरह की घटना सोमवार को भी विद्यालय में घटी। बाद में बच्चियां परिजनों को इसकी पूरी जानकारी दी। इसके बाद थाना में आवेदन देकर आरोपित शिक्षक पर एफआईआर दर्ज कराया गया है। मौके पर पहुंचे केंद्रीय सरना समिति सदस्य के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि आदिवासी बच्चियों के साथ लगातार इस तरह की घटना घट रही हैं। मुख्यमंत्री से मिलकर इस पर जल्द ही एक कानून बनाया जाएगा ताकि ऐसे अपराध पर अंकुश लगाया जा सके। मामले को लेकर थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है।

एटीएस में 11 सब-इंस्पेक्टर और छह एएसआई पदस्थापित

रांची। डीजीपी के आदेश पर आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) में विभिन्न जिलों के 11 सब-इंस्पेक्टर और छह एएसआई को पदस्थापित किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना डीआईजी कार्मिक की ओर से जारी कर दी गई है। संबंधित जिले के एसपी को निर्देश दिया गया है कि इन पुलिस पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से विरमित करते हुए पुलिस मुख्यालय को अवगत कराएं। इन 11 सब-इंस्पेक्टर में अभिषेक कुमार सिंह, प्रेमलता कुमारी, रोहित कुमार कालिंदी, संदीप बाधवार,रंजीत कुमार लिंडा, विरेंद्र कुमार रविदास,अमृत प्रताप टेटे,रोशन बारा,अरविंद रविदास,मंगल हेंब्रम और समीर भगत शामिल है। जबकि एएसआई में कुमार रामजनम, मनोज कुमार शर्मा, लोकेश कुमार गोप, अहमद अली अंसारी,लालू कुमार शर्मा, राज नारायण सिंह हैं।

चिन्मय मिशन में सप्ताह के तृतीय श्रीमद भागवत कथा आयोजित

भगवान नारायण की स्मृति सदैव बनी रहनी चाहिए : महाराज

नवीन मेल संवाददाता। रांची

चिन्मय मिशन, रांची द्वारा आयोजित भागवत सप्ताह के तृतीय दिवस की कथा भागवत व व्यास पीठ के पूजन से प्रारंभ हुआ। परीक्षित महाराज के प्रश्नों का उत्तर देते हुए शुकदेव जी महाराज ने कहा कि यदि अभय अवस्था को प्राप्त करना है तो भगवान के नाम, रूप, गुण, कथा, लीला आदि का श्रवण करना चाहिए। भगवान नारायण की स्मृति सदैव बनी रहनी चाहिए। स्मरण उसी का होगा जिसका श्रवण के माध्यम से ग्रहण होगा। मनुष्य को प्रतिदिन ध्यानाभ्यास करना चाहिए। ध्यानाभ्यास के लिए चार बातें आवश्यक बताई गई : 1. जितासन -किसी भी आसन में स्थिर बैठना चाहिए, 2. जितश्वास-श्वासों का नियमन करना चाहिए, 3. जितसंङ्ग - कुसंग से हटे रहना है, 4. जितेन्द्रिय-सभी इन्द्रियों पर नियंत्रण होना चाहिए। ध्यानाभ्यास में एकाग्रता के लिए दैनिक व्यवहार शुद्ध होना चाहिए। दैनिक व्यवहार के अनुसार ही स्वप्न आता है। यदि हृदय में ध्यान नहीं कर सकते तो कस्थुल भगवान के विग्रह के विभिन्न अंगों को भक्तिपूर्वक देखना चाहिए। ध्यान पूर्वक देखने के बाद भगवान के रूप का स्मरण करना चाहिए। स्वामी जी ने वराह अवतार, कपिलावतार आदि का वर्णन किया। दक्ष ,सती ,प्रहलाद, ध्रुव आदि का वृत्तांत सुनाया। अजामिल की कथा बताई। राजा बलि व वामन अवतार का तात्पर्य समझाया। घर वह वस्तु है जहां रहने के लिए कारण नहीं बताना होता है। जैसे पथिक को घर मिलने पर विश्राम की प्राप्ति होती है वैसे ही भक्त को भगवान के चरणों में परम शांति मिलती है। आज भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे। विशेष उपस्थिति श्री चन्द्र प्रकाश बांग्ला, विश्वजीत बोस, अरूण धानुका, प्रमोद बगड़िया, निर्मल केडिया, महेश्वर सिंह, पवन गोयल, प्रदीप राजगढ़िया आदि की रही।

अपर जिला दंडाधिकारी की अध्यक्षता बैठक आयोजित

'तम्बाकू मुक्त भविष्य के लिए युवाओं की सहभागिता सबसे महत्वपूर्ण'

नवीन मेल संवाददाता। रांची

उपायुक्त, रांची राहुल कुमार के निर्देशानुसार मंगलवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) रांची, राजेश्वर नाथ आलोक की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समिति की बैठक सह एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में जिला नोडल पदाधिकारी तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. एआर मुस्तफा, प्रखंड विकास पदाधिकारी बेड़ो, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, राजीव कुमार राज्य सलाहकार तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम, सुशांत कुमार,जिला सलाहकार तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं टाटा ट्रस्ट की ओर से नीरज कुमार एवं अन्य संबंधित सभी पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में राजीव कुर्मा राज्य परामर्शी के द्वारा राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम से सम्बन्धित सभी प्रकार की जानकारी देते हुए बताया गया कि खास कर सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003 अंतर्गत छापामारी दस्ते द्वारा किन किन धाराओं के साथ कार्रवाई की जा सकती है तथा कार्रवाई के बाद इकट्ठा हुए पैसे को किस माध्यम से स्वयं सरकार के खाते में जमा की जायेगी।

भारत सरकार के निर्देश का अनुपालन

अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) द्वारा संबंधित अधिकारियों से कहा गया भारत सरकार के निदेर्शानुसार अपने कार्य क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी शिक्षण संस्थानो को तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान घोषित करवाना सुनिश्चित करेंगे एवं तम्बाकू मुक्त पंचायत बनाने हेतु अपने स्तर से आवश्यक कदम उठाना सुनिश्चित करेंगे। अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) ने बैठक के दौरान सभी सम्बंधित अधिकारी द्वारा खास तौर पर निर्देशित करते हुए कहा कि इस बैठक मे तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सबकी सहभागिता अपेक्षित हैं। अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) द्वारा बैठक में आये सभी अधिकारियों और इससे जुड़े लोगों का मंतव्य सुनते हुए इसपर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को सार्वजनिक स्थानों में सिगरेट पीने एवं तम्बाकू पदार्थो के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष विज्ञापन पर पूर्ण प्रतिबंध पर दंड का प्रावधान इससे जुड़ी सभी कानूनों का सख्ती से पालन करने के निर्देश देते हुए इसका पालन कराना सुनिश्चित करने को कहा। अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) द्वारा तम्बाकू मुक्त भविष्य के लिए युवाओं की सहभागिता सबसे महत्वपूर्ण हैं।

गोली लगने से ब्रेन टेंपोरेल लोब हुआ डैमेज, जटिल सर्जरी कर रिम्स के डॉक्टरों ने बचायी जान

रांची। लापुंग निवासी जितेंद्र उरांव को सोमवार की शाम किसी व्यक्ति ने सिर में गोली मार दी। वह अपने बच्चे के साथ अपनी दुकान के बाहर बैठे हुए थे। घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए और बुलेट ब्रेन में जाकर फंस गया। आनन-फानन में परिजन जितेंद्र को रिम्स लेकर आये। जहां रिम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग के डॉ सीबी सहाय की यूनिट में उसे भर्ती किया गया। बुलेट लगने की वजह से ब्रेन के बाएं हिस्से का टेंपोरल डैमेज हो चुका था। साथ ही ब्रेन के पिछले हिस्से की हड्डियां भी टूटी थी और ब्रेन भी डैमेज हुआ था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉ सीबी सहाय के नेतृत्व में मंगलवार को मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया। मरीज अभी खतरे से बाहर है। इस ऑपरेशन में डॉ रोहित भारती, डॉ सौरभ बेसरा, डॉ दीपक, डॉ विकास कुमार, डॉ मंजर अली और एनेस्थीसिया विभाग से डॉ तुषार शामिल थे।

अंसारी को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग

रांची। झारखण्ड प्रदेश मोमिन कांफ्रेंस की विधानसभा ऑडोटोरियाम हॉल में आयोजित बैठक में गोस्सनर कॉलेज रांची के सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद यासीन कासमी आमंतित्र अतिथि के तौर पर थे। इस अवसर पर बुनकरों, अंसारियों की आबादी, जो आगे चलकर मोमिन के नाम से जानी गई। उन्होंने शैक्षणिक, आर्थिक एवं राजनीतिक स्थिति पर अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि आज भी इस आबादी का अधिकतर हिस्सा आदिवासियों की तरह मुसीबत भरी जीवन व्यतीत कर रहा है। डॉ. कासमी ने आगे कहा कि एक लम्बे समय तक कांग्रेस से जुड़े हुए रहने के कारण अंसारी आबादी को पहले पिछड़ा वर्ग और बाद में अत्यंत पिछड़ा वर्ग की श्रेणी में कुछ सरकारी सुविधाएं प्राप्त हुई लेकिन जमीनी सतह पर उनके विकास के लिए कोई मुख्य और असरदार कदम नहीं उठाए गए। डॉ. कासमी ने कहा कि कुडुख भाषा के विद्वान अल्हाज टर्की ने छोटानागपुर के क्षेत्र में बसी मुस्लिम आबादी के सांस्कृतिक जड़ों का गहरा अध्ययन करने बाद यह निष्कर्ष निकाला था कि इस्लाम धर्म मानने से पहले इस आबादी के पूर्वज वास्तव में उरांव जाति से आए थे। इसी तरह जातियों, भाषाओं और संस्कृति के अच्छे विद्वान अली मोहम्मद अंसारी उराँव जाति एवं इस मुस्लिम जनसंख्या के बीच जमीनी सतह पर पाई जाने वाली समान विशेषताओं के आधार पर मानते हैं कि छोटानागपुर क्षेत्र में अधिक संख्या में बसी पिछड़ा मुस्लिम जनसंख्या के पूर्वज उरांव जाति के थे। इस पृष्ठभूमि में झारखण्ड सरकार से हमारी ये माँग है कि झारखण्ड के अंसारी आबादी को अनुसूचित जनजाति (रळ) में शामिल करे और शिक्षा, रोजगार एवं सरकारी संस्थाओं में हर स्तर पर उनके लिए भी स्थान आरक्षित किया जाय। इसके लिए भारत के संविधान को अनुच्छेद 16 के पारा 4 का भी अध्ययन किया जा सकता है।

श्री श्याम मित्र मंडल ने श्याम मंदिर में किया कार्यक्रम आयोजित, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

रांची। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 60 वां कार्यक्रम मंगलवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। रामगढ़ निवासी प्रमोद कुमार प्रदीप कुमार अरनवराज अभिराज ने हनुमान जी महाराज के दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना केलाफल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा निवेदित की। रामचरितमानस ग्रंथ व पाठवाचकों का चंदन वंदन करके श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक डफली झांझ-कड़ताल ऑर्गन के सुरताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ों भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड गूंज रहा था।

पृष्ठ एक के शेष

कैबिनेट की बैठक में...

को मेडिकल भत्ता के शेष 500 रुपये को सालाना छह हजार के रूप में सरकार बीमा कंपनियों को प्रीमियम के रूप में देगी। यदि इलाज का खर्च पांच लाख से अधिक होता है, तो फिर कॉरपस फंड से यह राशि दी जायेगी। इसका लाभ सभी सरकारी व सेवानिवृत कर्मियों के अलावा विधानसभा सदस्यों के लिए कार्यरत कर्मियों, विश्वविद्यालय में कार्यरत व सेवानिवृत्त कर्मियों को भी मिलेगा। कैबिनेट ने झारखंड मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय की मंजूरी दी। इसी विश्वविद्यालय के अंतर्गत सारे मेडिकल कॉलेज कार्य करेंगे। वर्तमान में विभिन्न विश्वविद्यालयों के अधीन मेडिकल कॉलेज चलते थे, जिसे अलग कर मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय के अधीन कर दिया जायेगा। कैबिनेट ने झारखंड प्रतियोगिता परीक्षा भर्ती निवारण एक्ट 2023 की स्वीकृति दी। इस एक्ट के तहत परीक्षाओं में अनियमितता बरतने, प्रश्न पत्र लीक करने, चोरी कराने में सहायक बनने पर 10 वर्ष की सजा और एक करोड़ तक जुमार्ना का प्रावधान किया गया है। कैबिनेट ने संगठित अपराधों की जांच भी आतंकवादी निरोधी दस्ता से कराने का फैसला लिया है। रांची में मोटर वाहन दुर्घटना विवादों की सुनवाई के लिए जिला न्यायाधीश का पद स्वीकृत हुआ है। वित्त विभाग के अंतर्गत 29 कर्मियों की सेवा नियमित की गयी है। ये मुख्यालय सहित विभिन्न ट्रेजरी में कार्यरत हैं। स्कूल कॉलेज की लाइब्रेरी में शिबू सोरेन पर लिखी गयी तीन किताबों को विद्यार्थियों के लिए पढ़ने के लिए रखा जायेगा। इनमें पहला किताब सुनो बच्चों आदिवासी नायक शिबू सोरेन की गाथा प्राथमिक विद्यालय में रखी जायेगी। ट्राईबल हीरो शिबू सोरेन और दिसुम गुरु शिबू सोरेन मध्य और हाई स्कूल की लाइब्रेरी में बच्चों के पढ़ने के लिए रखी जायेगी।

साइबर क्रिमिनल्स के कुरियर बॉयज...

गिरफ्तार किया गया है।गिरोह के सदस्य राजधानी रांची में ऑटो चालक बनकर किराए के मकान में रह रहे थे। ताकि किसी को भी इन पर शक ना हो। बिहार के नालंदा और पटना में रहने वाले साइबर अपराधी ठगी के पैसे विभिन्न खातों में ट्रांसफर करते थे और फिर वही से रांची में बैठे साइबर क्रिमिनल्स कुरियर को यह निर्देश आता था कि किस बैंक से कितना पैसा निकाल कर दूसरे बैंक में जमा करना है।

बस से भेजे जाते थे एटीएम, फोन और सिम कार्ड : दरअसल साइबर क्रिमिनल्स जिस शहर में रहते हैं वहां ठगी के पैसे बैंकों से निकालने से बच रहे हैं ऐसे में उन्होंने विभिन्न शहरों में अपने कुछ कुरियर तैयार किए हैं जो उनके लिए सिर्फ और सिर्फ विभिन्न एटीएम में जाकर पैसा निकालते हैं और फिर उनके बताए खाते में उसे डाल देते हैं। इसके एवज में हर निकासी के बदले कुरियर को एक हजार रुपये मिलते थे। किस बैंक में कितने पैसे निकालने हैं और फिर किन बैंकों में जमा करना है इसकी पूरी जानकारी नालंदा से रांची पहुंचाई जाती थी, पैसे निकालने और डालने के लिए बकायदा एटीएम ,फोन और सिम कार्ड भी पटना से ही भेजा जाता था। बस के द्वारा यह सभी समान साइबर क्रिमिनल्स कुरियर के पास पहुंचता था जिसके बाद में पैसा निकासी का काम करते थे।

कैसे हुई गिरफ्तारी : दरअसल एक एटीएम से हुई अवैध निकासी मामले की जांच कर रही पुलिस को सीसीटीवी फुटेज देखने के दौरान एक चौंकाने वाली जानकारी मिली। सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि ऑटो नंबर JH01ET 7199 से आने वाला एक व्यक्ति हर दिन किसी न किसी एटीएम में जरूर जाता है। एटीएम में वह पैसे डालता भी है और निकलता भी है। पैसा निकालने के समय बताया था वह अपने चेहरे को भी ढका रहता था। जानकारी मिलने के बाद रांची सस्ती किशोर कौशल ने मामले की तफ्तीश की जिम्मेवारी साइबर डीएसपी यशोधरा और सदर डीएसपी को दी। बैंक की सहायता से जब ऑटो चालक के द्वारा की गई निकासी का ब्योरा निकाला गया तो पुलिस चौक गई क्योंकि ऑटो चालक के द्वारा लाखों रुपए निकाले भी गए थे और फिर उन्हें पटना के कुछ बैंकों में जमा किए गए थे। मामला संदेह भरा लगने के बाद पुलिस की टीम ने खेलगांव इलाके से ऑटो चालक कमलेश को धर दबोचा। तलाशी के दौरान कमलेश के पास से दर्जनभर एटीएम कार्ड बरामद हुए। पूछताछ में कमलेश टूट गया और उसने बताया कि रांची में ही रहने वाले दो और लोग उसके साथ मिलकर साइबर अपराधियों के द्वारा भेजे गए पैसे की निकासी करते हैं और फिर साइबर अपराधियों के खाते में उसे डालते हैं। कमलेश के निशानदेही पर दो और साइबर क्रिमिनल्स कुरियर धर्मेंद्र सिंह और जितेंद्र जी को भी पुलिस ने धर दबोचा। धर्मेंद्र और जितेंद्र दोनों सगे भाई है। छापेमारी के दौरान धर्मेंद्र और जितेंद्र के घर से 95 हजार नगद , एक एटीएम कार्ड विभिन्न बैंकों के पास बुक और 17 मोबाइल बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार तीनों साइबर अपराधी बिहार के रहने वाले हैं।

सरगना की तलाश जारी : पूछताछ में साइबर अपराधियों ने अपने सरगना के बारे में भी रांची पुलिस को जानकारी दी है मिली जानकारी के अनुसार इस गिरोह का सरगना पटना में रहता है। रांची पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के लिए पटना पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी है।

खूंटी में बैंक व जरूरतमंदों के...

के जयपुर गांव की रहने वाली राजमुनी देवी ने पूरे क्षेत्र में बीसीएस के रूप में काम करते हुए बैंकों वाली दीदी के रूप में पहचान बना ली है। राजमुनी देवी बताती है कि उनका गांव जयपुर इतना पिछड़ा है कि न वहां जाने का रास्ता था और न ही कोई अन्य सुविधा। कुछ वर्षों पहले ही सड़क का निर्माण कराया गया है। ऐसे में पढ़ी-लिखी होने के बाद भी गांव में रोजगार की कोई उम्मीद नहीं थी। राजमुनी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होकर परिवार का विकास करना चाहती थी। पूरा परिवार कृषि पर आधारित था। बाद में वह गांव के ही प्रेम आजीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ गई। उन्हें जेएसएलपीएस की ब्लॉक टीम द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से बीसीएस की भूमिका और जिम्मेदारियों के संबंध में जानकारियां दी गयी। प्रशिक्षण प्राप्त कर उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक से जुड़कर बीसीएस एजेंट के रूप में कार्य करना प्रारंभ किया। उन्होंने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए अपनी पंचायत में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने में भी अहम भूमिका निभाई। एक वर्ष के दौरान राजमुनी देवी ने 75 व्यक्तिगत बैंक खाते हैं और दूरस्थ आबादी को लाभान्वित करते हुए 105 लाख रुपये की राशि का लेन-देन किया है। इन सेवाओं के बदले बैंक के प्रोत्साहन से वह हर महीने दस हजार रुपये से अधिक की कमाई कर रही है। राजमुनी देवी ने न केवल अपने रोजगार सृजन का मार्ग खोला है, बल्कि ग्रामीणों तक योजनाओं को पहुंचाने का बेहतर माध्यम बनी हैं। वह बताती है कि गांव के दिव्यांगों, वृद्धों और महिलाओं को सुविधा उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मसंतुष्टि मिलती है कि उनकी छोटी सी सेवा से लाचार लोगों को सुविधा मिल रही है।

झारांड : जिनके पास है ऊंची...

नियमावली में इस तरह का संशोधन होने पर उसका विरोध होगा। इसे कोर्ट में भी चुनौती दी जा सकती है, क्योंकि पूरे देश में शायद ही कहीं ऐसी व्यवस्था हो जिसमें उच्च शैक्षणिक डिग्री होने पर अभ्यर्थी को किसी प्रतियोगी परीक्षा से डिबार कर दिया जाए। सनद रहे कि झारखंड में परीक्षा और नियुक्ति की नियमावलियों को लेकर लगातार विवाद खड़े होते रहे हैं। ऐसे विवादों के कारण पिछले तीन-चार साल में ही एक दर्जन से ज्यादा नियुक्ति परीक्षाएं और प्रक्रियाएं या तो रद्द की गई हैं या फिर बाधित हुई हैं।

चार्जशीटेड को थानेदार बनाने की क्या मजबूरी है : बाबूलाल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया। मरांडी ने कहा कि जब माझी ही नाव को डुबाने लगे तो फिर कौन बचाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में आज रक्षक ही भक्षक बन गए हैं। रांची के एसएसपी सड़क पर घूम रहे और अपराधी थाना संभाल रहे। मरांडी ने कहा कि आदिवासियों से घूस लेते रंगे हाथों पकड़े गए चार्जशीटेड और जमानत पर जेल से छूटी मीरा सिंह को थानेदार बनाने की आखिर रांची एसएसपी को कौन सी मजबूरी है। उन्होंने कहा कि पत्रकार पर 14 सनहा के बाद एफआईआर करने वाली तुपुदाना की घूसखोर थानेदार मीरा सिंह की करतूत फिर सामने आई है। जेल भेजे गए प्रदीप साहू ने पत्र लिखकर बताया है कि कैसे उनके पत्रकार भाई को संजय साहू को फंसाया गया है।

कुलपति ने पदभार ग्रहण किया

रांची। मंगलवार को झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय रांची के कुलपति ने पदभार संभाला और टेक्निकल छात्र संघ के अध्यक्ष अभिषेक बनर्जी द्वारा जे यू टी परिसर में कुलपति डॉ डीके सिंह, निदेशक पाठ्यक्रम विकास प्रोफ. विजय पाण्डेय, कुलसचिव डॉ. अमर कुमार चौधरी, सहायक कुलसचिव सविता नायक, बी आई टी सिंदरी के प्रभारी डायरेक्टर प्रो. घनश्याम सर और सीयूजे रांची के प्रो. एसके समदर्शी सर के साथ पौधरोपण किया गया और कुलपति महोदय से पिछले सभी मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमें मुख्य रूप से कर्मचारियों की मासिक वेतन और परीक्षा के संबंध में कारवाई शुरू कर दी गई हैं।

रांची में टला बड़ा हादसा, फटा गैस पाइप लाइन लोगों में मची अफरा-तफरी

रांची। राजधानी के सिंहमोड़ के पास एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जगन्नाथपुर के थाना प्रभारी ने बताया कि बिजली का केबल बिछाए जाने के दौरान गैस पाइप लाइन फट गया था। इसकी सूचना गेल कंपनी के अधिकारियों की दी गई। इसके बाद फौरन एक टीम पहुंची और लिकेज को बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि चिंता वाली कोई बात नहीं है। थाना प्रभारी के मुताबिक महज 10 मिनट के भीतर ही स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया था। लेकिन सच यह है कि गैस लिकेज होने से सिंहमोड़ के आसपास के इलाके में अफरा तफरी मच गई। जिस जगह पर पीएनजी पाइट फटा था, वहां एक मार्केट भी है। उसमें रेस्टूरेंट है। गैस इतनी तेजी से बाहर निकलने लगी कि लोग घबरा गये। आसपास के घरों में भी गैस की महक से लोग परेशान हो गये। अच्छी बात यह है कि उस दौरान कोई हादसा नहीं हुआ। आपको बता दें कि रांची में गेल गैस लिमिटेड की तरफ से डोमेस्टिक पीएनजी पाइप लाइन बिछाया जा रहा है। रांची के कई इलाकों में पीएनजी सप्लाई भी हो रही है। सीधे किचन को गैस पाइप लाइन से जोड़ा जा रहा है। यह मीटर सिस्टम पर आधारित है। जितना गैस का खपत होगा, उसी हिसाब से उपभोक्ता को पेमेंट करना पड़ता है। तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास की पहल पर रांची में गैस पाईप लाइन प्रोजेक्ट को मंजूरी मिली थी। फिलहाल राजधानी के मेकॉन कॉलोनी और अशोक नगर कॉलोनी में पीएनजी सप्लाई शुरू हो चुकी है। गेल का दावा है कि यह इको फ्रेंडली है। घर-घर पाइप लाइन पहुंचने से एलपीजी सिलेंडर की झंझट से मुक्ति मिल जाएगी। एलपीजी की तुलना में इस गैस को ज्यादा सुरक्षित माना जाता है।

एचडीएफसी बैंक शहीद चौक शाखा का स्थान परिवर्तन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

एचडीएफसी बैंक के शहीद चौक शाखा का स्थान परिवर्तन हुआ। इस शाखा का उदघाटन मंगलवार को अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अरुण सिंह ने किया। इस अवसर पर अरुण सिंह ने बताया कि शहीद चौक शाखा खुलने से आस पास के कैचमेंट में ग्राहक बेहतर बैंकिंग सेवा का अनुभव ले सकेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि हम सभी जानते हैं कि एचडीएफसी बैंक बेहतर सेवाओं के लिए जाना जाता है और हमें उम्मीद है कि बैंक उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं और सर्वोत्तम पेशकश प्रदान करता रहेगा। इस मौके पर एचडीएफसी बैंक के सर्कल हेड अभिषेक कुमार ने कहा कि ब्रांच के स्थान परिवर्तन से आस पास के लोगों की डे टू डे बैंकिंग आसान हो जाएगी और साथ ही सारी बैंकिंग सुविधा भी मिलेगी। सर्किल हेड ने बताया कि झारखंड में मार्च 2024 के पहले 12 ब्रांच लॉन्च हो रहा है, जिसे झारखंड के लोगों को बेहतर बैंकिंग सेवा मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि शाखाओं की संख्या बढ़ने से हम बड़ी संख्या में ग्राहकों को सेवाएं प्रदान कर सकेंगे। इस कार्यक्रम में क्लस्टर हेड आदित्य पांडे, शाखा प्रबंधक सुभेश्वर झा एवम अन्य लोग उपस्थित थे।

भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम घोषित

शिमरोन हेटमायर, ओशाने थॉमस की वापसी

एजेंसी। सेंट जॉन्स

वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ 27 जुलाई से केंसिंग्टन ओवल में शुरू होने वाली आगामी तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में स्टार बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर और तेज गेंदबाज ओशेन थॉमस की वापसी हुई है। हेटमायर लगभग एक साल से कैरेबियाई टीम के लिए नहीं खेले हैं, लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स के साथ अच्छे प्रदर्शन के कारण उनकी वापसी हुई है, जिसमें उन्होंने 13 पारियों में कुल 299 रन बनाए थे। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने दो साल में वेस्टइंडीज के लिए एकदिवसीय मैच नहीं खेला है, हेटमायर की आखिरी उपस्थिति जुलाई 2021 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 50 ओवर की प्रतियोगिता में थी। इस बीच, तेज गेंदबाज थॉमस, जो आखिरी बार दिसंबर 2021 में वेस्टइंडीज के लिए खेले थे और हाल के दिनों में

फिटनेस के मुद्दों के कारण टीम से बाहर हैं, को भी 15-खिलाड़ियों की टीम में नामित किया गया है। दूसरी ओर, तेज गेंदबाज जेडन सील्स और लेग स्पिनर यानिक कारिया को सर्जरी से पुनर्वास के बाद शामिल किया गया है, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर गुडाकेश मोती भी टीम में शामिल हैं, जो चोट से उबर चुके हैं। मुख्य चयनकर्ता और वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी डेसमंड हेन्स भारत के खिलाफ वनडे सीरीज को लेकर उत्साहित हैं और उन्हें भरोसा है कि हेटमायर और थॉमस अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा, हम ओशेन और शिमरोन का समूह में वापस स्वागत करते हैं। 'दोनों ने पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुछ सफलता के साथ खेला है और हमारा मानना है कि वे सेट-अप में अच्छी तरह फिट बैठेंगे।" उन्होंने कहा, ओशेन गति लाता है और नई गेंद से संभावित विकेट लेने वाला गेंदबाज है। शिमरोन की बल्लेबाजी

वेस्टइंडीज की टीम इस प्रकार है

शाई होप (कप्तान), रोवमैन पॉवेल (उप-कप्तान), एलिक अथानाजे, यानिक कारिया, कीसी कार्टी, डोमिनिक ड्रेक्स, शिमरोन हेटमायर, अल्जारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, काइल मेयर्स, गुडाकेश मोती, जेडेन सील्स, रोमारियो शेफर्ड, केविन सिंक्लेयर, ओशाने थॉमस।

की शैली विशेष रूप से पारी के मध्य चरण में बहुत कुछ प्रदान करेगी और वह एक संभावित 'फिनिशर' भी हैं। नियमित निकोलस पूरन और जेसन होल्डर श्रृंखला के लिए अनुपलब्ध हैं, विकेटकीपर बल्लेबाज शाई होप को एक बार फिर तीन मैचों के लिए कप्तान बनाया गया है। केंसिंग्टन ओवल 27 जुलाई और 29 जुलाई को वनडे सीरीज के पहले दो मैचों की मेजबानी करेगा। इसके बाद टीमें 1 अगस्त को ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में तीसरे और अंतिम वनडे के लिए त्रिनिदाद जाएंगी।

दूसरा टेस्ट मैच : भारत-वेस्टइंडीज के बीच ड्रा

एजेंसी। पोर्ट ऑफ स्पेन

भारत और वेस्टइंडीज के बीच यहां क्वींस पार्क ओवल में खेला गया दूसरा टेस्ट सोमवार को मैच के पांचवें दिन भारी बारिश के कारण रद्द होने के बाद ड्रा घोषित कर दिया गया। भारत ने दो मैचों की सीरीज 1-0 से जीत ली है। भारत के लिए यह निराशाजनक अंत था क्योंकि पूरे मैच के दौरान उसका पलड़ा भारी रहा। भारत ने अपनी दो पारियों में 438 और 181/2 रन बनाए थे। चौथे दिन स्टंप्स तक वेस्टइंडीज को 76/2 पर समेट दिया था जिसे 365 रनों के एक विशाल लक्ष्य का पीछा करना था। अपनी पहली पारी में 255 रन बनाने वाली मेजबान टीम को मैच जीतने के लिए 290 रनों की और जरूरत थी। पांचवें और अंतिम दिन, भारत का लक्ष्य शेष आठ विकेट चटकाने का था ताकि 12 अंक और हासिल किए जा सकें और 2023-25 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में अपनी शानदार शुरूआत को और आगे बढ़ाया जा सके। लेकिन बारिश ने सारा खेल बिगाड़ दिया और मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इससे पहले सुबह भारी बारिश और बादल छाए रहने के कारण

वेस्टइंडीज में खेलने की अपनी चुनौती है : रोहित

दो मैचों की सीरीज 1-0 से जीतने के बाद भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वेस्टइंडीज में खेलने की अपनी चुनौती है और जिस तरह से चीजें उनकी टीम के लिए रहीं, उससे वह खुश हैं। सोमवार को दूसरे टेस्ट का पांचवां दिन बारिश की भेंट चढ़ गया, जिससे मैच ड्रा हो गया और मेहमान टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में 1-0 से जीत हासिल कर ली। रोहित ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा, हर जीत अलग होती है। वेस्टइंडीज में खेलने की अपनी चुनौती होती है। जिस तरह से चीजें हुईं, उससे खुश हूं। हमने अच्छा प्रयास किया, दुर्भाग्य से हम आज कोई खेल नहीं खेल सके। हम वास्तव में कल सकारात्मक इरादे के साथ उतरे थे। बारिश ने अंतिम फैसला किया। हम काफी आश्वस्त थे। आप जानते हैं कि आखिर में बल्लेबाजी करना कितना मुश्किल है। हम हमेशा उस तरह का स्कोर चाहते थे, जहां हम चाहते थे कि विपक्षी टीम इसके लिए आगे बढ़े। सतह पर ज्यादा कुछ नहीं था। आज कोई खेल नहीं हुआ, यह हमारे लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।

पांचवें दिन का खेल देर से शुरू हुआ। बारिश के व्यवधान के कारण तीसरे और चौथे दिन ओवर गंवा दिए जाने के कारण टेस्ट श्रृंखला के अंतिम दिन की कार्यवाही सामान्य समय से 30 मिनट पहले शुरू होनी थी।

NEWS इन ब्रीफ

पाक ने श्रीलंका पर बनाई बढ़त, बारिश के कारण खेल रूका

कोलंबो। पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट मैच की अपनी पहली पारी में मंगलवार को श्रीलंका पर मामूली बढ़त हासिल कर ली, लेकिन लगातार बारिश के कारण लंच का विश्राम समय से पहले कर दिया गया। पाकिस्तान की टीम ने दिन की शुरूआत दो विकेट पर 145 रन से की। टीम ने श्रीलंका की पहली पारी के 166 रन के स्कोर को पीछे छोड़ा और जब उसका स्कोर दो विकेट पर 178 रन था तब भारी बारिश के कारण खिलाड़ियों को मैदान से बाहर जाना पड़ा। दिन के पहले सत्र में सिर्फ 43 मिनट का खेल हो सका। पाकिस्तान ने इस दौरान इस दौरान 9.5 ओवर में 33 रन बनाए।

के श्रीकांत राउंड 16 में पहुंचे, आकर्षी कश्यप बाहर

टोक्यो। शीर्ष भारतीय शटलर किदांबी श्रीकांत ने यहां चल रहे जापान ओपन 2023 बैडमिंटन टूर्नामेंट में मंगलवार को चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन को हराकर राउंड 16 में प्रवेश किया। पूर्व विश्व नं. नंबर 1 श्रीकांत ने 43 मिनट तक चले राउंड 32 के मुकाबले में चोउ तिएन चेन को 21-13, 21-13 से हराया। विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता का गुरुवार को राउंड 16 में हमवतन एचएस प्रणय और ऑल इंग्लैंड 2023 चैंपियन चीन के ली शी फेंग के बीच विजेता से मुकाबला होगा। हालाँकि, आकर्षी कश्यप महिला एकल के शुरूआती दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त अकाने यामागुची से 17-21, 17-21 से हार गईं। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और सिक्की रेड्डी चीनी ताइपे के ये होंग वेई और ली चिया सीन से 21-18, 9-21, 18-21 से हार गए।

किशोरी कैसिडो के गोल से कोलंबिया की दक्षिण कोरिया पर जीत

सिडनी। किशोरी लिंडा कैसिडो ने मंगलवार को फीफा महिला विश्व कप में अपने पहले मैच में गोल किया, जिससे कोलंबिया ने यहां दक्षिण कोरिया पर 2-0 से महत्वपूर्ण जीत हासिल की। 18 वर्षीय कैसिडो उस उम्मीद पर खरी उतरी जब उसने पहले हाफ के अंत में कोलंबिया के लिए दूसरा गोल हासिल किया। बायीं ओर से आगे बढ़ने के बाद, कैसिडो ने वापस अंदर कट किया और बॉक्स के बाहर से शॉट लिया, क्योंकि गोलकीपर यूं यंग-गेउल ने उसके सिर के ऊपर सेव को विफल कर दिया और गेंद लाइन के पार गिर गई।

सिकंदर रजा की तूफानी पारी से ब्रेव्स ने हरारे हरिकेंस को 7 विकेट से हराया

एजेंसी। हरारे

सिकंदर रजा ने नाबाद 70 रनों की शानदार पारी खेली और यहां हरारे स्पोर्ट्स क्लब में चल रहे जिम एफ्रो टी10 में एक उच्च स्कोरिंग मुकाबले में बुलावायो ब्रेव्स को हरारे हरिकेंस पर सात विकेट से जीत दिलाई। सोमवार शाम को मिली जीत ने बुलावायो ब्रेव्स को अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया। पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहा गया, हरारे हरिकेंस के सलामी बल्लेबाजों ने तूफान की गति से शुरूआत की, जिसमें एविन लुईस ने जबरदस्त शॉट खेले। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज ने बल्लेबाजी को आसान बना दिया और जैक प्रेस्टविज की गेंदबाजी को विशेष रूप से पसंद किया, पारी के दूसरे ओवर में उन पर चार छक्के लगाए। लुईस के साथ, भारतीय बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा भी बड़े हिट लगा रहे थे, क्योंकि यह जोड़ी तीसरे ओवर के ठीक बाद 50 रन के आंकड़े तक पहुंच गई। सलामी

बल्लेबाजों ने 76 रनों की बड़ी साझेदारी की, इससे पहले कि लुईस, जिन्होंने 6 छक्के और 2 चौके लगाए, और 49 रन बनाकर आउट हो गए। उथप्पा 32 रन पर आउट हुए, उन्होंने अपनी पारी में दो छक्के और चार चौके लगाए। इस समय, ब्रेव्स को विकेट की सख्त जरूरत थी और पैट्रिक डूले ने कदम बढ़ाया। उन्होंने तूफान पर ब्रेक लगाने के लिए उथप्पा और मोहम्मद नबी के विकेट लिए। इयोन मोर्गन 7 रन बनाकर आउट होने वाले अगले खिलाड़ी थे, जिसके बाद इरफान पठान (नाबाद 18) और डोनोवन फरेरा (नाबाद 21) ने तेजी से 37 रनों की साझेदारी करके हरिकेन्स को 134/4 का विशाल स्कोर बनाने में मदद की। कड़े लक्ष्य के जवाब में, ब्रेव्स ने बेन मैकडरमॉट (8) को जल्दी खो दिया, जिसके बाद कोबे हर्फ्ट और सिकंदर रजा की जोड़ी ने वापसी की। कप्तान और हर्फ्ट ने न केवल हरारे की गेंदबाजी को विफल कर दिया, बल्कि उन पर आक्रमण भी किया, और तेज गति से रन बना रहे थे। दोनों बल्लेबाजों ने चौकों और छक्कों की झड़ी लगा दी, जिसने न केवल सोमवार शाम को भीड़ का मनोरंजन किया, बल्कि मुकाबले में कांटे की टक्कर को बरकरार रखा। रजा, जिन्होंने टूर्नामेंट में बेहतरीन फॉर्म में शुरूआत की थी, खतरनाक दिख रहे थे और हर्फ्ट के साथ मिलकर यह सुनिश्चित किया था कि ब्रेव्स कभी भी अपेक्षित दर से बहुत दूर न हों। दरअसल, आखिरी तीन ओवर में ब्रेव्स को 32 रन की जरूरत थी। दूसरे विकेट की साझेदारी में ब्रेव्स के लिए 88 रन जुड़े, इससे पहले मोहम्मद नबी ने हर्फ्ट को 41 रन पर डीप में कैच कराया। उसी ओवर में, रजा ने टूर्नामेंट का अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया, क्योंकि ब्रेव्स फिनिश लाइन के करीब पहुंच गए थे। लेकिन रजा चीजें पूरी नहीं कर सके और अंत से ठीक पहले आउट हो गए, उन्होंने 21 गेंदों में 70 रन बनाए, जिसमें उन्होंने 6 छक्के और पांच चौके लगाए, वह ब्यू वेबस्टर थे जिन्होंने विजयी रन बनाए और 12 रन बनाकर नाबाद रहे।

सात्विक और चिराग शेट्टी करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व नंबर 2 रैंकिंग पर पहुंचे

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने पिछले हफ्ते कोरिया ओपन, बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 इवेंट में खिताबी जीत के बाद मंगलवार को नवीनतम बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ दूसरा स्थान हासिल किया। भारतीय जोड़ी ने दुनिया की नंबर एक इंडोनेशियाई जोड़ी फजर अल्फियान और मुहम्मद रियान अर्दियांतो पर पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत हासिल की और कोरिया ओपन 2023 पुरुष युगल खिताब जीता, जिससे उन्होंने कुल 87,211 अंकों के साथ करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की। मौजूदा एशियाई चैंपियन ने सीजन की शुरूआत वर्ल्ड नंबर 5 के रूप में की। स्विस ओपन 2023 (सुपर 300) और इंडोनेशिया ओपन 2023 (सुपर 1000) और कोरिया ओपन में जीत ने उन्हें लियांग वेई केंग और वांग चांग की चीनी जोड़ी से ऊपर कर दिया, जो एक स्थान गिरकर तीसरे नंबर पर आ गए।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 18 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम घोषित

एजेंसी। नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के लिए 18 सदस्यीय पुरुष टीम की मंगलवार को घोषणा की, जो 3 से 12 अगस्त तक चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हांगझाऊ एशियाई खेलों के लिए एक तैयारी कार्यक्रम के रूप में भी काम करेगी। टीम का नेतृत्व शीर्ष ड्रैग-फ्लिकर और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह करेंगे जबकि शानदार मिडफील्डर हार्दिक सिंह उनके डिप्टी होंगे। पीआर श्रीजेश और कृष्ण बहादुर पाठक को गोलकीपर के रूप में नामित किया गया

है, जबकि जरमनप्रीत सिंह, सुमित, जुगराज सिंह, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार और अमित रोहिदास को रक्षकों के रूप में नामित किया गया है। मिडफील्ड का नेतृत्व हार्दिक, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह और नीलकंठ शर्मा करेंगे और मनप्रीत सिंह मिडफील्ड में लौटेंगे, जिन्हें पहले प्रो लीग के यूरोपीय चरण के दौरान डिफेंडर के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। फॉरवर्ड लाइन में आकाशदीप सिंह, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह और एस कार्थी शामिल थे।

हरलीन देओल-जेमिमा रोड्रिग्स को हुआ फायदा

एजेंसी। दुबई

भारत की हरलीन देओल और जेमिमा रोड्रिग्स बांग्लादेश के खिलाफ हाल में संपन्न श्रृंखला में प्रभावी प्रदर्शन की बदौलत नवीनतम आईसीसी महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में आगे बढ़ने में सफल रहीं। तीसरा और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच विवादास्पद हालात में टाई रहने के बाद भारत और बांग्लादेश ने श्रृंखला साझा की। अंतिम एकदिवसीय मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई हरलीन 32 स्थान के फायदे से 51वें स्थान पर पहुंच गई हैं जबकि दूसरे एकदिवसीय में 86 रन की मैच विजयी पारी खेलने वाली जेमिमा

41 स्थान की लंबी छलांग के साथ 55वें पायदान पर हैं। हरलीन अंतिम एकदिवसीय में 77 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। इस मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैदानी अंपायरों पर निशाना साधा था। हरमनप्रीत को आईसीसी से सजा मिलने की संभावना है। उन्होंने अंपायरों पर निशाना साधने के अलावा आउट करार दिए जाने के बाद बल्ला स्टंप पर मारकर उपकरणों को नुकसान भी पहुंचाया था। अनुभवी दीप्ति शर्मा नौवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं। स्नेह राणा तीन स्थान के फायदे से 38वें पायदान पर हैं। पिछले मंगलवार को टॉन्टन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी महिला चैंपियनशिप श्रृंखला के अंतिम एकदिवसीय मैच में शतक जड़कर अपनी टीम को जीत दिलाने वाली इंग्लैंड की ऑलराउंडर नताली स्किवर ब्रंट करियर में पहली बार बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने में सफल रही। स्किवर ब्रंट ने 129 रन की पारी से पहले नाबाद 111 रन भी बनाए थे जिससे वह बेथ मूनी को पछाड़ने में सफल रहीं। उन्होंने ऑलराउंडर की सूची के शीर्ष पर भी वेस्टइंडीज की कंप्तान हेली मैथ्यूज पर 39 अंक की बढ़त बना ली है।

टी20 मैच | एशियाई खेलों के लिए पाक की महिला टीम घोषित

अनूषा, शवाल को कॉल-अप मिला

एजेंसी। लाहौर

बाएं हाथ की स्पिनर अनूशा नासिर और दाएं हाथ की बल्लेबाज शवाल जुल्फिकार को चीन के हांगझाऊ में होने वाले आगामी एशियाई खेलों के लिए मंगलवार को घोषित पाकिस्तान की सीनियर महिला टीम में पहली बार शामिल किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार, अनूशा और शवाल को आईसीसी अंडर19 महिला टी20 विश्व कप और उभरती महिला टीम एशिया कप में उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है।

15 खिलाड़ियों की टीम में डायना बेग भी शामिल हैं जो इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में उंगली की चोट से उबरने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रही हैं।

पाकिस्तान की महिला टीम ने 2010 में ग्वांगझू, चीन और 2014 में इंचियोन, दक्षिण कोरिया में आयोजित पिछले दो संस्करणों में

स्वर्ण पदक जीते हैं, और जब वे इस साल के आयोजन में भाग लेंगी तो उनका लक्ष्य हैट्रिक बनाना होगा। एशियाई खेल में क्रिकेट 19 से 26 सितंबर तक होने वाला है। यह आयोजन टी20 प्रारूप में खेला जाएगा। टी 20 रैंकिंग और टूर्नामेंट के नियम के अनुसार, निदा दारा की अगुवाई वाली पाकिस्तान महिला टीम क्वार्टर फाइनल से एशियाई खेलों में भाग लेगी।

पीसीबी ने कहा, सलीम जाफर, मुख्य कोच मार्क कोल्स और कप्तान निदा डार की अगुवाई वाली महिला चयन समिति के बीच विचार-विमर्श के बाद 15 सदस्यीय टीम को अंतिम रूप दिया गया। एशियाई खेलों से पहले, पाकिस्तान की महिलाएं 1 से 14 सितंबर तक कराची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टी20 और तीन वनडे (आईसीसी महिला चैंपियनशिप 2022-25 का हिस्सा) वाली घरेलू श्रृंखला में भाग लेंगी। द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। इस बीच, पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ ने एशियाई खेलों से हटने का फैसला किया है क्योंकि आयोजन के नियम और विनियम एथलीटों को अपने बच्चों को ले जाने की अनुमति नहीं देते हैं। पीसीबी ने यह भी उल्लेख किया कि आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में भाग लेने वाली आयशा नसीम ने खेल से संन्यास लेने की इच्छा व्यक्त की, जिसे बोर्ड ने स्वीकार कर लिया। मुख्य चयनकर्ता सलीम जाफर ने कहा, एशियाई खेलों के लिए हमारी टीम पाकिस्तान में महिला क्रिकेट के भविष्य का प्रतिनिधित्व करती है। उभरती प्रतिभाओं और अनुभवी प्रचारकों के मिश्रण के साथ, मुझे उम्मीद है कि खिलाड़ी इस आयोजन में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। महिला क्रिकेट की प्रमुख तानिया मलिक ने कहा, एशियाई खेलों का हिस्सा बनना हमारी टीम के लिए एक उत्साहजनक अनुभव है। यह सिर्फ प्रतियोगिता के बारे में नहीं है; यह सौहार्द, खेल भावना और गर्व के साथ देश का प्रतिनिधित्व करने के बारे में है। हमारे खिलाड़ियों ने अविश्वसनीय समर्पण और कौशल दिखाया है, और अब उनके पास तीसरी बार प्रतिष्ठित खिताब जीतकर इतिहास बनाने का सुनहरा मौका है।